# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

https://epaper.shubhamsandesh.net

रांची, सोमवार 18 अगस्त 2025 ● भाद्रपद कृष्ण पक्ष 10, संवत 2082 ● रांची एवं पटना से प्रकाशित ● वर्ष : 3, अंक : 131 ● मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12




• सूरजमुनि कुमारी

### 20 से 31 अगस्त तक भूटान में होगी सैफ अंडर-17 बालिका फुटबाल प्रतियोगिता

## गुमला की पांच सहित झारखंड की 7 बेटियां भारतीय टीम का करेंगी प्रतिनिधित्व

**निर्मल सिंह । गुमला/ रांची**


झारखंड की बेटियों ने एक बार फिर राज्य का नाम रोशन किया है. भूटान में 20 से 31 अगस्त तक होने वाली सैफ अंडर-17 बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए झारखंड की सात प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन हुआ है. इनमें गुमला जिले से पांच, रांची और हजारीबाग से एक-एक खिलाड़ी शामिल हैं. चयनित खिलाड़ियों में गुमला से सूरजमुनि कुमारी, एलिजाबेथ लकड़ा, अनीता डुंगडुंग, विनीता हीरो, वीणा कुमारी, हजारीबाग से अनुष्का कुमारी, रांची से दिव्यानी लिंडा शामिल हैं. सभी खिलाड़ी इन दिनों प्रतियोगिता की तैयारी के लिए बेंगलुरु कैंप में हैं.

**सुब्रतो कप और सैफ चैंपियनशिप की चैंपियन हैं गुमला की बेटियां :** गुमला आवासीय बालिका फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र की कोच वीणा केरकेट्टा ने बताया कि ये सभी खिलाड़ी किसान परिवारों से आती हैं और संत पैट्रिक स्कूल, गुमला में पढ़ाई कर रही हैं.

**गांव की टांड़ से नेशनल स्टेडियम का सफर :** सूरज मुनी कुमारी बिशनपुर प्रखंड के सानिया गांव निवासी महावीर उरांव की बेटी हैं. वर्ष 2020 से आवासीय बालिका फुटबाल प्रशिक्षण केंद्र से प्रशिक्षण ले रही है. वर्ष 2022 एवं 2023 की सुब्रतो कप और वर्ष 2024 में अंतरराष्ट्रीय सैफ अंडर-16 में गोल्ड मेडलिस्ट रही हैं.



• वीणा कुमारी



• एलिजाबेथ



• विनीता होरो



• अनिता डुंगडुंग

**अनीता** डुंगडुंग बसिया के ससिया गांव निवासी जेठू पुजार की पुत्री हैं और वर्ष 2022 एवं 2023 सुब्रतो मुखर्जी कप प्रतियोगिता में लगातार दो बार गोल्ड मेडल प्राप्त कर चुकी है. सैफ अंडर-16 में चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल ले चुकी हैं.


**विनीता** हीरो बानो प्रखंड निवासी कला होरो की पुत्री हैं. वह 2022 एवं 2023 में सुब्रतो मुखर्जी कप में गोल्ड मेडल प्राप्त कर चुकी हैं और खेलो इंडिया यूथ गेम 2025 में गोल्ड मेडल जीत चुकी हैं.

**एलिजाबेथ** लकड़ा बसिया प्रखंड के ममरला गांव निवासी जेवियर लकड़ा की पुत्री हैं. वह भी 2022 एवं 2023 में सुब्रतो मुखर्जी कप प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त कर चुकी है.

**वीणा** कुमारी संत पात्रिक स्कूल गुमला की 9 वीं कक्षा की छात्रा हैं. पिता का नाम रणजीत सिंह हैं. वर्ष 2024 में ड्रीम एलेवन में गोल्ड हासिल की है.

**गुमला बना बालिका फुटबॉल का हब :** सभी खिलाड़ियों ने गुमला के आवासीय प्रशिक्षण केंद्र में 2019 से फुटबॉल की ट्रेनिंग शुरू की थी और आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने जा रही हैं. यह गुमला जिले और पूरे झारखंड के लिए गौरव की बात है.

### झारखंड में बालिका फुटबॉल की मजबूत नींव



राज्य में लड़कियों की फुटबॉल को लेकर गहरी पकड़ रही है. पहले भी झारखंड की कई बेटियां अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं. ऐसे में इस बार भी उम्मीद की जा रही है कि ये खिलाड़ी भारत की टीम को सफलता दिलाने में अहम भूमिका निभाएंगी. गांवों से निकलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने वाली इन सातों बेटियों की सफलता ने पूरे झारखंड को गर्व से भर दिया है. परिजन, प्रशिक्षक और स्थानीय समुदाय उनकी इस उपलब्धि पर बेहद उत्साहित हैं और भविष्य में उनके बेहतरीन प्रदर्शन की कामना कर रहे हैं.

## ब्रीफ न्यूज

### बंगाल में 22 को पीएम नई मेट्रो रूटों का करेंगे उद्घाटन

**कोलकाता ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 22 अगस्त को पश्चिम बंगाल में नई मेट्रो रूटों का उद्घाटन करेंगे. इनमें नोआपाड़ा से जयहिंद तक नवनिर्मित येलो लाइन, हेमंत मुखर्जी से बेलियाघाटा तक ऑरेंज लाइन और सियालदह से एस्प्लेनेड तक ग्रीन लाइन-1 और 2 शामिल हैं. इसके अलावा कई नई मेट्रो ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाएंगे. इस संबंध में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विन वैष्णव ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को एक पत्र भेजा है.

### महाराष्ट्र में भारी बारिश से नदियां उफान पर

**मुंबई ।** महाराष्ट्र के कोंकण क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से रविवार को कई नदियां उफान पर बह रही हैं. इससे निचले इलाकों में बसे लोगों को डर सताने लगा है. हालांकि इन जिलों में जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है और ऐसे इलाकों में बसे लोगों को स्थानांतरित होने की अपील की जा रही है. राज्य आपदा परिचालन केंद्र ने रविवार को बताया कि रत्नागिरी जिले में पिछले दो दिनों से बारिश जारी है. चिपलून में भारी बारिश जारी है और शहर में कुछ जगहों पर सडक़ों पर बारिश का पानी जमा हो गया है.

### हिमाचल में फिर बरपा मॉनसून का कहर

**शिमला ।** हिमाचल प्रदेश में मॉनसून की तबाही लगातार जारी है. भारी बारिश, बादल फटने, भूस्खलन और बाढ़ से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है. कई जिलों में घर, दुकानें, पशुशालाएं और सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं, वहीं नदी-नाले उफान पर हैं. राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र की दैनिक रिपोर्ट के अनुसार बीते 24 घण्टों में राज्य में 71 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं. रिपोर्ट के अनुसार, रविवार शाम तक प्रदेश में तीन नेशनल हाईवे और 352 सड़कें अवरुद्ध रहीं.

विशेष पेज 12 पर...

### रोहतास में वोटर अधिकार यात्रा में बोले कांग्रेस नेता राहुल गांधी

# बिहार के चुनाव में चोरी नहीं करने देंगे, यह संविधान बचाने की है लड़ाई

- राहुल ने कहा कि ओपिनियन पोल कह रहे थे महाराष्ट्र में महागठबंधन चुनाव जीतेगा. लोकसभा में महागठबंधन जीतता है, लेकिन चार महीने में उसी क्षेत्र में हम हारते हैं.

**संवाददाता । डेहरी आन सोन**

बिहार में गहन मतदाता पुनरीक्षण के खिलाफ राहुल गांधी की 'वोट अधिकार यात्रा' रविवार को रोहतास जिले के डेहरी आन सोन स्थित सुआरा हवाई अड्डा से शुरू हुई. इस दौरान यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह संविधान बचाने की लड़ाई है. पूरे देश में भाजपा संविधान को मिटाने पर तुली हैं. जहां भी चुनाव होता है, ये जीतते हैं. राहुल ने कहा कि ओपिनियन पोल कह रहे थे महाराष्ट्र में महागठबंधन चुनाव जीतेगा. लोकसभा में महागठबंधन जीतता है, लेकिन चार महीने में उसी क्षेत्र में हम हारते हैं. हर चुनाव में भाजपा ने वोट चोरी किया है. हमने पता लगवाया तो पता चला कि लोकसभा चुनाव के बाद इलेक्शन कमीशन के जादू से एक करोड़ फर्जी वोट आ गए.

**आयोग जो कर रहा है, वो सबको पता है :** उन्होंने कहा कि बिहार के लोग वोट चोरी नहीं करने देंगे. क्योंकि गरीब-कमजोर लोगों के पास सिर्फ वोट का हक है. आयोग जो कर रहा है, वो सबको पता है. इलेक्शन कमीशन को हम ये नहीं करने देंगे. उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार अरबपतियों के साथ सरकार चलाती है. आपका पूरा धन 5-6 अरबपतियों को दिया जाता है. उन्होंने कहा कि किसी भी कीमत पर बीजेपी को, जो चोरी ही करता है उसको नहीं आने देना है. सभी लोग एक हो जाइए. एक होकर राहुल गांधी, तेजस्वी यादव सभी मिलकर एकजुट होकर इसको (एनडीए) को उखाड़कर फेंकिए, लोकतंत्र को मजबूत होने दीजिए.

### आपके वोट की कोई साधारण चोरी नहीं, बल्कि सीधी डकैती है : तेजस्वी



इस मौके पर बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने चुनाव आयोग पर सीधा हमला बोला. उन्होंने कहा कि यह आपके वोट की साधारण चोरी नहीं, बल्कि सीधी डकैती है. बिहारियों को चूना लगाना चाहते हैं ये लोग. लेकिन यह बिहार है, जहां चूना खैनी के साथ रगड़ा जाता है. बिहारी गरीब जरूर है, लेकिन यहां का बच्चा-बच्चा तीखी मिर्ची वाला काम करता है. हम किसी कीमत पर बेइमानी नहीं होने देंगे.

**बिहार लोकतंत्र की जन्मभूमि है :** मौके पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि यह यात्रा बिहार के 25 जिलों में जाएगी और एक सितंबर को पटना में विशाल रैली के साथ इसका समापन होगा. उन्होंने कहा कि बिहार लोकतंत्र की जन्मभूमि है. संविधान बचाने व लोकतंत्र बचाने में सभी को सहयोग करना चाहिए. सासाराम बाबू जगजीवन राम और उसके बाद मीरा कुमार की कर्म भूमि रही है. कांग्रेस ने मीरा कुमार को लोकसभा का स्पीकर बनाकर सम्मान देने का काम किया. कांग्रेस





सबको सामान अधिकारी देती है. केंद्र सरकार वोट के अधिकार को छीन रही है.

**भाजपा को भगाइए हमारी पार्टी को जिताइए :** राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू यादव ने कहा कि चोरों को हटाइये, भाजपा को भगाइए हमारी पार्टी को जिताये. किसी भी कीमत पर भाजपा को सता में नहीं आने देना है. मौके पर सभा को सीपीआई एमएल के दीपांकर भट्टाचार्य, कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल, कन्हैया कुमार, वीआईपी के मुकेश सहनी, मंगनी लाल मंडल, पी संतोष, सुहासिनी अली, अब्दुलबारी सिद्दीकी, कुणाल, कृष्ण अल्लावारू, राजेश राम, कांति सिंह समेत महागठबंधन के तमाम बड़े नेताओं सांसदों-विधायकों ने संबोधित किया. सभा उपरांत कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लालू प्रसाद ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया.

### राहुल पर सीईओ ज्ञानेश ने साधा निशाना, कहा-

## 7 दिन में हलफनामा देना होगा या देश से माफी मांगनी होगी

**नयी दिल्ली ।** मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईओ) ज्ञानेश कुमार ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए बड़ा बयान दिया है. उन्होंने राहुल गांधी का नाम लिए बगैर कहा कि उन्होंने



चुनाव आयोग और मतदाता सूची को लेकर जो आरोप लगाए हैं, वह निराधार और झूठे हैं. अगर उनके पास अपने दावे का सबूत है, तो उन्हें 7 दिन के भीतर शपथपत्र (हलफनामा) देना होगा, अन्यथा उन्हें पूरे देश से माफी मांगनी होगी. उन्होंने कहा कि, मतदाता सूची को शुद्ध करना एक साझा ज़िम्मेदारी है, लेकिन बिहार में चूंकि हमारे बूथ लेवल अधिकारियों ने बूथ लेवल एजेंटों और राजनीतिक दलों के साथ मिलकर काम किया. उन्होंने कहा कि एक पीपीटी दिखाकर, जिसमें चुनाव आयोग के आंकड़े नहीं हैं, गलत तरीके से विश्लेषण करना और यह कहना कि किसी महिला ने दो बार मतदान किया है, एक बेहद गंभीर आरोप है. उन्होंने कहा कि बिना हलफनामे के ऐसे संगीन आरोपों पर चुनाव आयोग कार्रवाई नहीं कर सकता, क्योंकि यह संविधान और चुनाव आयोग, दोनों के विरुद्ध होगा. उन्होंने कहा, 'मेरे सारे वोटरों को अपराधी बनाना और चुनाव आयोग शांत रहे? ये संभव नहीं है. हलफनामा देना होगा, ये देश से माफी मांगनी होगी, तीसरा विकल्प नहीं है. अगर सात दिन में हलफनामा नहीं मिला तो इसका अर्थ ये है कि ये सारे आरोप निराधार हैं.

### पीएम मोदी ने दिल्ली और एनसीआर में दो महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का किया उद्घाटन, बोले

## कुछ लोग हमें मिले जनता के आशीर्वाद को पचा नहीं पा रहे

- एसआईआर विवाद के बीच पीएम मोदी का विपक्ष पर तंज

**एजेंसी । नयी दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) को लगभग 11 हजार करोड़ रुपये की सौगात दी. उन्होंने दो महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन किया. इन परियोजनाओं में दिल्ली खंड का द्वारका एक्सप्रेसवे और अर्बन एक्सटेंशन रोड-2 (यूईआर-2) शामिल हैं. इस मौके पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी उपस्थित रहे.

इस दौरान पीएम ने एक जनसभा को भी संबोधित किया. उन्होंने कहा कि आज भाजपा की सरकार दिल्ली के चारो तरफ है. यह दिखाता है जनता का आशीर्वाद हमारे साथ है. यही आशीर्वाद कुछ लोग बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं. वे जनता से दूर हो चुके हैं. जमीन से दूर हो चुके हैं. प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि एक्सप्रेस वे का नाम द्वारका, जहां ये कार्यक्रम हो रहा है, उस स्थान का नाम रोहिणी, जन्माष्टमी का उल्लास और संयोग से मैं भी द्वारिकाधीश की भूमि से हूं. पूरा माहौल कृष्णमय हो गया है. अगस्त के ये महीना आजादी और क्रांति के रंग में रंगा होता है. आजादी के इसी महोत्सव के बीच आज देश की राजधानी दिल्ली, देश में हो रही विकास क्रांति की साक्षी बन रही है. उन्होंने कहा, 'थोड़ी देर पहले दिल्ली को द्वारका एक्सप्रेस वे और अर्बन एक्सटेंशन रोड की कनेक्टिविटी मिली है. इससे दिल्ली के, गुरुग्राम के और पूरे एनसीआर के लोगों की सुविधा बढ़ेगी. दफ्तर आना-जाना, फैक्ट्री आना-जाना और आसान होगा, सभी का समय बचेगा. हमारे व्यापारी, कारोबारी और किसानों को विशेष लाभ होने वाला है.

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का भारत क्या सोच रहा है, उसके सपने और संकल्प क्या हैं? ये सबकुछ आज पूरी दुनिया अनुभव कर रही है. दिल्ली को बेहतरीन शहर बनाने का जो बीड़ा हमने उठाया है, वो निरंतर जारी है.

## बिग बॉस विनर यूट्यूबर एल्विश के घर पर फायरिंग

### बाइक सवार बदमाशों ने बरसाई गोलियां

**गुरुग्राम ।** यूट्यूबर एल्विश यादव के घर पर रविवार सुबह लगभग 5 से 6



बजे के बीच अज्ञात हमलावरों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की और मौके से फरार हो गए. फायरिंग की सूचना के तुरंत बाद पुलिस मौके पर पहंची और जांच शुरू कर दी. घटना को लेकर पुलिस सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है. जानकारी के अनुसार रविवार सुबह बिग बॉस विनर यूट्यूबर एल्विश के सेक्टर-57 स्थित घर पर बाइक सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने 10 से 12 राउंड गोलियां चलाई.हालांकि किसी को कोई जानमाल की हानि नहीं हुई है. एल्विश भी उस वक्त घर पर मौजूद नहीं थे. पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई. एल्विश के घर पर सुबह तीन बदमाश बाइक पर सवार होकर आए थे.

### भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की स्वदेश वापसी, दिल्ली एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत, मां बोली-

## हमारा महीनों का इंतजार पूरा हुआ; पिता बोले गर्व की बात

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की अपनी ऐतिहासिक यात्रा के बाद रविवार सुबह अपने वतन भारत लौट आए. शुभांशु शुक्ला पिछले एक साल से आईएसएस के लिए एक्सिओम-4 मिशन के प्रशिक्षण के लिए अमेरिका में थे. उनका दिल्ली में हवाई अड्डे पर केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और इसरो अध्यक्ष वी. नारायणन ने स्वागत किया. शुभांशु के बैकअप अंतरिक्ष यात्री प्रशांत बालकृष्णन नायर भी स्वदेश लौट आए.

**मोदी से मिल सकते हैं शुभांशु :** शुभांशु शुक्ला के जल्द ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिल सकते हैं. इसके बाद वे अपने गृहनगर लखनऊ के लिए रवाना हो सकते हैं. बताया जा रहा है कि शुभांशु 22-23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस समारोह में भाग लेने के लिए वापस राजधानी लौट सकते हैं. इससे पहले शनिवार को शुभांशु शुक्ला ने इंस्टाग्राम पर हवाई जहाज में बैठे हुए अपनी एक मुस्कुराती हुई तस्वीर पोस्ट की थी, जिसमें उन्होंने लिखा था कि अमेरिका छोड़ते समय उनके मन में मिलीजुली भावनाएं थीं. वे अपना अनुभव देशवासियों के साथ साझा करने के लिए भारत लौटने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं.



उन्होंने लिखा, 'भारत वापस आने के लिए विमान में बैठते ही मेरे मन में मिलीजुली भावनाएं उमड़ रही थीं. मुझे उन शानदार लोगों को पीछे छोड़कर जाने का दुख हो रहा है, जो इस मिशन के दौरान पिछले एक साल से मेरे दोस्त और परिवार थे. मैं मिशन के बाद पहली बार अपने सभी दोस्तों, परिवार और देश के सभी लोगों से मिलने के लिए भी उत्साहित हूं.'

वहीं पिता शंभु दयाल शुक्ला ने कहा कि मुझे बहुत खुशी है कि बेटा अपने मिशन में सफल होकर भारत लौट रहा है. हमारी इच्छा उससे जल्द से जल्द मिलने की है, इसलिए हम लोग दिल्ली जा रहे हैं. हमारे जीवन का यह यादगार पल है कि हमारा बेटा अपने मिशन में कामयाब होकर देश लौट रहा है. उन्होंने आगे कहा कि गगनयान के लिए पीएम मोदी की ओर से शुभांशु शुक्ला को पहले ही संकेत दिया जा चुका है. गगनयान का मिशन चल रहा है और 2027 में जाने का उनका विचार है. इस मिशन से वे पहले से जुड़े हुए थे लेकिन अब वे इसे लीड करेंगे. वे अब इसकी तैयारी में लगेंगे और 2027 में मिशन को लेकर जाएंगे. शुभांशू शुक्ला की माता आशा शुक्ला ने कहा कि हम बीते एक महीने से इंतजार कर रहे थे कि कब वे भारत वापस लौटेंगे; अब जब वो आ रहे हैं तो हमें काफी खुशी हो रही है. वे कहां रहेंगे ये तो इसरो ही बता सकता है. हमें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है. मेरे बेटे को पहले ही गगनयान मिशन के लिए चुना गया था.

### आपसी विवाद में न्यूयॉर्क के होटल में गोलीबारी तीन की मौत, आठ घायल

**वॉशिंगटन डीसी ।** अमेरिका के न्यूयॉर्क में रविवार को कई बंदूकधारियों ने ब्रुकलिन के एक होटल में लोगों पर गोलीबारी कर दी, जिसमें 3 लोग मारे गए और 8 घायल हो गए. ब्रुकलिन पुलिस कमिश्नर के मुताबिक, आपसी विवाद के बाद इस घटना को अंजाम दिया गया. मरने वाले तीनों पुरुष हैं. घायलों को फौरन पास के अस्पतालों में एडमिट किया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है. पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है, लेकिन अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है. घटनास्थल से 36 कारतूस और एक बंदूक बरामद हुई है. पुलिस सीसीटीवी की मदद से सबूत जुटा रही है. जिस होटल में गोलीबारी की गई उसका नाम 'टेस्ट ऑफ द सिटी लाउंज' है, इसे 2022 में खोला गया था और यह अमेरिकी और कैरेबियन व्यंजनों, हुक्का, बार और डीजे म्यूजिक के लिए फेमस है.

### भाजपा संसदीय दल की बैठक में लिया फैसला

## सीपी राधाकृष्णन होंगे एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार होंगे. रविवार को



हुई भाजपा संसदीय दल की बैठक में उनके नाम पर सहमति बनी. नड्डा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राधाकृष्णन के नाम का ऐलान किया. बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत कई नेता मौजूद थे. राधाकृष्णन 21 अगस्त को नामांकन दाखिल करेंगे. मौके पर एनडीए शासित राज्यों के सभी मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री भी मौजूद रहेंगे. उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए 9 सितंबर को वोटिंग होगी. उसी दिन काउंटिंग भी होगी. नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 21 अगस्त है. 25 अगस्त तक उम्मीदवारी वापस ली जा सकती है. दरअसल, जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई की रात अचानक उपराष्ट्रपति के पद से इस्तीफा दे दिया था. 74 साल के धनखड़ का कार्यकाल 10 अगस्त 2027 तक था. बता दें कि चुनाव आयोग ने एक अगस्त को उपराष्ट्रपति के चुनाव की तारीखों का ऐलान किया. अधिसूचना 7 अगस्त को जारी हुई. अधिसूचना जारी होते ही नामांकन शुरू हो जाता है. नामांकन की आखिरी तारीख 21 अगस्त है. 25 अगस्त को कैंडिडेट नामांकन वापस ले सकता है.

## 10 लेन सड़क निर्माण को लेकर विस्थापितों में आक्रोश



शुभम संदेश। रांची

हटिया विस्थापित परिवार समिति की ओर से रविवार को कुटे में महत्वपूर्ण बैठक की गई. समिति के अध्यक्ष पंकज शाहदेव की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में 10 लेन सड़क निर्माण के कारण उत्पन्न हो रहे विस्थापन और रोजगार छिनने की आशंका को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की गई. बैठक की शुरुआत में दिवंगत पूर्व शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई. इसके बाद सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मंत्री के निधन के कारण पूर्व निर्धारित विधायक आवासीय परिसर में धरना कार्यक्रम को फिलहाल स्थगित किया जाएगा. बैठक में समिति के अध्यक्ष पंकज शाहदेव ने स्पष्ट किया कि विस्थापितों की मांग पूरी तरह जायज है और सरकार को इसे स्वीकार करना होगा. उन्होंने कहा कि यह लड़ाई सड़क से लेकर उच्चतम न्यायालय तक लड़ी जाएगी और बिना रैयत की अनुमति एक भी घर नहीं टूटने दिया जाएगा. महासचिव सह झामुमो नेता कलाम आजाद ने विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस मुद्दे का समाधान शीघ्र निकालेंगे. सचिव महावीर मुंडा ने कहा कि सरकार को 10 लेन सड़क के लिए वैकल्पिक मार्ग तलाशना चाहिए, ताकि विस्थापितों को दोबारा उजड़ने से बचाया जा सके. बैठक को विजय सिंह, विनय उरांव, कालीचरण लोहार, प्रतीमा उरांव समेत कई अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया. मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुषों की भागीदारी रही.

# 27 अगस्त से झारखंड के व्यापारी अपने प्रतिष्ठानों में 'हम स्वदेशी सामग्री बेचते हैं' का बोर्ड लगाएंगे

### लोकल फॉर वोकल का संकल्प अब धरातल पर दिख रहा है : संजय सेठ

शुभम संदेश। रांची

रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भर भारत की ओर तेजी से बढ़ रहा है. लोकल फॉर वोकल का संकल्प अब धरातल पर दिख रहा है. छोटे-छोटे व्यवसायी यदि अपने प्रतिष्ठान पर 'हमारे यहां स्वदेशी सामग्री बिकती है' का बोर्ड लगाएं, तो यह अभियान मजबूत होगा. इस अभियान को गति देने के लिए उन्होंने झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि यह देश का पहला चैंबर है, जिसने आत्मनिर्भर भारत की दिशा में ठोस पहल की है. सेठ रविवार को फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज सबागार में मीडिया से बात कर रहे थे.



चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने कहा कि 27 अगस्त से झारखंड के व्यापारी अपने प्रतिष्ठानों में "हम स्वदेशी सामग्री बेचते हैं" का बोर्ड लगाएंगे. उन्होंने कहा कि यह कदम आत्मनिर्भर भारत की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा. रक्षा राज्यमंत्री ने यह भी कहा कि आगामी 27 अगस्त को स्टिकर लॉन्च कर, स्वयं भी चैम्बर के साथ मिलकर प्रतिष्ठानों में जाकर स्टिकर लगाकर दुकानदारों को स्वदेशी के लिए प्रोत्साहित करेंगे.

महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि व्यापारी वर्ग आत्मनिर्भर भारत का आधार है. उन्होंने कहा कि जब-जब देश को ज़रूरत हुई है, व्यापारियों ने आगे बढ़कर योगदान दिया है. लोकल फॉर वोकल को चैंबर हर स्तर पर आगे बढ़ाएगा. 27 अगस्त से सभी व्यापारी अपने प्रतिष्ठानों में स्वदेशी बोर्ड लगाएंगे. यह कदम न सिर्फ छोटे कारोबारियों को ताकत देगा, बल्कि झारखंड की अर्थव्यवस्था को भी नई दिशा देगा.

### देश रक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है : महेश पोद्दार

पूर्व अध्यक्ष महेश पोद्दार ने कहा कि आज देश रक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है. प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भरता की दिशा में मज़बूत कदम बढ़ा रहा है. उन्होंने व्यापारियों से स्वदेशी का संकल्प लेने की अपील करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा हाल ही में जीएसटी दरों में कमी की घोषणा से व्यापारियों और उपभोक्ताओं दोनों को लाभ होगा. इससे न केवल व्यापार सुगम होगा, बल्कि उद्योग जगत को भी प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त मिलेगी. **सह सचिव विकास विजयवर्गीय** ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान में व्यापारी वर्ग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है. चैंबर का संकल्प है कि हम स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देकर न केवल व्यापार को सशक्त करेंगे बल्कि झारखंड की अर्थव्यवस्था को भी नई ऊर्जा देंगे. प्रेस वार्ता में झारखंड चैंबर के पूर्व अध्यक्ष आरके सरावगी, महेश पोद्दार, पवन शर्मा, कुणाल अजमानी, कार्यकारिणी सदस्य राम बांगड़, रोहित पोद्दार, मुकेश अग्रवाल, शैलेश अग्रवाल, अमित शर्मा सदस्य आरके. गड़ोदि, किशन अग्रवाल, कुणाल विजयवर्गीय, सुनील गुप्ता, प्रमोद सारस्वत और अरुण जोशी शामिल थे.

उन्होंने यह भी कहा कि झारखंड चैंबर की ओर से कार्यकारिणी सदस्य राम बांगड़ इस अभियान को गति देने में मुख्य भूमिका में रहेंगे.

### सूर्या हांसदा एनकाउंटर मामले की सच्चाई जानने भाजपा की सात सदस्यीय टीम पहुंची गोड्डा

# एनकाउंटर मामले की जांच रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में समिति बनाकर हो : अर्जुन मुंडा

**मुंडा बोले**

- दोबारा पोस्टमार्टम कराकर रिपोर्ट तैयार की जाए
- न्याय दिलाने के लिए भाजपा आंदोलन का सहारा लेगी
- राज्य सरकार की जांच एजेंसी पर भरोसा नहीं

परिजनों से मुलाकात कर घटना के संबंध में ली विस्तृत जानकारी





शुभम संदेश। रांची

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के निर्देशानुसार प्रदेश भाजपा द्वारा सूर्या हांसदा एनकाउंटर मामले की जांच हेतु गठित सात सदस्यीय समिति ने रविवार को गोड्डा का दौरा किया. समिति में पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही, पूर्व मंत्री रणधीर सिंह, पूर्व सांसद सुनील सोरेन, पूर्व विधायक अमित मंडल और अनिता सोरेन शामिल थे. समिति के सदस्यों के साथ भाजपा नेता लॉबिन हेंब्रम भी थे. समिति के सदस्यों ने स्व सूर्या हांसदा के परिजनों से मुलाकात की और उस स्कूल का भी दौरा किया जो स्व सूर्या हांसदा के द्वारा चलाया जा रहा था. बच्चों से भी समिति के सदस्यों ने जानकारी प्राप्त की.

बाद में मीडिया से बात करते हुए राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता अर्जुन मुंडा ने राज्य सरकार और राज्य की पुलिस पर निशाना साधते हुए गंभीर आरोप लगाए. मुंडा ने कहा कि स्व सूर्या हांसदा का परिवार ललमटिया क्षेत्र के पारंपरिक मांझी परिवार से आता है. यह परिवार परंपरागत स्वशासन व्यवस्था का प्रधान है. अब उनकी माता जी इस दायित्व को निभा रही हैं. इस नाते इस परिवार के द्वारा सामाजिक सांस्कृतिक दायित्वों का निर्वहन किया जाता है. स्व सूर्या हांसदा यहां के विस्थापितों की समस्याओं सहित कई सामाजिक मुद्दों को लगातार उठाते रहे थे, जिसके कारण उन पर कई मुकदमे दर्ज हुए.

### 14 मुकदमों में सूर्या हांसदा को बरी किया गया था

मुंडा ने कहा कि 14 मुकदमों में उनको बरी किया गया था. लेकिन इनके खिलाफ साजिश करने वाले रुके नहीं. कई घटनाओं में इनका नाम जानबूझकर साजिश के तहत जोड़ा जाता रहा है.विगत 27 मई को स्व सूर्या हांसदा पर जो मुकदमा दर्ज हुआ वह पूरी तरह झूठा था. वे उस दिन अपने बच्चे का जन्मदिन परिवार के साथ मना रहे थे. फर्जी केस दर्ज कर पुलिस उनको ढूंढने लगी और बिना कोर्ट वारंट के गिरफ्तार करते हुए साजिश के तहत उन्हें मार दिया गया.

### पुलिस का बयान और आम जनता के विचार में काफी विरोधाभास है

पूर्व सीएम ने कहा कि पुलिस का बयान और आम जनता के विचार में पूरी तरह विरोधाभास है .पुलिस जिसे अपराधी बता रही है, उनका चरित्र समाज सेवा का रहा है. वे एक विद्यालय का सफल संचालन करते थे, जिसमें लगभग 350 बच्चे पढ़ते हैं. शिक्षा के माध्यम से समाज की सेवा करने वाले को राज्य पुलिस साजिश के तहत अपराधी बता रही. आखिर पढ़ाता वही है, जो समाज का भविष्य गढ़ना चाहता है. कहा कि स्व सूर्या हांसदा राजनीतिक कार्यकर्ता भी थे और लोकतांत्रिक तरीके से उन्होंने चुनाव भी लड़े थे. यह एनकाउंटर नहीं, साजिश के तहत हत्या है. और यह राज्य का सवाल है.

**सरकार के इशारे पर पोस्टमार्टम में भी गड़बड़ी:** मुंडा ने कहा कि सरकार के इशारे पर पोस्टमार्टम में भी गड़बड़ी की गई है. पूछने पर स्थानीय लोगों ने स्पष्ट कहा कि प्रशासन लीपापोती करने में जुट गया है. कहा जनता और स्व सूर्या हांसदा के परिवार को राज्य सरकार की जांच पर भरोसा नहीं है. इसलिए राज्य सरकार पहले दोबारा पोस्टमार्टम कराकर रिपोर्ट तैयार करे और फिर हाइकोर्ट के रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में जांच समिति बनाकर घटना की निष्पक्ष जांच कराए.मुंडा ने स्व सूर्या हांसदा के परिजनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी मांग की. उन्होंने कहा कि यदि राज्य सरकार खुद को आदिवासी समाज की हितैषी मानती है,पारंपरिक व्यवस्था की हिमायती मानती है तो फिर स्पष्टीकरण दे.कहा कि अगर राज्य सरकार इसपर पुनर्विचार नहीं करती है तो भाजपा आने वाले दिनों में न्याय दिलाने केलिए बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होगी.

## एक नजर

### सेवा करने वाली निर्दोष ननों को अपराधी बताना मानवता के खिलाफ: आलोक दुबे

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव आलोक कुमार दुबे ने छत्तीसगढ़ के दुर्ग में दो निर्दोष ननों की गिरफ्तारी और जेल भेजे जाने की घटना को लोकतंत्र व संवैधानिक अधिकारों पर सीधा हमला बताया है. उन्होंने कहा कि, "ईसाई धर्मावलंबियों की पहचान हमेशा सेवा और समर्पण से रही है. जिन बहनों ने समाजसेवा में अपना जीवन लगाया, उन्हें झूठे आरोपों में फंसाकर अपमानित करना किसी भी तरह से स्वीकार्य नहीं है. आलोक दुबे ने आरोप लगाया कि दक्षिणपंथी ताकतें सुनियोजित तरीके से ईसाई समुदाय को टारगेट कर रही हैं, और पुलिस इस पूरे मामले में मूकदर्शक बनी रही.उन्होंने कहा कि जिस महिला के बयान पर मामला दर्ज हुआ था, उसने भी स्पष्ट कर दिया कि दोनों नन निर्दोष हैं, फिर भी उन्हें जेल की सलाखों के पीछे धकेल दिया गया."यह सिर्फ दो ननों का मामला नहीं है, बल्कि पूरे देश में धार्मिक स्वतंत्रता और संविधानिक अधिकारों की रक्षा का प्रश्न है.आलोक दुबे ने घटना की घोर निंदा करते हुए ऑल चर्चेस कमेटी, रांची की मांग का समर्थन किया और कहा कि कांग्रेस पार्टी हर स्तर पर ईसाई समुदाय के साथ खड़ी है.



### सस्ती बिजली की अनदेखी क्यों? सिकिदरी जल विद्युत संयंत्र की उपेक्षा क्यों : अजय राय

**रांची।** झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ ने राज्य सरकार पर सिकिदरी स्थित जल विद्युत परियोजना की उपेक्षा का गंभीर आरोप लगाया है. संघ के अध्यक्ष अजय राय ने रविवार को कहा कि झारखंड के पास सस्ती और स्वच्छ बिजली उत्पादन की पूरी क्षमता है, फिर भी सरकार बाहर से महंगे दामों पर बिजली खरीद रही है, जिससे अब तक राज्य को करीब 6000 करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है. राय ने सवाल उठाया कि जब वर्ष 2018 में संयंत्र आंशिक रूप से चालू हुआ था, तब बिजली उत्पादन की लागत मात्र 0.87 रुपये प्रति यूनिट थी. इसके बावजूद, आज जब डैम पानी से लबालब भरा है, संयंत्र को बंद रखना समझ से परे है. उन्होंने इसे भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी और लालफीताशाही का नतीजा बताया. राय ने पूछा कि यदि सरकार ईमानदार है, तो इतने बड़े नुकसान पर अब तक चुप्पी क्यों साधी गई है? उन्होंने मुख्यमंत्री से संयंत्र को तत्काल चालू कराने, उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने और राज्यहित में निर्णायक कदम उठाने की मांग की.



### कल झारखंड के दक्षिण-पश्चिमी जिलों में भारी बारिश के आसार, येलो अलर्ट जारी

**रांची।** झारखंड के दक्षिणी-पश्चिमी जिलों में मंगलवार 19 अगस्त को कहीं-कहीं भारी बारिश की संभावना है. मौसम विभाग ने पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला-खरसावां, पलामू, गढ़वा और लातेहार जिलों के लिए अलर्ट जारी किया है.इन क्षेत्रों में गरज के साथ आकाशीय बिजली गिरने और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की भी चेतावनी दी गई है. इसे लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है. इससे पहले रविवार को रांची और आसपास के इलाकों में मौसम साफ रहा और धूप खिली रही. इसके चलते राजधानी में हल्की गर्मी और उमस बनी रही. रांची का अधिकतम तापमान 27.4 डिग्री सेल्सियस, जमशेदपुर में 33.1, बोकारो में 32.5 और चाईबासा में 31.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया.

### बिहार में शुरू "वोट अधिकार यात्रा" में शामिल होंगे झारखंड प्रदेश कांग्रेस के नेता, विधायक

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस कमेटी रे नेका लोकतांत्रिक मूल्यों एवं संविधान प्रदत्त मताधिकार की सुरक्षा एवं जागरूकता के उद्देश्य से निकाली जा रही "वोट अधिकार यात्रा" में शामिल होंगे. यह जानकारी देते हुए मीडिया चेयरमैन सतीश पौल मुजनी ने बताया कि यात्रा में हिस्सा लेने के लिए 19 अगस्त को प्रातः 6:30 बजे रांची से झारखंड कांग्रेस की टीम प्रस्थान करेगी और 8:30 बजे बरही चौक पर पहुंचेगी. वहां से सुबह 9 बजे बिहार के गया जिले में वोट अधिकार यात्रा में टीम में शामिल नेता हिस्सा लेंगे.

### सहायक आचार्य नियुक्ति की काउंसलिंग 19 अगस्त को

**रांची।** सहायक आचार्य नियुक्ति की काउंसलिंग 19 अगस्त को होगी. रांची जिला प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार जेएसएससी के अंतर्गत इंटरमीडिएट प्रशिक्षित सहायक आचार्य कक्षा 1 से 5 तथा स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य कक्षा 6 से 8 के भाषा विषय के सफल घोषित एवं अनुशंसित अभ्यर्थियों की जिला स्तरीय काउंसिलिंग होगी. काउंसिलिंग की प्रक्रिया समाहरणालय भवन, ब्लॉक-ए के कमरा संख्या जी-14 और जी-15 में रखी गई है. इसमें क्रमांक 1 से 50 के गणित एवं विज्ञान के अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग 10 बजे से होगी. वहीं, क्रमांक 51 से 111 के अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग 2:30 बजे से होगी. कुल 111 सफल अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग होनी है.

### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के कार्यकाल का एक साल पूरा, मोरहाबादी में सम्मान समारोह

# हम सब एकजुट होकर काम करेंगे, पार्टी को और सशक्त बनाएंगे : कमलेश

शुभम संदेश। रांची

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के अध्यक्ष के रूप में नेतृत्व के एक वर्ष पूरे होने पर रविवार को राजधानी रांची के मोरहाबादी स्थित चिल्ड्रेन पार्क में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का नेतृत्व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव आलोक कुमार दूबे एवं मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने किया. सम्मान समारोह में अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि यह केवल मेरा नहीं, हम सबका एक वर्ष का कार्यकाल है. हम सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी को ग्रासरूट लेवल तक मज़बूत बनाने के लिए एकजुट होकर काम करेंगे. हाईकमान से जो भी आदेश आएगा, हम सभी उसका पालन करेंगे और जनता के बीच पार्टी को और सशक्त बनाएंगे.

आलोक दुबे ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष बनने के साथ ही विधानसभा चुनाव सर पर थे. ऐसे समय में कई प्रकार की अटकलों को विराम देते हुए, प्रदेश



अध्यक्ष केशव महतो कमलेश एवं विधायक दल नेता डॉ. रामेश्वर उरांव की जोड़ी ने झारखंड में एक बार फिर मजबूत सरकार बनाने में महती भूमिका निभाई.कमलेश के कार्यकाल के दौरान ही "जय भीम, जय बापू, जय संविधान" के नारे के तहत आयोजित ऐतिहासिक रैली ने झारखंड की राजनीति में नई ऊर्जा भर दी. इस रैली में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी शिरकत की. शायद यह झारखंड की राजनीति में पहला अवसर था जब कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में स्वयं राष्ट्रीय अध्यक्ष शामिल हुए.

सम्मान समारोह में कार्यकर्ताओं ने बड़े उत्साह और जोश के साथ अध्यक्ष का स्वागत किया और उनके नेतृत्व में कांग्रेस संगठन को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया. उपस्थित नेताओं ने कहा कि बीते एक वर्ष में केशव महतो कमलेश जी ने संगठन को गांव-गांव तक सक्रिय करने का काम किया है और आने वाले समय में कांग्रेस को नई ऊंचाई तक ले जाने का लक्ष्य तय किया गया है.

मौके पर विधायक सुरेश बैठा, ममता देवी, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर, नगर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ कुमार राजा, ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो, अशोक चौधरी,विनय सिन्हा दीपू, अभिलाष साहू, राजन वर्मा, डॉ तौसिफ, यशस्विनी साहू,सुरेंद्र सिंह,बलजीत सिंह बेदी, रवींद्र सिंह, सतीश केडिया,राकेश तिवारी, परवेज आलम,निरंजन पासवान,बजेन्द्र सिंह, शमशेर आलम, संजीत यादव, अमरेंद्र सिंह, फिरोज रिजवी मुन्ना,होनी सिंह मुंडा, सुभाष उपाध्याय, सूर्यकांत शुक्ला, सतीश पाल मुंजिनी,संजय कुमार,मदन महतो,केदार पासवान,लाल बाबू सिंह आदि मौजूद थे.

### टीसीआई की बैठक : देशभर से आये आदिवासी फिल्मकार, निर्माता और तकनीकी विशेषज्ञों ने लिया हिस्सा

# आदिवासी फिल्मों का नया दौर, संघर्ष व संस्कृति की कहानियां अब बड़े पर्दे पर

शुभम संदेश। रांची

देश के कोने-कोने से आये आदिवासी फिल्मकारों, निर्माताओं और तकनीकी विशेषज्ञों ने 'ट्राइबल सिनेमा ऑफ इंडिया (टीसीआई)' की एक अहम बैठक में हिस्सा लिया, जो झारखंड के खूंटी रोड स्थित घसीबारी गांव में हुई. यह बैठक न केवल आदिवासी सिनेमा के भविष्य को लेकर एक निर्णायक क्षण साबित हुई, बल्कि इससे जनजातीय समुदाय के सामाजिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहलुओं को सिनेमा के माध्यम से मुख्यधारा में लाने की ठोस रणनीतियां भी



बनीं.बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आगामी फिल्म परियोजनाओं का केंद्रीय विषय आदिवासी समाज से जुड़े संघर्ष, सांस्कृतिक धरोहर और ऐतिहासिक नायक होंगे. साथ ही बायोपिक और सामाजिक विषयों पर आधारित फिल्मों के माध्यम से आदिवासी दृष्टिकोण को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों तक ले जाने की योजना बनाई गई है.

फिल्मकारों ने इस पहल को आदिवासी कलाकारों, लेखकों और तकनीकी विशेषज्ञों के लिए एक साझा मंच बताया, जो उनकी प्रतिभा, पहचान और सामाजिक संदेशों को दर्शकों तक पहुंचाने का माध्यम बनेगा। यह भी स्पष्ट किया गया कि इन परियोजनाओं में स्थानीय कलाकारों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिससे जमीनी स्तर पर प्रतिभाओं को सामने लाया जा सके.

फिल्मकारों ने कहा कि टीसीआई की इस बैठक को आदिवासी सिनेमा के लिए एक मील का पत्थर साबित हो सकती है. आने वाले समय में जब पर्दे पर जनजातीय कहानियां, संघर्ष और संस्कृति उभरकर सामने आएंगी, तो यह केवल मनोरंजन नहीं बल्कि एक सांस्कृतिक पुनर्जागरण होगा, जिसमें आदिवासी समाज स्वयं अपनी कहानी कहेगा. बैठक में मोनिका मुंडू, दीपक बाड़ा, सुरेंद्र कुजूर, प्रिंसी संदीप लकड़ा, टॉम मुर्मू, अविनाश बाड़ा, राहुल हेंब्रम, बालेश्वर बेसरा, अनामिका टोप्पो, जेनिफर बाखला, ज्योति वंदना लकड़ा, प्रेमी टोप्पो, आकृति लकड़ा, शालिनी कुल्लू, जयंत दोराईबुरू, सलीम पूर्ति, आनंद हेंब्रम, राकेश रोशन किड़ो सहित कई कलाकार और तकनीकी विशेषज्ञ मौजूद रहे.

# नगड़ी की जमीन बचाने के लिए चंपाई सोरेन 24 अगस्त को किसानों संग जोतेंगे हल

शुभम संदेश। रांची

रांची के नगड़ी में रिम्स-2 के लिए प्रस्तावित जमीन को बचाने के आंदोलन को गति देने के उद्देश्य से रविवार को स्थानीय किसानों ने पूर्व मुख्यमंत्री व विधायक चंपाई सोरेन से मुलाकात की. किसानों ने उन्हें आगामी 24 अगस्त को आयोजित "हल जोतो, रोपा रोपो" कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया. नगड़ी के रैयतों ने आरोप लगाया कि सरकार ने बिना किसी नोटिस के उनकी जमीन पर कब्जा कर लिया है, जिससे वे खेती नहीं कर पा रहे हैं और उनकी आजीविका पर संकट मंडरा रहा है. "नगड़ी जमीन बचाओ संघर्ष समिति" की ओर से उठाए गए इस



मुद्दे पर पूर्व मुख्यमंत्री ने सरकार की कार्रवाई को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि जब अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू ही नहीं हुई, तो खेती रोकने का आदेश किसने दिया?"

चंपाई सोरेन ने स्पष्ट किया कि वे अस्पताल निर्माण के विरोध में नहीं हैं, लेकिन इसके लिए सरकार के पास पहले से लैंड बैंक और बंजर ज़मीन मौजूद है, फिर किसानों की उपजाऊ खेतिहर जमीन क्यों छीनी जा रही है? उन्होंने कहा कि झारखंड आंदोलन का मकसद आदिवासियों और मूलवासियों के अधिकारों की रक्षा करना था, लेकिन आज उन्हें अपने ही राज्य में अपनी जमीन बचाने के लिए सड़कों पर उतरना पड़ रहा है.

उन्होंने एलान किया कि 24 अगस्त को लाखों लोगों के साथ किसान अपनी जमीन पर हल चलाकर खेती करेंगे और दुनिया की कोई ताकत उन्हें रोक नहीं सकती. नगड़ी के ग्रामीणों ने भी दोहराया कि उनके लिए यह जीवन और मरण का सवाल है और वे अपनी जमीन बचाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे.

# शुभम संदेश



एक राज्य - एक अखबार

रांची, सोमवार 18 अगस्त 2025 । भाद्रपद कृष्ण पक्ष 10, संवत 2082 । रांची एवं पटना से प्रकाशित । वर्ष : 3, अंक : 131 । मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12


### सीएम हेमंत सोरेन पैतृक गांव नेमरा से दिशोम गुरु शिबू सोरेन का अस्थि-कलश लेकर रजरप्पा पहुंचे

# ग्रामीण रीति-रिवाज व स्थानीय परंपरा के अनुरूप नम आंखों से अस्थियां दामोदर नदी में विसर्जित की







**शुभम संदेश।रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रविवार को स्मृति शेष-राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन का अस्थि-कलश लेकर पैतृक गांव नेमरा से रजरप्पा स्थित दामोदर नदी घाट पहुंचे. मुख्यमंत्री ने यहां पूरे पारंपरिक विधि-विधान से स्मृति शेष 'गुरुजी' की अस्थियों को नम आंखों से दामोदर नदी में विसर्जित की. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ उनके छोटे भाई विधायक बसंत सोरेन सहित अन्य पारिवारिक सदस्य व नेमरा ग्रामवासी मौजूद रहे.
रजरप्पा स्थित दामोदर नदी घाट पर स्थानीय पाहन ने विधिवत रीति-रिवाज का अनुपालन कराते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हाथों से स्मृति शेष-दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी की अस्थियां विसर्जित कराई. दामोदर नदीं में अस्थियां प्रवाहित करते समय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की नम आंखों में अपने पिता को खोने की पीड़ा साफ झलक रही थी.

## गिरिडीह का लाल जम्मू-कश्मीर में शहीद इलाके में शोक की लहर

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले के बिरनी थाना क्षेत्र अंतर्गत धर्मपुर गांव के रहने वाले सीआईएसएफ के जवान संजय मुर्मू जम्मू-कश्मीर में ड्यूटी के दौरान शहीद हो गए. मिली जानकारी के अनुसार जम्मू-कश्मीर में बादल फटने (क्लाउडबर्स्ट) की घटना में जवान की जान चली गई. जवान संजय मुर्मू देश की सेवा में तैनात थे और वर्तमान में उनकी पोस्टिंग जम्मू-कश्मीर में थी. अचानक आई प्राकृतिक आपदा में उनकी शहादत की खबर मिलते ही गांव और आसपास के इलाके में शोक की लहर दौड़ गई. गांव में मातम पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है.

### पलामू पुलिस ने 24 घंटे में किया हत्याकांड का खुलासा

# प्रेम-प्रसंग में युवक की हत्या करने के चार आरोपी गिरफ्तार

**शुभम संदेश।मेदिनीनगर**

सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत जोगियाही रेल पटरी के पास शनिवार सुबह एक युवक का क्षत-विक्षत शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई. मृतक की पहचान 22 वर्षीय अमरेंद्र सिंह उर्फ बबलू सिंह (निवासी ग्राम सुआ, थाना सदर, पलामू) के रूप में हुई. मामले को लेकर मृतक के भाई रवींद्र कुमार सिंह के लिखित आवेदन पर सदर थाना में हत्या की प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की. पुलिस ने घटना के 24 घंटे के भीतर मामले का खुलासा करते हुए चार आरोपियों योगेंद्र यादव, राकेश यादव, कलावती देवी, बृक्ष यादव को गिरफ्तार कर लिया है. सभी आरोपी सुआ गांव के ही रहनेवाले हैं.
पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, प्रारंभिक जांच में यह मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा पाया गया. मृतक अमरेंद्र का अपनी पूर्व प्रेमिका काजल कुमारी से पिछले पांच वर्षों से संबंध था. वर्ष 2022 में काजल की शादी हो चुकी थी, लेकिन दोनों के बीच संपर्क बना हुआ था. बताया जा रहा है कि काजल के परिवार वाले इस रिश्ते का विरोध कर रहे थे. 15 अगस्त की रात अमरेंद्र अपनी प्रेमिका से मिलने गया था. इसी दौरान काजल के परिजनों ने उसे पकड़ लिया और कथित तौर पर अपने घर ले जाकर रस्सी से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी. हत्या के बाद सबूत मिटाने की नीयत से शव को रेल पटरी पर फेंक दिया गया, जिससे ट्रेन की चपेट में आकर शव दो हिस्सों में कट गया. पुलिस का कहना है कि आगे की कार्रवाई के तहत गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है और अन्य साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं. मामला फिलहाल न्यायिक प्रक्रिया में है.

### एनटीपीसी विवाद में नया मोड़ : पूर्व मंत्री समर्थकों पर मारपीट के आरोप में एफआईआर दर्ज

# पांच बाउंसर गिरफ्तार, पूर्व मंत्री योगेंद्र साव को तलाश रही पुलिस

**शुभम संदेश।हजारीबाग/ रांची**

हजारीबाग जिले के बड़कागांव में एनटीपीसी की चट्टी बरियातू कोल माइंस को लेकर चल रहे विवाद ने नया रुख ले लिया है. रविवार को पुलिस ने पूर्व मंत्री योगेंद्र साव के पांच बाउंसरों को मारपीट और माइंस संचालन में बाधा पहुंचाने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया. यह कार्रवाई शनिवार को हुई उस घटना के बाद की गई जिसमें साव के बाउंसरों पर माइंस में कार्यरत लोगों और वाहन चालकों के साथ मारपीट करने का आरोप लगा.
प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीते कुछ दिनों से एनटीपीसी के चट्टी बरियातू



माइंस में स्थानीय ग्रामीणों और समर्थकों द्वारा धरना-प्रदर्शन जारी है. इस आंदोलन की जड़ में पूर्व मंत्री योगेंद्र साव की पत्नी और पूर्व विधायक निर्मला देवी का मकान परिसर है, जिसकी चहारदीवारी एनटीपीसी द्वारा तोड़ी गई थी. इसी मुद्दे को लेकर क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है.
आरोप है कि शनिवार को हुए घटनाक्रम में योगेंद्र साव के साथ रहने वाले पांच निजी सुरक्षाकर्मियों (बाउंसरों) ने माइंस में मौजूद कर्मचारियों और चालकों से मारपीट की. इस मामले में बड़कागांव थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई, जिसके बाद पुलिस ने रविवार सुबह त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी पांचों बाउंसरों को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस सूत्रों के अनुसार, अब पूर्व मंत्री योगेंद्र साव की भी तलाश की जा रही है, जिन्हें इस मामले का मुख्य साजिशकर्ता माना जा रहा है. इससे पहले भी पुलिस ने इस विवाद से जुड़े साव के आठ समर्थकों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था. एनटीपीसी और स्थानीय ग्रामीणों के बीच लगातार बढ़ते तनाव को देखते हुए प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है और किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए सतर्कता बरती जा रही है.


समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
प्रिंस कुमार
जिला शिक्षा पदाधिकारी, लातेहार


# देसी श्वान पर भी लुटाएं प्रेम और पैसा

**आनंद सिंह**

इंद्रजीत तिवारी और उनकी पत्नी ज्ञानी देवी सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर में रहते हैं. श्वानों को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले से यह दंपती आहत है. सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि दिल्ली में जो तीन लाख से ज्यादा स्ट्रीट श्वान हैं, उन्हें शेल्टर होम में रखा जाए. यह आदेश उस याचिका के जवाब में आया, जिसमें कहा गया था कि दिल्ली में सड़कछाप श्वान लोगों को काट रहे हैं, कई इंसानों की मौत भी हो चुकी है. इसी संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट ने सड़कछाप श्वानों को शेल्टर होम में बंद करने से संबंधित फैसला सुनाया. ज्ञानी देवी इस फैसले से सहमत नहीं हैं. उनका सीधा सवाल है कि माननीय सुप्रीम कोर्ट को यह व्यवस्था भी देनी चाहिए कि ये शेल्टर होम बनाएगा कौन? क्या दिल्ली सरकार शेल्टर होम





बनाएगी? अगर ऐसा है, तब तो ठीक है, लेकिन क्या माननीय सुप्रीम कोर्ट को यह नहीं पता कि श्वान, इंसानों के साथ ही रहते हैं. ऐसे में जब उन्हें शेल्टर होम में बंद कर दिया जाएगा तो वह कितने दिन जी सकेंगे?
ज्ञानी देवी मानती हैं कि जीव में ही शिव हैं. लेकिन, इस धार्मिक मान्यता को ही उन्होंने आधार नहीं बनाया. वह तर्क देती हैं कि अगर वह दस श्वानों को अपने घर में रख सकती हैं, उनका लालन-पालन कर सकती हैं (जो खांटी देसी नस्ल के हैं) तो दिल्ली वाले या फिर देश भर में लोग सड़कछाप श्वानों को एडॉप्ट करने के लिए आगे क्यों नहीं बढ़ते? विदेशी मूल के श्वानों को हजारों रुपये महीने खर्च करके तो लोग पालते हैं, देसी श्वानों से उन्हें क्या परेशानी है? ये बेहद वफादार होते हैं और वक्त-बेवक्त काम भी आते हैं. ये आपको तब तक काटते नहीं, जब तक ये भूखे न हों या आप इन्हें छेड़ते नहीं. श्वानों को छोड़िए. इंसानों की ही बात कीजिए. आपको भूख लगी है और आपको खाने को न दिया जाए. तब आपकी मनोस्थिति क्या होगी? यही चीज श्वानों के साथ भी लागू होती है. हम उन्हें कुछेक साल तो पालते हैं, सोफे पर सुलाते हैं लेकिन जब वह उम्रदराज हो जाता है तो उसे सड़क पर छोड़ देते हैं. यह कहां का न्याय है? आप विदेशी मूल के श्वानों पर जितना खर्च करते हैं, जितना प्रेम लुटाते हैं, उतना ही अगर देसी नस्ल के श्वानों पर भी प्रेम लुटाएं और खर्च करें तो कोई समस्या ही नहीं रह जाएगी.
ज्ञानी देवी और उनके पतिदेव इंद्रजीत तिवारी बताते हैं कि हर माह 10 श्वानों पर उनके पांच से छह हजार रुपये खर्च होते हैं लेकिन उन्हें परम संतोष की प्राप्ति होती है. बकौल ज्ञानी देवीः यह दिल से, प्रेम से जुड़ा मामला है. मुझे इसमें आत्मिक संतुष्टि मिलती है. इनकी सेवा करने में मुझे परम आनंद मिलता है. श्वानों को मैं अपने परिवार का ही हिस्सा मानती हूं. इन्हें रोज रोटी, भात और दही देती हूं. यह किसी प्रचार के लिए नहीं कर रही हूं. मेरा एक दर्शन है कि अगर कोई श्वान जरूरतमंद है तो उसकी सेवा, उसकी रक्षा करनी चाहिए. यही मैं कर रही हूं. मेरे घर में सिर्फ श्वान ही नहीं हैं. एक जंगली पक्षी को भी मैं पाल रही हूं क्योंकि वह प्रारंभ से ही हम लोगों की शरण में आ गया था. हम उसे भी पाल रहे हैं. यह परमात्मा है, जिन्होंने इतनी सामर्थ्य दे रखी है. ज्ञानी देवी के अनुसार, एक श्वान उनके पास ऐसा भी है, जिसका एक पैर क्षतिग्रस्त है. वह सही तरीके से चल नहीं सकता, लेकिन वह भी हमारे साथ है. वह वही खाता है, जो अन्य श्वान खाते हैं. उसे उतना ही प्रेम मिलता है, जितना अन्य श्वानों को मिलता है. कोई भेद नहीं. इसीलिए आज आप जो दस श्वान देख रहे हैं, ये एक ही दिन में हमारे पास नहीं आ गये. पहले एक आया, फिर दूसरा, तीसरा और इस तरीके से दस श्वान हो गये. ये आये तो अपनी जरूरत से लेकिन रह गये मेरी सहानुभूति और प्रेम से वशीभूत होकर. ये इंसानी संकेतों को समझते हैं. बेशक बोल न पाते हों पर हर बात को समझते हैं और उसके हिसाब से ही रिस्पांड करते हैं.


सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
झारखंड अधिविध परिषद् से मान्यता प्राप्त एवं विद्या विकास समिति से संबद्ध
कक्षा - अरुण से दशम तक
प्रभावी शिशु वाटिका (Play School)

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
डा विवेक विद्यार्थी
प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
पथ निर्माण प्रमंडल परिवार, लातेहार

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
शशि शेखर पांडेय
प्रधानाध्यापक, उच्च विद्यालय जोगा, उंटारी रोड

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
वरुण कुमार
प्रधानाध्यापक
अपग्रेड हाई स्कूल मुरमा कलां, उंटारी रोड

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
राजेश शर्मा शिक्षक, स्तरोन्नत उच्च विद्यालय, सतबहिनी, उंटारी रोड

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
अनुज कुमार चौधरी
JNVS पलामू जिला अध्यक्ष सह भाजयुमो
ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विश्रामपुर

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
विनोद उरांव
जिला परिषद सदस्य, लातेहार

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
सुरेंद्र कुमार महतो
थाना प्रभारी, लातेहार सदर

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
पेयजल व स्वच्छता प्रमंडल, लातेहार

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मुखिया संघ, लातेहार

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
संजीत कुमार
जिला खेल पदाधिकारी, लातेहार

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
राजीव रंजन
नगर प्रशासक, नगर पंचायत, लातेहार

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मो. अजीम अंसारी
प्रधानाचार्य, राजकीयकृत गांधी 10+2 उच्च विद्यालय, उंटारी रोड

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मृत्युंजय कुमार
शाखा प्रबंधक
भारतीय स्टेट बैंक, उंटारी रोड

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
अरविंद कुमार
जिला अध्यक्ष
यंग ब्रिगेड कांग्रेस सेवा दल



# अस्थियां विसर्जित कर हेमंत ने रजरप्पा मंदिर में की पूजा-अर्चना की, गरीबों को दान दिया







## 1981 बैच के पूर्ववर्ती छात्रों ने दिवंगत साथियों की स्मृति में किया पौधरोपण



शुभम संदेश। रांची

संत अलोइस उच्च विद्यालय, पुरुलिया रोड, रांची के 1981 बैच के पूर्ववर्ती छात्रों ने अपने दिवंगत साथियों की स्मृति में एस्कॉट उच्च विद्यालय, हरमू में पौधारोपण किया. पौधे उन 16 दिवंगत साथियों की याद में लगाए गए, जो अब इस दुनिया में नहीं हैं. पौधारोपण कार्यक्रम की शुरुआत दो मिनट के मौन के साथ हुई, जिसमें सभी पूर्व छात्रगण अपने साथियों की आत्मिक शांति के लिए प्रार्थना में लीन रहे. इस अवसर पर उपस्थित 1981 बैच के पूर्व छात्र प्रवीण, मनोज, सुकेश, अशोक, नीतीश, अनिल, सुरेंद्र वर्मा, प्रकाश आदि ने संकल्प लिया कि वे इन पौधों की देखभाल करेंगे, ताकि उनके दिवंगत साथियों की स्मृति सदा बनी रहे.पूर्व छात्रों ने यह भी निर्णय लिया कि वे विद्यालय के भौतिक विकास और वहां पढ़ने वाले गरीब छात्रों के कल्याण के लिए अपने सामर्थ्यानुसार शारीरिक एवं आर्थिक सहयोग करेंगे. उन्होंने यह भी कहा कि वे अपने विद्यालय की प्रगति में सहयोग देना अपना नैतिक दायित्व मानते हैं.विद्यालय के प्राचार्य एवं स्टाफ के प्रति सभी पूर्व छात्रों ने कृतज्ञता प्रकट की कि उन्होंने इस स्मृति-चिह्न स्वरूप पौधारोपण कार्यक्रम की अनुमति दी और उसमें सहयोग प्रदान किया.

## हरमू सबस्टेशन से आज सुबह 10 से 2 बजे तक बिजली बाधित रहेगी

**रांची।** हरमू बाजार में सोमवार को एबी केबुल लगाने का कार्य किया जाएगा. इस कारण हरमू विद्युत सबस्टेशन से निकलने वाले 11 केवी ओल्ड हरमू फीडर से विद्युत आपूर्ति दिन के 10 बजे से 2 बजे तक बाधित रहेगी. इस दौरान हरमू हाउसिंग कॉलोनी, शिवदयाल नगर, चेतन टोली इत्यादि क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी. संबंधित क्षेत्र के उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि बिजली से जुड़े आवश्यक कार्य को उक्त समय से पूर्व कर लें

### गणेश वंदना, झांकी के भजनों की गंगा में सराबोर रहा अल्बर्ट एक्का चौक, श्रद्धालु हुए भाव विभोर

# श्रीकृष्ण के जीवन और उपदेशों से सीख लें : संतोष कुमार गंगवार

- भगवान विष्णु के अवतार श्री कृष्ण ने धर्म, प्रेम और न्याय का अमूल्य संदेश मानवता को दिया



शुभम संदेश। रांची

श्री कृष्ण जन्माष्टमी समिति,रांची की ओर से राजधानी रांची के अल्बर्ट एक्का चौक पर रविवार को दही हांडी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. शाम 4:30 बजे गणेश वंदना, झांकी, भजनों और देशभक्ति गीतों के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ. हम जियेंगे ओर मरेंगे ये वतन तेरे लिए, दिल दिया है जान भी देगे ये वतन तेरे लिए जैसे देशभक्ति गीतों पर उपस्थित लोग झाम उठे. रात 8:30 बजे झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मंच पर सुशोभित माखन से भरी हांडी को नारियल से फोड़कर दही हांडी प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया. मैके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे. मुख्य अतिथि राज्यपाल सहित अन्य अतिथियों को पुष्प गुछ ,अंग वस्त्र, मोमेंटो, स्मृति पत्र देकर संजय सेठ, अजय मारू, सीपी सिंह, मुकेश काबरा, रविंद्र मोदी, रमिंद्र कुमार, राम बांगड़, प्रमोद सारस्वत सहित आयोजन समिति के सदस्यों ने स्वागत किया. आयोजन को संबोदित करते हुए राज्यपाल संतोष गंगवार ने लोगों को श्री कृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं. साथ ही प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं एवं आयोजकों को भी बधाई दी. उन्होंने कहा कि भगवान विष्णु के अवतार श्री कृष्ण ने धर्म, प्रेम और न्याय का अमूल्य संदेश मानवता को दिया. उनके जीवन का प्रत्येक पहलू हमें प्रेरित करता है और कुछ ना कुछ सिखाता है. उन्होंने कहा भगवान कृष्ण के जीवन और उपदेशों से हमें सीख लेनी चाहिए. उनके जीवन से यह स्पष्ट होता है कि प्रेम,सद्भावना ओर परस्पर सहयोग से ही सशक्त, समृद्ध एवं विकसित समाज का निर्माण संभव है. जन्माष्टमी के पावन अवसर पर हम सभी संकल्प लें कि सदैव सत्य, प्रेम, ओर कर्तब्य के मार्ग पर चलते हुए समाज और राष्ट्र की उन्नति में योगदान देगे.

रक्षाराज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा 15 साल से ये आयोजन हो रहा है. उन्होंने कहा कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर हम सभी स्वदेशी बस्तुओं के इस्तेमाल का संकल्प लें. हम इस मंच से पूरे देश को संदेश देना चाहते है कि आप स्वदेशी अपनाएं. आप सभी आज इस पावन मौके पर संकल्प लें कि स्वदेशी अपनाने की पहल करेंगे. नमो दही हांडी प्रतियोगिता में पुरुष गोविंदा के लिए हांडी की ऊंचाई 25 फीट, वही महिला गोविंदा के लिए 20 फीट की ऊंचाई रखी गई थी. आयोजन समिति के द्वारा 3 मिनट का समय सभी गोबिंदा टीमो को दिया गया था. पुरुष एवं महिला गोविंदा अपनी टीमों के साथ अलग-अलग रंग की टी-शर्ट में थे. प्रत्येक टीम में 25 से 30 गोबिंदा शामिल थे, जिनकी उम्र 18 वर्ष से ऊपर थी.

मटकी फोड़ प्रतियोगिता को सफल बनाने में राज वर्मा, नीरज चौधरी ,बबलू चौधरी, मनोज तिवारी,ललन श्रीवास्तव, भीषम सिंह, संजय गोयल,नीरज कुमार, आनंद श्रीवास्तव,राजीव सहाय,प्रमोद सारस्वत, विजय ओझा,संजय सिंह लल्लू, विजय यादव, नीरज कुमार का सराहनीय सहयोग रहा.

**बाल राधा कृष्ण गोविंदा कावड़ यात्रा आकर्षण का केंद्र रही:** शाम चार बजे बजे श्री माहेश्वरी सभा, रांची द्वारा बाल राधा- कृष्ण- गोविंदा कावड़ यात्रा का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें 5 वर्ष से 10 वर्ष तक के बाल कावड़िया बच्चे शामिल थे. शहीद स्मारक (जिला स्कूल ) शहीद चौक, दुर्गाबाड़ी ,अल्बर्ट एक्का चौक ( फिरायालाल) रोड होते हुए श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति के मंच पर पहुंचे और भगवान शिव पर पुष्प अर्पित किया.

## एक नजर

### गुरुदेव रवींद्रनाथ ठाकुर की पुण्यतिथि पर बैतालिक ने संगीतमय श्रद्धांजलि दी




**रांची।** रांची शहर के प्रतिष्ठित रवींद्र संगीत शिक्षायतन बैतालिक द्वारा रविवार को गुरुदेव रवींद्रनाथ ठाकुर की 84वीं पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई. इस अवसर पर संस्थान के शिक्षार्थियों ने गीत, भाष्य एवं कविता के माध्यम से गुरुदेव को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की.कार्यक्रम में बैतालिक के संस्थापक एवं संगीत गुरु प्रवीर कुमार लाहिड़ी, संस्थान के सभापति स्वराट चौधरी, रांची के प्रसिद्ध सांस्कृतिक व्यक्तित्व सुबीर कुमार लाहिड़ी, बालिका शिक्षा भवन के सचिव एवं शिक्षाविद् डॉ. कमल बोस सहित कई अन्य गणमान्य अतिथिगण उपस्थित रहे.संगीत प्रस्तुति का निर्देशन सुरों की गुरु प्रनती लाहिड़ी व उनकी कन्या पारोमिता चौधरी द्वारा किया गया, जिनके मार्गदर्शन में शिक्षार्थियों ने गुरुदेव के गीतों को सुर-लयबद्ध ढंग से प्रस्तुत किया.कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने गुरुदेव की विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के बैतालिक के प्रयासों की सराहना की.

### खुर्शीद आलम हटिया प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन के संयुक्त महामंत्री व प्लांट प्रभारी बनाये गए

**रांची।** हटिया प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन के सचिव खुर्शीद आलम को यूनियन का संयुक्त महामंत्री और भारी मशीन निर्माण संयंत्र (एचएमबीपी) का यूनियन प्रभारी बनाया गया है. यह जानकारी यूनियन के महामंत्री लीलाधर सिंह ने रविवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी. बताया कि यूनियन ने आलम को यह दायित्व उनके अच्छे कार्य, यूनियन के प्रति उनकी वफादारी, संगठनात्मक क्षमता और संकट की घड़ी में यूनियन के पक्ष में निर्णय लेने की क्षमता को देखते हुए सौंपा है. अपनी नियुक्ति पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए खुर्शीद आलम ने कहा कि जिस सोच और विश्वास के साथ उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वह ईमानदारी और पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगे. आलम को नए दायित्व मिलने पर यूनियन के पदाधिकारी और सदस्यों ने उन्हें बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं दे रहे हैं.

### रांची के युवक को सोशल मीडिया पर जमशेदपुर की युवती से दोस्ती पड़ी महंगी, ठगे 1.45 करोड़ रुपये

**रांची।** रांची के अरगोड़ा थाना क्षेत्र के पुंदाग रोड निवासी संदीप पाटिल को सोशल मीडिया के माध्यम से हुई एक युवती से दोस्ती भारी पड़ गई. जमशेदपुर की रहने वाली सपना सोना नामक महिला ने संदीप से करीब 1.45 करोड़ रुपये की ठगी कर ली. इस संबंध में पीड़ित की शिकायत पर अरगोड़ा थाना में सपना सोना के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है. मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2022 में संदीप की मुलाकात सोशल मीडिया के जरिए सपना से हुई थी. धीरे-धीरे महिला ने संदीप और उसके परिवार से नजदीकियां बढ़ा लीं. पीड़ित के अनुसार, महिला ने पहले भावनात्मक संबंध बनाकर भरोसे में लिया, फिर धोखे और भयादोहन के माध्यम से बड़ी रकम और संपत्ति हड़प ली.आरोप है कि सपना ने पहले बीमार मां के इलाज और भाई की पढ़ाई के नाम पर संदीप से पैसे लेना शुरू किया. इसके बाद निजी संबंधों को लेकर परिवार में बदनामी फैलाने की धमकी देकर उससे विभिन्न मदों में लाखों रुपये वसूले.

### छत्तीसगढ़ में दो धर्म बहनों की गिरफ्तारी का विरोध

- रांची में ऑल चर्चेस कमेटी ने मौन जुलूस निकाला

**रांची।** राजधानी रांची में ऑल चर्चेस कमिटी की ओर से छत्तीसगढ़ में दो धर्म बहनों के साथ घटित घटना के विरोध में रविवार को शांतिपूर्ण मौन जुलूस निकाला गया. इस जुलूस में राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की भी शामिल हुईं. कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने इस घटना पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि ईसाई धर्मावलंबी हमेशा से ही गांव- घर में अपनी सेवा देते आए हैं. इनका सामाजिक कल्याण में विश्वास इनके सेवा भाव को दर्शाता है.उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के दुर्ग में बीते दिनों जिस तरह से दो धर्म बहनों को सुनियोजित साजिश के तहत गिरफ्तार कर जेल भेजा गया और जिस तरह उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया, वह कहीं से भी क्षम्य नहीं है. कृषि मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की पुलिस इस पूरे मामले में मूकदर्शक की भूमिका में रही. इस घटना की जांच में दोनों ही धर्म बहनें निर्दोष पाई गई. उन्हें रिहा भी कर दिया गया है. उन्होंने कहा कि ईसाई समुदाय के लिए सेवा ही उनका धर्म है. इस तरह से ईसाई समुदाय को निशाना बनाना कहीं से भी जायज नहीं है.

### कैलाश की करुणा का जत्था श्री मणिमहेश कैलाश दर्शन कर लौटा



**रांची।** कैलाश की करुणा, रांची के संस्थापक कैलाशी अरविन्द सिंह कौशल के नेतृत्व में पांच राज्यों के 30 यात्रियों का जत्था भरई माता मंदिर, भरमाणी माता मंदिर, श्री चंद्रशेखर महादेव मंदिर, लक्ष्मी नारायण मंदिर, स्वामी कार्तिकेय मंदिर, महिषासुर मर्दिनी मंदिर, धर्मराज मंदिर, नरसिम्हा मंदिर, चौरासी मंदिर, श्री मणिमहेश कैलाश दर्शन कर रविवार को सकुशल वापस लौटा. यात्रा में नितेश कुमार श्रीवास्तव, अतुल कुमार, अशोक कुमार सिंह, राजीव कुमार, शुभम श्रेष्ठ, अवधेश कुमार, भुपेंद्र सिंह धपोला, मनोज शुक्ला, अभय कुमार निराला का सहयोग रहा.

### स्टार्टअप और नवाचार में झारखंड का लहराया परचम

## आनंद विजय लकड़ा को राष्ट्रीय स्तर पर मिला सम्मान

शुभम संदेश। रांची



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यालय, दिल्ली में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि के अवसर पर "स्टार्टअप यूथ अवार्ड 2.0" का आयोजन किया गया.। इस अवसर पर देशभर से आए विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया. कार्यक्रम में स्टार्टअप एवं स्वरोज़गार के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवाओं को केंद्र सरकार द्वारा सम्मानित किया गया. रांची, झारखंड के आनंद विजय लकड़ा को सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान और युवाओं को प्रेरित करने के लिए प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया.

आनंद विजय लकड़ा को सम्मानित करने के लिए भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा झारखंड द्वारा प्रदेश भाजपा कार्यालय रांची में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र कुमार राय, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनवर हयात सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे. प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने आनंद विजय लकड़ा को पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं. उन्होंने कहा यह झारखंड भाजपा के लिए गर्व की बात है कि एपीजे अब्दुल कलाम स्टार्टअप यूथ अवार्ड 2.0 में झारखंड के युवा आनंद विजय लकड़ा ने प्रथम स्थान हासिल किया है. हमें डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए, जिन्होंने अपने समर्पण और कर्म से राष्ट्र की सेवा की.

कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज, अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष कमल खान, मोर्चा प्रभारी सोना खान, मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष क़ाज़िम कुरैशी, प्रदेश उपाध्यक्ष तारीक इमरान, मोहम्मद जफर, मौलाना मतीन सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे.कार्यक्रम का संचालन मोर्चा के महानगर अध्यक्ष आलमगीर अंसारी ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन मोहम्मद कमाल खान ने किया.

## डॉ. कामिल बुल्के को दी गई श्रद्धांजलि, शिक्षा और सद्भाव के क्षेत्र में योगदान को किया गया याद

शुभम संदेश। रांची



डॉ. कामिल बुल्के पथ स्थित मनरेसा हाउस परिसर में स्थित डॉ. कामिल बुल्के की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई. इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने डॉ. बुल्के के शिक्षा, हिंदी साहित्य और सामाजिक समरसता के क्षेत्र में दिए गए योगदान को याद किया. संत जेवियर्स कॉलेज के पूर्व प्राचार्य फा. क्लेमेंट एक्का ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि डॉ. कामिल बुल्के ने भारत के शिक्षा जगत में अतुलनीय योगदान दिया. उन्होंने बताया कि डॉ. बुल्के ने छोटानागपुर के दूरदराज इलाकों में जाकर आदिवासी समाज को नजदीक से जाना और समझा. वे हिंदी और संस्कृत में निपुण थे और उन्होंने रामकथा का हिंदी में अनुवाद भी किया. टीएसी के पूर्व सदस्य रतन तिर्की ने कहा कि डॉ. बुल्के को तुलसीदास के परम भक्त के रूप में याद किया जाता है. वे प्रेम, सौहार्द, सद्भाव और एकता के प्रतीक थे. उन्होंने जानकारी दी कि जल्द ही डॉ. कामिल बुल्के पथ स्थित चर्च चौराहे पर उनकी एक नई प्रतिमा स्थापित की जाएगी, जिसके लिए कार्य प्रारंभ हो चुका है.

ऑल इंडिया क्रिश्चियन माइनॉरिटी फ्रंट के महासचिव प्रवीण कच्छप ने कहा कि डॉ. कामिल बुल्के के आदर्शों पर चलकर ही शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति संभव है. उन्होंने मांग की कि डॉ. बुल्के को राजकीय सम्मान प्रदान किया जाए और इसके लिए सरकार से औपचारिक रूप से अनुरोध किया जाएगा.

### जेसीआई रांची ने एक्सपो उत्सव 2025 के एक्सपो ब्रोशर का अनावरण किया, जस्टिस दीपक रोशन ने कहा-

## रांची के व्यापार और खेल जगत में युवाओं का मार्गदर्शन कर रहा जेसीआई

शुभम संदेश। रांची




जेसीआई रांची ने रविवार को बरियातू के 'होटल रमादा बाय विन्धम में अपने एक्सपो ब्रोशर का अनावरण किया और अपने प्रायोजकों को सम्मानित किया. पिछले 27 साल से जेसीआई रांची एक्सपो उत्सव केवल रांची ही नहीं बल्कि पूरे झारखंड की एक पहचान बन चुका है. भारत के पूर्वी क्षेत्र का सबसे बड़ा कंज्यूमर फेस्ट मने जाने वाला यह एक्सपो न केवल रांची के व्यापार को बढ़ावा देता है, बल्कि हमारे देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए व्यापारियों को आकर्षित करता है.

ब्रोशर अनावरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति दीपक रोशन ने जेसीआई की प्रशंसा करते हुए कहा गया कि जेसीआई रांची के व्यापार और खेल जगत में युवाओं के लिए मार्गदर्शन का काम कर रहा है. उन्होंने अध्यक्ष प्रतीक जैन और एक्सपो उत्सव 2025 के मुख्य संचालक सिद्धार्थ जायसवाल को बधाई दी. एक्सपो उत्सव 2025 के मुख्य संचालक सिद्धार्थ जायसवाल ने एक्सपो ब्रोशर के अनावरण के साथ सभी व्यापार जगत के लोगों को इस आयोजन में शामिल होने का आमंत्रण दिया.

कार्यक्रम का संचालन जेसी तपिश केडिया व केशव बजाज ने किया. कार्यक्रम में सचिव सन्नी केडिया, विक्रम चौधरी, अभिषेक जैन, दीपक पटेल, सौरभ नरेडी, तरुण अग्रवाल, आदित्य जालान, सिद्धार्थ जैन, नवीन अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, मोहित वर्मा, विनय मंत्री, अभिनव मंत्री, सौरभ साबू, पंकज साबू, मयंक चौधरी, शुभम साबू, निशांत मोदी, रवि समोटा, अमन पोद्दार सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे.

## झारखंड प्रदेश युवा चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारियों की घोषणा

शुभम संदेश। रांची



युवा अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के झारखंड प्रदेश शाखा अध्यक्ष अकाश रवानी की अध्यक्षता में रांची प्रेस क्लब में पहली बैठक हुई, जिसका संचालन महामंत्री धनंजय चंद्रवंशी ने किया. सबसे पहले समाज के वरिष्ठजनों ने पुष्पगुच्छ देकर नवनियुक्त युवा प्रदेश अध्यक्ष आकाश रवानी का स्वागत किया. मौके पर अध्यक्ष द्वारा नए युवाओं को प्रदेश में नई जिम्मेदारी दी गई. नितिन चंद्रवंशी प्रदेश युवा उपाध्यक्ष (गढ़वा) , सोशल मीडिया प्रभारी नीतीश चंद्रवंशी (चतरा), प्रदेश संयुक्त सचिव अनिकेत कुमार (पलामू), युवा प्रदेश सचिव बिट्टू वर्मा (हजारीबाग), डॉ अजीत, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य (रांची) , युवा प्रदेश कोषाध्यक्ष कुमार समीर (रांची) बनाये गये. अध्यक्ष आकाश रवानी ने कहा कि चंद्रवंशी समुदाय को अभी तक राजनीतिक हिस्सेदारी नहीं मिली है. हमारा यह संगठन गांव- गांव जाकर चंद्रवंशियों को एकजुट कर अपने हक अधिकार की लड़ाई को तेज करेगा और अपनी हिस्सेदारी छीन कर लेगा. युवा प्रदेश महामंत्री धनंजय चंद्रवंशी ने कहा कि झारखंड प्रदेश में चंद्रवंशियों को हौसला देने की आवश्यकता है. मौके पर राष्ट्रीय महिला महामंत्री रेखा वर्मा, निर्मला सिंह, सरवन राम, सुजीत रवानी, अधिवक्ता परशुराम, रोहित चंद्रवंशी, राजेश कुमार, विनय चंद्रवंशी, वीरेंद्र चंद्रवंशी, सतीश कुमार, सोनू वर्मा, पवन चंद्रवंशी, रमन वर्मा, मनीष चंद्रवंशी, हरिकांत वर्मा, परशुराम वर्मा, बीरेंद्र सिंह, डॉ अजीत कुमार मनोज कुमार, रमन वर्मा, कुमार समीर, निर्मला देवी सिंह, सिद्धांत एवं दर्जनों चंद्रवंशी उपस्थित थे.

## ब्रीफ न्यूज

### वज्रपात की चपेट में आने से युवक की मौत

**हंटरगंज (चतरा)।** चतरा जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत पांडेपुरा के प्राथमिक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप एक आहर तालाब में रविवार शाम चार बजे हुए वज्रपात की चपेट में आने से बंशी से मछली मार रहे एक युवक की मौत हो गई. युवक की पहचान पांडेपुरा के स्टाईली नगर निवासी रामुतार भारती के 22 वर्षीय पुत्र राजू भारती के रूप में हुई है. मौके पर पहुंचे समाजसेवी जयनारायण भारती ने हंटरगंज थाना पुलिस को सूचना दी. सूचना मिलते ही हंटरगंज थाना के एएसआई अजय कुमार महतो और पांडेपुरा पिकेट प्रभारी शिव शंकर गोप दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और घटना के संबंधित लोगों से जानकारी ली. वही पुलिस शव को कब्जे में लेकर हंटरगंज थाना ले आई है.कल सुबह 10 बजे पोरस्टमार्टम के लिए चतरा सदर अस्पताल भेज दिया जाएगा.

### श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

**हंटरगंज(चतरा)।** चतरा जिले के हंटरगंज प्रखंड के तुलसीपुर गांव में शनिवार की देर रात भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर पूजा पाठ तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता, पूर्व मुखिया सह राजद नेता कंचन यादव, कपील यादव, राजेंद्र यादव, मुखिया अशोक कुमार यादव, मुखिया प्रतिनिधि शमशेर सिंह उर्फ पिंटु सिंह, छोटु सिंह, सुनील यादव के द्वारा विधिवत फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया. इसके बाद ही सांस्कृतिक कार्यक्रम में भोजपुरी मगही के मशहूर गायक ओम प्रकाश अकेला उर्फ बिल्डरवा के पापा और लोक गायिका सोनम यादव और उषा यादव ने समा बांधा. हजारों की संख्या में लोग रात भर भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव पर झूमते रहे. एक से एक बढ़कर गीत संगीत प्रस्तुत किए गए. कलाकारों में जमकर दुगोला हुआ. गीत की बौछार से लोगों को रात भर हसाते रहे. कार्यक्रम की शुरुआत मुखिया पूर्व मुखिया कंचन यादव के द्वारा आए हुए अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया.

### अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम

**टंडवा।** भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री एवं हमसबके प्रेरणाश्रोत श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर रविवार को अटल परिसर, एनटीपीसी टंडवा में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया. यह कार्यक्रम अटल सेवा संस्थान के तत्वाधान में आयोजित हुआ. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चतरा लोकसभा के जनप्रिय सांसद कालीचरण सिंह, सिमरिया विधानसभा के माननीय विधायक कुमार उज्ज्वल दास जी तथा भारतीय जनता पार्टी चतरा जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता जी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई. इस मौके पर कई गणमान्य अतिथि एवं स्थानीय कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे. सभा के दौरान श्रद्धेय अटल जी के व्यक्तित्व और कृतित्व का भावपूर्ण स्मरण किया गया. उनके ओजस्वी भाषणों, राष्ट्र सेवा की अद्वितीय भावना और कर्तव्यनिष्ठ जीवन को सभी ने याद किया. वक्ताओं ने कहा कि अटल जी का जीवन राष्ट्रहित, विचार और समर्पण की अनुपम मिसाल है. उनके आदर्श और विचार आने वाली पीढ़ियों को सदैव राष्ट्र निर्माण के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते रहेंगे.

## नव झारखंड फाउंडेशन ने मनाया प्रतिभाओं का पर्व

# 30 विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

शुभम संदेश। हजारीबाग



मुंबई के मीरा रोड ईस्ट स्थित धारा ढाबा होटल में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नव झारखंड फाउंडेशन ने एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया. इस मौके पर झारखंड की मिट्टी से जुड़े विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच मिला और 30 से अधिक मेधावी छात्रों व खिलाड़ियों को सम्मानित कर समाज को नई दिशा देने का संकल्प लिया गया. फाउंडेशन के केंद्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा के नेतृत्व में हुए इस कार्यक्रम में झारखंडी समाज के कई वरिष्ठ जन और सामाजिक संगठन जुड़े.

मुख्य अतिथि के रूप में बीएजे परिवार के संस्थापक बैजनाथ पांडे, रिक्शा चालक संघ के अध्यक्ष शंकर कुशवाहा, राणा सेवा समिति के अध्यक्ष रामजीवन राणा, महिला अध्यक्ष नुपुर गुप्ता, सामाजिक कार्यकर्ता बबीता शाह, सुरेंद्र गुप्ता, नरेश यादव, त्रिलोकी यादव, मुंबई होटल अध्यक्ष अभय तिवारी, उपाध्यक्ष राशिद खान बोरिवली अध्यक्ष सुधाकांत पांडेय, महामंत्री अमर सिंह, समाजसेवी सुमन रजक, प्रेम राणा प्रकाश साव ईश्वर प्रसाद गुप्ता सुनिल कुमार सिंह सहित सैकड़ों लोगों की गरिमामयी उपस्थिति रही.

इस समारोह में शिक्षा और खेल दोनों क्षेत्र से जुड़े प्रतिभावानों को सम्मानित किया गया. पिक्कल बॉल में सोनू विश्वकर्मा, प्रिंस विश्वकर्मा, गौरव कुमार (कोच) को विशेष तौर पर सराहा गया. वहीं शैक्षणिक उपलब्धियों में आरती बालदेव साहु, श्रुति सुमन रजक, अनुराग यादव, अनिरुध ईश्वर गुप्ता, संकेत उमेश दांगी, मनीषा मुंशी साव, ओमकार एस यादव, अक्षय रामस्वरूप यादव, रीतिका ईश्वर गुप्ता, तनिष् नेमन यादव, प्रार्थना शेखर गुप्ता, दीपक संजय गुप्ता, दीप्ति वासुदेव गुप्ता, ऊर्जा नरेश गुप्ता, सपना साहदेव गुप्ता, रूपेश नरेश गुप्ता, मिस निशा साव, मिस खुशी साव, नाईसी शेखर गुप्ता, सुहानी अभय तिवारी, भूमि अभय तिवारी, जिगर सुरेंद्र राणा, जिगर विश्वकर्मा, नेहा कुमारी, प्रेम राणा, मानव शक्ति दांगी फाउंडेशन सुमन रजक, सोनू विश्वकर्मा, गौरव कुमार, आदित्य नारायण यादव समेत दर्जनों छात्रों ने अपनी मेहनत से समाज का नाम रोशन किया.

# पर्वत पुरुष दशरथ मांझी की मनी 18वीं पुण्यतिथि

शुभम संदेश ।हजारीबाग



माउंटेन मैन के नाम से प्रसिद्ध दशरथ मांझी की 18 वी पुण्यतिथि हजारीबाग के रिंग एंड रोजेज बैंक्वेट हॉल में मनाई गई. इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग लोकसभा के सांसद मनीष जायसवाल के सुपुत्र करण जयसवाल एवं कटकमसांडी के पूर्व विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा शामिल हुए झारखंड भुइयां समाज विकास समिति के मंच के बैनर तले लोगों ने दशरथ मांझी की प्रतिमा पर माल्यार्पण ओर पुष्प अर्पित किया और दशरथ बाबा अमर रहे के नारे लगाए.

इस मौके पर करण जायसवाल ने कहा कि दशरथ मांझी अपने जीवन में जो कार्य किए, वह लोगों के लिए प्रेरणा स्रोत है.उन्होंने और भी कहा कि समाज के लिए एकता बहुत जरूरी है. प्रदेश अध्यक्ष बासुदेव राम ने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य दशरथ बाबा को भारत रत्न दिलाना है. दशरथ बाबा ने जो कार्य किया था, वह प्रेम का प्रतीक और दृढ़ निश्चय का कार्य है. यह सभी लोगों के लिए प्रेरणास्रोत है. उन्होंने कहा की हमारा समाज ऐसे वर्ग से आता है जिसका मनोबल काफी नीचे है. ऐसे में अगर दशरथ बाबा को भारत रत्न मिलता है, तो हमारे समाज का मनोबल काफी ऊंचा होगा. मौके पर जिला अध्यक्ष रामू राम,पूर्व जिला अध्यक्ष रोहित राम, महासचिव चंदूवीर भुइयां, कोषाध्यक्ष तेजनरायण राम, एवं सैंकड़ों की संख्या में भुईयां समाज के लोग मौजूद थे.

# गोला प्रखंड से 65 तीर्थयात्रियों का जत्था तीर्थाटन के लिए हुआ रवाना



शुभम संदेश। रामगढ़

**रामगढ़।** विकास भी, संस्कार भीर की सोच को आगे बढ़ाते हुए हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने रसांसद तीर्थ दर्शन महाअभियानर की शुरुआत की है. इसी कड़ी में आज गोला प्रखंड के बंदा पंचायत से 65 तीर्थयात्रियों का आठवां जत्था तीर्थ यात्रा के लिए रवाना हुआ. यह यात्रा बुजुर्गों के सम्मान और उनकी आस्था को ध्यान में रखकर शुरू की गई है, जिसके तहत उन्हें काशी विश्वनाथ, अयोध्या, प्रयागराज और विंध्याचल जैसे पवित्र स्थलों का दर्शन कराया जाएगा. मुरपा गांव के बजरंगबली मंदिर से शनिवार को 65 तीर्थयात्रियों को गाजे-बाजे और पुष्पवर्षा के साथ पूरे उत्साह से विदा किया गया. इस दौरान भगवा पताकाएं लहराई गईं, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया.तीर्थयात्रियों को रवाना करने से पूर्व ढोल बाजा के साथ सैकड़ो ग्रामीणों ने गांव का भ्रमण किया .इस दौरान ग्रामीणों ने तीर्थ यात्रियो का पुष्प वर्षा कर स्वागत भी किया. इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे, जिनमें मुख्य रूप से हजारीबाग लोकसभा सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र सिंह, रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, रामगढ़ विधानसभा सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर चौधरी और मांडू विधानसभा सांसद प्रतिनिधि द्वारिका सिंह शामिल थे. अतिथियों ने श्रद्धालुओं को माला पहनाकर, उनके पैर धोकर और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानपूर्वक विदा किया.

रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल ने इस पहल पर कहा कि यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल जी ने विकास के साथ-साथ संस्कार की सोच को भी प्राथमिकता दी है. उन्होंने हजारीबाग और रामगढ़ जिले के विभिन्न प्रखंडों से सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियान की शुरुआत करके एक नई मिसाल पेश की है. यह अभियान न केवल लोगों को तीर्थ यात्रा का अवसर प्रदान कर रहा है, बल्कि उन्हें एक साथ आने और अपनी आस्था को मजबूत करने का भी मौका दे रहा है. इस कार्यक्रम में भाजपा गोला मंडल अध्यक्ष बबलू साव, गोला मंडल सांसद प्रतिनिधि प्रीतम झा, दुलमी मंडल सांसद प्रतिनिधि बिक्की कुमार महतो, जितेंद्र साहू, महामंत्री रवि हाजरा, भाजपा नेता मनोज महतो, सूरज वर्मा, सुलेखा देवी, सुधा देवी, उत्तम कुशवाहा, ललन कुशवाहा उज्जवल चक्रवर्ती, विकाश मणि पाठक, संतोष महतो, प्रदीप कुमार सहित सैकड़ों ग्रामीण भी उपस्थित थे.

### शारदीय नवरात्र की तैयारियों में जुटे ग्रामीण



**चतरा।** टंडवा प्रखंड क्षेत्र में शारदीय नवरात्र भव्य तरीके से मनाने हेतु ग्रामीण तैयारियों में जुट गये हैं. रविवार को कबरा पंचायत के सिसई स्थित देवी मंडप के प्रांगण में स्थानीय ग्रामीणों की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता छेदी पांडेय ने किया. सर्वसम्मति से पिछले साल गठित पूजा समिति को भंग कर पुनर्गठन करते हुवे अध्यक्ष सुमन भारतीय, सचिव रंजीत रजक, कोषाध्यक्ष संतोष पांडेय व प्रदीप रजक, उपाध्यक्ष सर्वेश पांडेय व संतोष रजक तथा संयोजक विकास पांडेय मनोनीत किये गये. वहीं बताया गया कि अग्रिम बैठक में समिति का विस्तार किया जाएगा. इस मौके पर ईश्वर दयाल पांडेय, उदय पांडेय, शैलेश कुमार, शिवनाथ रजक, बालेश्वर रजक, परमेश्वर रजक, संजय पांडेय, नरेश महतो समेत दर्जनों लोग मौजूद थे.

# गश्ती के दौरान अवैध बियर के साथ तीन युवक गिरफ्तार



**कोडरमा।** आरपीएफ ने कोडरमा स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या-04 पर गश्ती के दौरान अवैध बियर के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है. बरामद बियर में प्रत्येक की क्षमता 500 मिलीलीटर कीमत 140 रूपये है. गिरफ्तार युवकों में रौशन कुमार पिता अनिल प्रसाद साकिन आतोपुर जिला गया जी, संजीत कुमार पिता रूपू यादव साकिन केंदुआ जिला गया जी बिहार तथा राम कुमार जिला गया जी बिहार शामिल है. गिरफ्तार युवकों के पास से 48 किंग फिशर बियर बरामद किया गया. युवकों ने बताया कि वे लोग झारखंड से बिहार लेकर अधिक मूल्य पर बियर बेचने का काम करते हैं. गश्ती दल का नेतृत्व निरीक्षक प्रभारी दीपक कुमार कर रहे थे. गश्ती में सहायक उप निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार दूबे, आरक्षी पूरनचंद मीना आदि शामिल थे. बरामद बियर और पकडे गए आरोपियों को आरपीएफ ने उत्पाद विभाग के हवाले कर दिया.

## मगध संघमित्रा आम्रपाली कोल परियोजना से जुड़े रैयतों की बैठक संपन्न

# फर्जीवाड़ा करनेवाले जमीन दलालों का ग्रामीणों ने किया जोरदार विरोध

विनोद यादव। चतरा



सीसीएल की टंडवा में संचालित मगध संघमित्रा आम्रपाली कोल परियोजना से जुड़े रैयतों की बैठक सराढू स्थित प्रदाहि मैदान में की गई. बैठक की अध्यक्षता पाली महतो व संचालन सुबोध सिंह ने किया. बैठक में सेकड़ो रैयतों ग्रामीणों ने भाग लेकर मगध संघमित्रा अम्रपाली के रैयतों के भूमि पर फर्जीवाड़ा कर के सेकड़ो एकड़ जमीन का रशीद टंडवा अंचल द्वारा निर्गत किए जाने पर आक्रोश ग्रामीणों ने बैठक में सीसीएल दलालो अधिकारियों के विरुद्ध जमकर नारेबाजी करके विरोध किया है. बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने सीसीएल के विरुद्ध गोलबंद होकर एकता पर बल दिया. सुबोध सिंह ने कहा संघमित्रा परियोजना खोलने से पूर्व में संघमित्रा के रैयतों के दस दशक से जोत कोड और घर बने भूमि को अधिकारी और दलालों को मिली भगत से सैकड़ो एकड़ जमीन हर्जीवाड़ा करके रसीद निर्गत करवा लिया गया है. इस फर्जीवाड़ा पर नौकरी मुआवजा लेने के लिए कुछ गांव के दलालों के साथ गांठ के बहरियों द्वारा सीसीएल में नौकरी लेने के लिए सत्यापन और गांव से एनओसी लेने के लिए दलालों द्वारा कमेटी बनाकर अध्यक्ष सचिव बना कर एनओसी देने फिराक का भनक लगते सरादु ग्रामीणों ने बैठक करके मामला का पर्दाफाश कर दिया है. बैठक में ग्रामीणों ने विभिन्न प्रकार से प्रस्ताव पारित किया है. जिसमें मगध संघमित्रा या अम्रपाली में सरादु के जमीन पर फर्जीवाड़ा करने वाले के विरुद्ध समिति बनाकर हक अधिकार की लड़ाई लड़ने का निर्णय, दलालों ओर कंपनियां बहरियों लोगों को संरक्षण देने वाले व्यक्तियों को चिन्हित करने, समिति में गांव के सैकड़ो लोगों को जोड़कर हक अधिकार लड़ने का निर्णय लिया गया है. बैठक में सभी विस्थापित रैयतों ग्रामीणों एक जुट होकर सीसीएल प्रबंधन, दलालो, गुर्गे, फर्जीवाड़ा करने वाले अधिकारियों के खिलाफ हक अधिकार की लड़ाई लड़ने का बिगुल फुका है.

**स्वतंत्रता दिवस** शहीदों के बलिदान को याद करते हुए निर्देशिका एवं प्राचार्य ने ध्वजारोहण किया

# मॉडर्न पब्लिक स्कूल में मनाया गया आजादी का जश्न

शुभम संदेश ।कोडरमा




मॉडर्न पब्लिक स्कूल झुमरीतिलैया में आजादी के 79 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर सम्मानपूर्वक ध्वजारोहण किया गया. सर्वप्रथम विद्यालय के बैंड ग्रुप के द्वारा विद्यालय निर्देशिका श्रीमती संगीता शर्मा एवं विद्यालय प्राचार्य गुरुचरण वर्मा को स्कॉट करते हुए विद्यालय मैदान में लाया गया, तत्पश्चात वीर अमर शहीदों के बलिदान को याद करते हुए विद्यालय निर्देशिका एवं प्राचार्य के द्वारा ध्वजारोहण किया गया और बड़े ही सम्मान के साथ राष्ट्रगान गया गया. विद्यालय के परेड दस्ते के द्वारा कदम से कदम मिलाकर आकर्षक परेड दर्शाया गया. यह परेड निश्चय ही उन वीर सैनिकों के अनुशासन एवं दृढ़ निश्चय का प्रतीक के रूप में था. स्वतंत्रता के इस जश्न को मनाते हुए विद्यालयों में समूह नृत्य एवं समूह गीत का आयोजन भी किया गया. छात्राओं द्वारा कुल दो समूह नृत्य दर्शाया गया, जिसमें सीनियर ग्रुप की छात्राओं ने बड़े ही अनोखे ढंग से भारतीय संस्कृति को दर्शाती हुई पंजाबी नृत्य एवं जूनियर ग्रुप के बच्चों के द्वारा एक देशभक्ति नृत्य प्रस्तुत किया गया.

वहीं विद्यालय के गायन समूह के द्वारा देश भक्ति से परिपूर्ण गीत प्रस्तुत किया गया, जिसे सुनकर उपस्थित लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना उमर पड़ी. छात्रों में नया जोश भर आया. साथ ही विद्यालय की दसवीं की छात्रा राशि बंसल के द्वारा द्वारा हिंदी भाषण और 11वीं के छात्र श्रुति कुमारी के द्वारा अंग्रेजी में भाषण जोशीला भाषण प्रस्तुत किया गया. सिलसिलेवार ढंग से कार्यक्रम का संचार करने के लिए विद्यालय के छात्र शुभोदीप अधिकारी एवं छात्रा श्रेया सलूजा ने मंच संचालन कर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई .मौके पर विद्यालय प्राचार्य श्री गुरुचरण वर्मा ने उपस्थित सभी लोगों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस भारतीय इतिहास की स्वर्णिम पृष्ठ है, जहां हम उन वीर शहीदों के नाम अंकित हैं. हम उनको याद कर नमन करते हैं. उन्होंने असहनीय अंग्रेजों के अत्याचार सहते हुए कुर्बान हो गए. मैं उन शहीदों को सलाम करता हूं. जिस प्रकार अनेक क्रांतिकारी नेता बलिदान देकर राष्ट्रीय एकता और अखंडता को सुनिश्चित कर हमें दिया है, हमें भी यह प्रण करना चाहिए कि इसी प्रकार भारतीय एकता को भविष्य में बरकरार रखेंगे और भारतीय संस्कृति का सम्मान करेंगे.विद्यालय निर्देशिका श्रीमती संगीता शर्मा ने भी उपस्थित सभी छात्रों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को स्वतंत्रता दिवस की बधाइयां देते हुए राष्ट्रध्वज का सम्मान करने को कहा. उन्होंने तो स्वयं देश भक्ति गीत गाकर छात्रों के हृदय में दोबारा देशभक्ति की भावना जागृत की. स्वतंत्रता दिवस के इस सफल आयोजन में विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं ने विशेष भूमिका अदा की.

### श्रद्धांजलि सह संस्कार भोज का किया आयोजन

**हजारीबाग।** दिशोम गुरु शिबू सोरेन की याद में झामुमो जिला उपाध्यक्ष दीपक राय ने श्रद्धांजलि सह संस्कार भोज का आयोजन किया. यह आयोजन हजारीबाग शहर के दिपुगढ़ा स्थित ओल्ड एज होम और हुडहुडू स्थित सामाजिक समस्या निवारण एवं कल्याण संस्थान में किया. कार्यक्रम की शुरुआत गुरुजी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने से हुई.इसके उपरांत वृद्ध आश्रम में रह रहे बुजुर्गों को अंगवस्त्र दिया और भोजन कराया. उसके बाद फोरेस्ट कालोनी हुड़हुड़ु स्थित सामाजिक समस्या निवारण एवं कल्याण संस्थान पहुंचे और वहां रह रहे दिव्यांग बच्चों के बीच लंच पैकेट का वितरण किया. दीपक राय ने कहा कि माता-पिता तुल्य बुजुर्गों और बच्चों के बीच समय बिताकर आत्मिक शांति का अनुभव हुआ. उन्होंने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि आज गुरुजी हमारे बीच नहीं हैं,

## एक नजर

### बरकाकाना में चेहल्लुम पर लाठी प्रतियोगिता



**रामगढ़।** सीआइसी बस्ती बरकाकाना में रविवार को चहल्लुम के अवसर पर शानदार लाठी मुकाबला का आयोजन किया गया. आयोजन में मुख्य अतिथि जीएस मल्होत्रा, विशिष्ट अतिथि रमेश प्रसाद यादव, पूर्व पार्षद विनोद तिवारी, संदीप मल्होत्रा, परवेज आलम, इम्तियाज आलम, बिट्टू खान, शकील खान, अनवर हुसैन आदि उपस्थित थे. लाठी मुकाबले में छह टीमों के खिलाड़ियों ने भाग लिया. जिसमें स्टार ब्लैक कमांडों हेहल, कोबरा बटालियन चैनगड़ा, हुसैनी टीम बदाही, मौला अली तिरला, गोला, तुफान टीम बोकारो, इस्लाम तारा टीम पलानी शामिल था. सभी टीमों के खिलाड़ियों द्वारा परंपरागत लाठी, भाला, फरसा, तलवार के कई हैरतअंगेज खेल का प्रदर्शन कर खुब वाहवाही लुटी. निर्णायक की भूमिका डॉ शाहनवाज खान, मो शाहीद, मो हसन राय ने निभाई. रेफरी की भूमिका क्यूम अंसारी ने निभाई. जबकि संचालन ताहिर हुसैन, मो साजिद, मुमताज़ अंसारी ने किया. शानदार खेल प्रदर्शन में निर्णायक मंडली द्वारा मौला अली तिरला गोला को प्रथम, इस्लाम तारा टीम पलानी द्वितीय, कोबरा बटालियन चैनगड़ा तृतीय घोषित किया गया. सभी टीमों के खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया.

### पुलिस ने कार से 102 किलो डोडा किया जब्त

**बरही।** बरही पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए रविवार को एक वरना कार संख्या यूपी 70 सीवाई 9444 से 102 किलो डोडा बरामद किया. हालांकि तस्कर मौके से भागने में सफल रहा. बरामद डोडा की कीमत लाखों रुपये आंकी जा रही है. रविवार सुबह करीब 9:30 बजे पुलिस अधीक्षक हजारीबाग को सूचना मिली कि एक सफेद रंग की वरना कार में संदेहास्पद वस्तु लदी हुई है. सूचना पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही अजित कुमार बिमल को कार्रवाई का निर्देश दिया गया. इसके बाद पुलिस अवर निरीक्षक हरेन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में बरही चौक पर वाहन जांच अभियान चलाया गया. सुबह 10:05 बजे वरना कार यूपी 70 सीवाई 9444 बरही चौक पहुंची. पुलिस ने कार रोकने का इशारा किया तो चालक तेजी से गया रोड की ओर भाग निकला. पीछा करने पर उसने कार हरिनगर गली में लगाकर लॉक किया और फरार हो गया. पुलिस ने कार को क्रेन से थाना लाया कार के अंदर सफेद रंग के बोरे दिखाई देने पर शक गहराया. अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी की मौजूदगी और सशस्त्र बल के गवाहों के सामने कार को खोला गया तो उसमें से सात बोरे डोडा बरामद हुए. जिनका वजन करने पर कुल 102 किलोग्राम पाया गया.

### 18वीं महापरिनिर्वाण दिवस पर निकली बाइक रैली

**हंटरगंज(चतरा)।** हंटरगंज प्रखंड से चतरा तक पर्वत पुरुष दशरथ मांझी के 18वीं महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के जिला अध्यक्ष मनोज भुईया के नेतृत्व में रविवार को लगभग 11 बजे बाइक रैली निकाली गई जिसमें हम पार्टी के हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए. यह रैली करमुख्य उदेश पर्वत पुरुष दशरथ मांझी के विचार धारा पर चलने का आवाह्न किया गया वही हम के सभी कार्यकर्ताओं ने भारत रत्न की मांग की. यह जानकारी हम पार्टी के जिला अध्यक्ष मनोज भुईयां ने दी उन्होंने कहा कि मेरे नेतृत्व में हंटरगंज से चतरा के बाबा घाट तक विशाल बाइक रैली निकाली गई है जिसमें हम पार्टी के हजारों कार्यकता शामिल हुए यह बाइक रैली का समापन बाबा घाट मैदान में किया गया. मौके हम पार्टी युवा जिला अध्यक्ष शिव कुमार भारती, जिला महासचिव सह मुखिया प्रभु भारती, एससी एसटी जिला अध्यक्ष कुलेश्वर भोक्ता, जिला महामंत्री सुरेश भारती, युवा जिला उपाध्यक्ष राहुल कुमार सिंह, एससी एसटी युवा जिला अध्यक्ष नंदललाल कुमार, प्रतापुर प्रखंड अध्यक्ष मुकेश भारती, हंटरगंज प्रखंड अध्यक्ष नंदकेशर भारती सहित हजारों कार्यकर्ता मौजूद थे.

### भगहर पंचायत में डायरिया से एक बच्चे की मौत

**चौपारण।** सुदूर बिहार सीमा से सटे चौपारण प्रखंड के भगहर पंचायत में डायरिया ने बीते सात दिनों से कहर बरपा दिया है. बीमारी की चपेट में मुख्य रूप से भुइंया समाज आ रहा है और हालात धीरे-धीरे भयावह होते जा रहे हैं. अब तक एक मासूम की मौत हो चुकी है, जबकि दर्जनों लोग, खासकर बच्चे, गंभीर रूप से बीमार हैं. बीते सप्ताह नावाडीह टोला निवासी रामबली भुइंया का पांच वर्षीय पुत्र बिक्रम कुमार डायरिया का शिकार होकर जिंदगी की जंग हार गया. परिवार के अन्य बच्चे नीलम, सपना और सूरज भी बीमार हैं जिनका इलाज जारी है. इसी टोला की अनिता देवी (पति अर्जुन भुइंया), शोभा देवी (पति दिलीप भुइंया), अंजनी कुमारी (पिता सिया भुइंया) समेत कई लोग संक्रमित हैं. इसी तरह घरसरी गांव के शिवम कुमार (पिता टुकलाल भुइंया), राधिका कुमारी (पिता अरुण भुइंया) समेत कई अन्य लोग भी बीमारी से जूझ रहे हैं. मुख्यालय से दूरी और स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी के कारण अधिकतर लोग नीम-हकीम से इलाज कराने को मजबूर हैं. हालाँकि बीते सप्ताह चौपारण सीएचसी की टीम ने गांव जाकर कुछ पीड़ितों का इलाज किया, लेकिन संक्रमण पर पूरी तरह नियंत्रण नहीं हो सका. इधर ग्रामीणों ने पूरी जानकारी विधायक मनोज यादव को दी. उन्होंने तत्काल मामले का संज्ञान लेते हुए उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह और सिविल सर्जन डा अशोक कुमार से बात की. उनके निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव पहुँची और पंचायत भवन में इलाज शुरू किया गया.

### "सिंघानी निवासी मोखतार पर जानलेवा हमला

**चतरा (पत्थलगड़ा)।** पत्थलगड़ा प्रखंड क्षेत्र में बीते मंगलवार को उस समय सनसनी फैल गई जब सिंघानी (परेवा) निवासी मोहम्मद मोखतार (57 वर्ष) पर दिनदहाड़े जानलेवा हमला कर दिया गया. यह घटना सुबह करीब 11 बजे पटना होटल के समीप घटी. मोखतार ने थाना प्रभारी को दिए आवेदन में बताया कि वे सिंघानी से काम निपटा कर परेवा स्थित अपने नए घर लौट रहे थे. तभी पहले से घात लगाए 8–10 लोग एक बोलेरो और एक मोटरसाइकिल से आए और उन्हें घेर लिया. उन्हीं में शामिल मोहम्मद असलम ने धारदार भुजाली की मुट्ठी से उनके माथे पर वार कर दिया. मौके पर मौजूद अन्य लोग – महजबीन परवीन, मो नईम, नईम की पत्नी, सुलेमान मियां तथा मो सिकंदर ने हमला किया. फिर सभी हमलावर वहां से फरार हो गए. ग्रामीणों की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पत्थलगड़ा पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज किया गया.

## ब्रीफ न्यूज

### दो दिन से लापता युवक का शव तालाब से बरामद

**गुमला।** पालकोट थाना क्षेत्र के टेंगरिया पंचायत में शिशु विद्या मंदिर कैंबा स्थित तालाब से ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने रविवार को 33 वर्षीय अभिषेक सिन्हा का शव बरामद किया है. जानकारी के अनुसार अभिषेक 15 अगस्त दिन शुक्रवार को घर से निकला था और उसके बाद घर वापस नहीं लौटा. तालाब में शव होने की जानकारी ग्रामीणों ने मुखिया को दी. मुखिया ने घटना की जानकारी पालकोट थाना को दी. पालकोट थाना की पुलिस ने शव को बरामद किया और पंचनामा के बाद सर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने शव परिवार जनों को सौंप दिया. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

### 2 सितंबर को मनाया जाएगा करम पूर्व संध्या कार्यक्रम

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कारो स्थित पिपरवार महाविद्यालय के प्रांगण में रविवार को विद्यालय प्रबंध समिति की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई.इस बैठक की अध्यक्षता महाविद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामचंद्र उरांव और संचालन सचिव बसंत नारायण महतो ने किया. बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाविद्यालय प्रांगण में करम पूर्व संध्या समारोह का आयोजन करने का निर्णय लिया गया.बैठक में काफी विचार विमर्श के बाद सर्वसम्मति से आगामी 2 सितंबर को महाविद्यालय प्रांगण में करम पूर्व संध्या समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया.बैठक में इसकी तैयारी को लेकर विचार विमर्श किया गया और कार्यक्रम को भव्य रूप देने को लेकर इसकी तैयारी पर समीक्षा की गई.

### पुलिस की बड़ी कार्रवाई 60 किलो गांजा बरामद

**सिमडेगा।** जिले में गांजा तस्करी और अवैध खनन के खिलाफ प्रशासन और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में बड़ी सफलता मिली है. डीसी से प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर कोलेबिरा के एसडीएम ने थाना पुलिस की मदद से छापेमारी अभियान चलाया. इस दौरान सफेद रंग की एक कार से गांजा की तस्करी कर रहे दो आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ा गया. पुलिस द्वारा कार की तलाशी लेने पर उसमें से लगभग 60 किलो अवैध गांजा बरामद हुआ. दोनों आरोपियों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया और उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है. यह कार्रवाई सिमडेगा एसपी मोहम्मद अर्शी और प्रभारी एसडीएम के निर्देशन में की गई. पुलिस अब तस्करों से पूछताछ कर उनके नेटवर्क और अन्य सहयोगियों का पता लगाने में जुटी है.

### अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ की बैठक संपन्न

**रांची।** झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के तत्वावधान में रविवार को अपर बाजार धर्मशाला में राज्य आजीविका पीआरपी व बीआरपी संवर्ग की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई. बैठक की शुरुआत में सभी कर्मचारियों ने शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखा. बैठक की अध्यक्षता मुख्य संरक्षक सुनील साह ने की. इस दौरान कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई. प्रमुख मांगों में वेतनमान में वृद्धि, महिला कर्मचारियों को विशेष अवकाश, तथा एल-5 और एल-6 वेतन संरचना में शामिल किए जाने की मांगें शामिल हैं.

हरिजन मोहल्ला में बन रही पानी की टंकी के निर्माण में घोर अनियमितता बरते जाने का मामला उजागर

# नल जल योजना की गुणवत्ता पर जन प्रतिनिधियों ने उठाए सवाल

शुभम संदेश। चैनपुर (गुमला)



चैनपुर प्रखंड के हरिजन मोहल्ला में नल जल योजना के तहत बन रही पानी की टंकी के निर्माण में घोर अनियमितता बरते जाने का मामला सामने आया है. स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने निर्माण कार्य में इस्तेमाल हो रही घटिया सामग्री और सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर गंभीर चिंता व्यक्त की है. पानी टंकी के चारदीवारी निर्माण में दो नंबर की ईंटों का इस्तेमाल किया जा रहा है. स्थानीय लोगों का कहना है कि यह निर्माण कभी भी ढह सकता है, जिससे एक बड़ी दुर्घटना होने की आशंका है. यह न केवल सरकारी धन का सीधा दुरुपयोग है, बल्कि लोगों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ भी है.इस मुद्दे पर बोलते हुए, जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा ने ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि चैनपुर प्रखंड में सरकार के पैसे का बंदरबांट नहीं होने दिया जाएगा. उन्होंने अधिकारियों से इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने और दोषी ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है. ग्रामीणों ने 33 हजार वोल्ट का नंगा तार गांव के बीच से ले जाने पर आपत्ति जताया है. कहा है कि नंगा तार को सुरक्षित कवर करके ही पार किया जाए. उप प्रमुख प्रमोद खलखो ने भी निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठाए. कहा कि सरकारी पैसे का दुरुपयोग नहीं होना चाहिए और काम पूरी गुणवत्ता के साथ होना चाहिए.

### जल जीवन मिशन योजना का ग्रामीणों को नहीं मिल रहा लाभ



**गुमला। गुमला** प्रखंड के खोरा पंचायत वार्ड नंबर चार में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से जल जीवन मिशन के तहत लगे सोलर आधारित लघु ग्रामीण जलापूर्ति योजना का ग्रामीणों को लाभ नहीं मिल रहा है. इसका निर्माण वर्ष 2022-23 में हुआ है. जल मीनार बना है. जल मीनार बनने के कुछ दिनों तक ग्रामीणों को पाइप के द्वारा घर घर जलापूर्ति हो रहा था. फिलहाल जलापूर्ति ठप है. ग्रामीणों द्वारा विभाग के कनीये अभियंता को एवं कार्यपालक अभियंता को आवेदन देकर जलापूर्ति की मांग की है. लेकिन विभाग की ओर से टाल मटोल कर दिया जा रहा है. ठेकेदार आधा अधूरा काम कर छोड़ दिया गया है वार्ड पार्षद श्रीमती सत्यभामा देवी ने प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा है कि उपरोक्त जल मीनार से जिला पूर्ति करने की मांग की है.

# श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर भक्ति रस में सराबोर हुए भक्त

शुभम संदेश। गुमला



गुमला में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव शनिवार की मध्य रात्रि श्रद्धा भक्ति आस्था और विश्वास के साथ संपन्न हो गया. गुमला में मुख्य रूप से पालकोट रोड स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में, लोहरदगा रोड के गोपाल मंदिर में और श्री बड़ा दुर्गा मंदिर में भगवान श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर मध्य रात्रि पूजा अर्चना कर आरती की और अपने सुख शांति समृद्धि का कामना की. पालकोट रोड स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर परिसर में रौनियार वैश्य समाज की ओर से भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमें जय कन्हैया लाल की... मदन गोपाल की जयकारे के बीच भक्त भक्ति के सागर में गोता लगा रहे थे. कलाकार गा रहे थे और लोग श्रद्धा से झूम रहे थे नाच रहे थे. प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ध्रुव चंद्र मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर भजन संध्या कार्यक्रम कर शुरुआत की. विनय मिश्रा और उनकी टीम ने एक से बढ़कर एक सुरमयी भजन प्रस्तुत कर लोगों को भक्ति रस में सराबोर कर दिया. श्री कृष्ण और राधा की वेश में बच्चे आकर्षक का केंद्र बने रहे. रात के बारह बजे श्री कृष्ण जन्मोत्सव के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया. समाज के अध्यक्ष विनोद प्रसाद, सचिव अनमोल गुप्ता आदि ने कार्यक्रम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरेश प्रसाद यादव, थाना प्रभारी महेंद्र करमाली सहित अन्य सम्मानित अतिथियों का श्री राधा कृष्ण का पट्टा देकर और बैच पहनाकर स्वागत किया गया. श्री बड़ा दुर्गा मंदिर में यादव समाज की ओर से श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया.

### चैनपुर में धूमधाम से मनाई गई कृष्ण जन्माष्टमी



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय में जन्माष्टमी का पावन पर्व बड़े ही धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया गया. इस दौरान, प्रखंड मुख्यालय का माहौल पूरी तरह से भक्तिमय हो गया.इस साल का उत्सव खास रहा, क्योंकि बच्चों ने राधा-कृष्ण के मनमोहक रूप में सज-धजकर कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए. नन्हे-मुन्ने बच्चों ने मिलकर केक काटा और भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव की खुशी जाहिर की.प्रखंड के दुर्गा मंदिर परिसर और ब्लॉक परिसर में स्थित मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया. पंडितों और आचार्यों ने वैदिक as मंत्रोच्चारण के साथ पूजा संपन्न कराई, जिससे वातावरण और भी पवित्र हो गया. आधी रात को, ठीक 12 बजे भगवान कृष्ण के जन्म लेते ही पूरा इलाका 'हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की' और 'नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' जैसे उद्घोषों से गूंज उठा.पूरे प्रखंड के मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था. रातभर लोग भगवान की भक्ति में लीन रहे. खासकर बच्चों में इस पर्व को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा गया, जो रातभर जागकर भगवान की आराधना करते रहे. इस सफल आयोजन में स्थानीय युवाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

### वाहन चालकों की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही

शुभम संदेश। पिपरवार

सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले विभिन्न परियोजना मे वाहन चलाने वाले प्राईवेट वाहन चालको का चक्का जाम हड़ताल रविवार को दुसरे दिन भी जारी रहा.दस सूत्री मांगों को लेकर प्राईवेट वाहन चालक जनता मजदूर संघ के बैनर तले हड़ताल पर है.इस दौरान स्थानीय प्राइवेट वाहन चालक लगातार दुसरे दिन पिपरवार जीएम ऑफिस के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन पर बैठ रहे.जिसमे जनता मजदूर संघ एनके पिपरवार के कई पदाधिकारी सहित स्थानीय प्राईवेट वाहन चालक शामिल है.इस दौरान वाहन चालकों ने जमकर नारेबाजी भी की.

धरना पर बैठे वक्ताओं ने बताया कि पिपरवार क्षेत्र के प्राइवेट वाहन चालकों के न्यूनतम मजदूरी सहित 10 सूत्री मांग पत्र पूर्व मे स्थानीय सीसीएल प्रबंधन को दिया है. इसके बाद सीसीएल प्रबंधन के साथ दो चरणों मे वार्ता भी हुई, लेकिन वाहन चालकों की मांगों पर कोई पहल नहीं होने के बाद आक्रोशित वाहन चालको ने जनता मजदुर संघ के बैनर तले अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन एंव हड़ताल पर है. वक्ताओं ने कहा कि सीसीएल प्रबंधन द्वारा जब तक प्राइवेट वाहन चालकों की मांगे पूरी नहीं करती है तब तक धरना प्रदर्शन और हड़ताल जारी रहेगा.मौके पर जनता मजदूर संघ के जोनल सचिव के प्रताप यादव, पिपरवार एरिया अध्यक्ष निर्मल सिंह, एनके एरिया सचिव गोल्डन प्रसाद यादव, एरिया अध्यक्ष डीपी सिंह, आदेश गंझू सहित कई चालक मौजूद थे.

## पुलिस ने बोलेरो से तीन मवेशी जब्त किए, दो तस्कर गिरफ्तार



शुभम संदेश। डुमरी (गुमला)

डुमरी थाना क्षेत्र खेतली पंचायत के रातासिली गांव में रविवार की सुबह ग्रामीणों और प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई में एक बड़ा अवैध मवेशी तस्करी का मामला सामने आया है. पुलिस ने एक बोलेरो वाहन से तीन मवेशी बरामद करते हुए दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया है. एक बोलेरो में अवैध तरीके से मवेशी ले जाने की गुप्त सूचना पर ग्रामीणा ने जैरागी और डुमरडांड के बीच बोलेरो को रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक गाड़ी लेकर भागने में सफल रहा. इसकी जानकारी ग्रामीणों डुमरी थाना को दी. पुलिस और ग्रामीणों के इस अभियान में बोलेरो रातासिली गांव में पकड़ लिया गया. जेएच 07डी 8428 नंबर के बोलेरो से तीन मवेशी को बरामद किया गया जिसे पीछे तरह क्रूरता पूर्वक ठूंसकर रखा गया था. मौके से पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनकी पहचान याकूब खान और मसूद खान के रूप में की गई.

## धूमधाम से मनी श्री कृष्ण जन्माष्टमी, हुई पूजा-अर्चना

शुभम संदेश। पिपरवार



सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाको मे श्री कृष्ण जन्माष्टमी धुमधाम के साथ मनायी गई.पिपरवार के बचरा सहित सभी ग्रामीण इलाको के मन्दिरो सहित कई स्थानो पर बाल गोपाल का जन्मोत्सव मनाया गया.बचरा चार नम्बर शिव मन्दिर, बाजारटांड़ स्थित श्रीराम जानकी मन्दिर, बिशुझापा मन्दिर,राय कोलियरी,पुरानीराय, बेंती, बिलारी, किचटो, चिरैयांटांड़, बहेरा, कल्याणपूर, बुंडु, राय सहित अन्य इलाको के मन्दिरो मे देर रात तक विधिवत पूजा अर्चना के बाद श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया.इस दौरान महिला श्रद्धालुओं ने फूलो से सजी पालकी मे श्री कृष्ण को झुला झुलाया. बचरा शिव मन्दिर के पुजारी शिवनन्दन पाण्डेय ने बताया कि हिंदू धर्म में कृष्ण जन्माष्टमी का विशेष महत्व है. भाद्रपद माह की कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को रोहिणी नक्षत्र में भगवान श्री कृष्ण का जन्म हुआ था.इस दिन हर साल जन्माष्टमी मनाई जाती है.कृष्ण जन्माष्टमी के दिन भगवान श्री कृष्ण के बाल स्वरूप लड्डू गोपाल की पूजा की जाती है.भगवान श्री कृष्ण को भगवान विष्णु का आठवां अवतार माना गया है. हिंदू देवी देवताओं में श्रीकृष्ण को सबसे अलग दर्जा दिया गया है.उनकी लीलाओं की वजह से ही भगवान श्री कृष्ण को कई नामों से जाना जाता है.कहीं कान्हा,कहीं लड्डू गोपाल, कहीं, बंशीधर, नंदलाला, देवकीनंदन व आदि कई नामों से पुकारा जाता है.पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में रात भर श्री कृष्ण जन्माष्टमी की धूम देखी गई. इधर बचरा राम जानकी मन्दिर मे श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर 12 घंटे का अखंड कीर्तन का भी समापन किया गया. इस अवसर पर सभी श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का भी वितरण किया गया. कोयलांचल क्षेत्र के कई मंदिरों में देर रात तक श्री कृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन चलता रहा, जिसको लेकर पिपरवार पुलिस भी रात भर सभी जगहो पर गश्त करती रही.

आजाद बस्ती

आयोजन को सफल बनाने को लेकर दो सौ मेंबर बनाए गए हैं

# चीरी में 19 - 20 अगस्त को खेल नुमाइश कार्यक्रम का आयोजन

शुभम संदेश। कुड़ू/लोहरदगा



कुड़ प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत चीरी आजाद बस्ती में आगामी 19 और 20 अगस्त को चेहल्लुम के मौके पर चेहल्लुम खेल नुमाइश सह मेला प्रोग्राम का आयोजन किया जाएगा. इसकी सफलता हेतु कमेटी के द्वारा तैयारियां तेज कर दी गई है. मालूम हो कि कुड़ प्रखंड अंतर्गत चीरी आजाद बस्ती में दो दिवसीय खेल नुमाइश सह मेला प्रोग्राम का आयोजन बड़े ही धूमधाम से आयोजित कराए जाने को लेकर आयोजन समिति की ओर से बैठक कर रणनीति बनाई गई. उक्त आशय की जानकारी देते हुए संरक्षक सह कुड़ प्रखंड के उप प्रमुख ऐनुल अंसारी ने बताया कि आगामी 19 अगस्त को अपराह्न 02:00 बजे मेला का उद्घाटन किया जाएगा. वहीं 20 अगस्त को अपराह्न 02:00 बजे खेल नुमाइश प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा. ऐनुल अंसारी ने बताया कि खेल नुमाइश सह मेला के सफल आयोजन एवं आपसी सौहार्द तथा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराए जाने को लेकर सौ से दो सौ मेंबर बनाए गए हैं, सभी सदस्यों को अपनी-अपनी जिम्मेवारी सौंपी गई है. उन्होंने बताया कि आजाद बस्ती चीरी में लगने वाले मेला में झूला, ब्रेक डांस, ड्रैगन, मंकी मैंस तथा अनेकों प्रकार के मनोरंजन की चीजें की व्यवस्था की गई है,जो आकर्षण का केंद्रबिंदु होगा. ऐनुल अंसारी ने बताया कि नुमाइशी खेल प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले सभी अखाड़ों को पुरस्कृत किया जाएगा. उन्होंने बताया कि इसके लिए लोहरदगा, रांची, गुमला, लातेहार,चतरा समेत अन्य कई जिलों के अखाड़े को आमंत्रित किया गया है. संरक्षक ऐनुल अंसारी ने कहा कि है खेल नुमाइश सह मेला प्रोग्राम में क्षेत्र के कई नामचीन बड़े हस्तियां शरीक होंगे.

आयोजन समिति के संरक्षक ऐनुल अंसारी ने बताया कि चीरी आजाद बस्ती में आयोजित होने वाले खेल नुमाइश सह मेला प्रोग्राम को सफल बनाने हेतु कमेटी में दिलदार अंसारी, महमूद अंसारी, नजीबुल अंसारी, शहजाद अंसारी, अताउल अंसारी, साबिर अंसारी, रोजामत अंसारी, संजू तुरी, हकीम अंसारी, जसीम अंसारी, इकरामुल अंसारी, सद्दाम अंसारी, सनाउल अंसारी, परवेज अंसारी, इस्तियाक अंसारी, शमीम अंसारी, शाकिर अंसारी, कलीम अंसारी, नौशाद अंसारी,तिफ़ाजत अंसारी,ऐनुल अंसारी, मुर्शीद अंसारी, शकील अंसारी, एजाजुल अंसारी, अहद अंसारी, अजीज अंसारी, अजीबुल अंसारी, इमरान अंसारी, शोएब अंसारी, रिजवान अंसारी, अनीश अंसारी,खालिद अंसारी,सोनू अंसारी, एजाज अंसारी, इरफान अंसारी, सोहेल अंसारी, शकीम अंसारी,अनवर अंसारी, महताब अंसारी, अमीन अंसारी, महबूब अंसारी,अरशद अंसारी, जियाउल अंसारी, शेयमुल अंसारी, अब्राउल अंसारी,जुबेर अंसारी, शमशेर अंसारी,एहसान अंसारी, तारिक अंसारी शामिल किये गए हैं.

### न्यू मंगरदाहा दामोदर नदी के समीप मिला शव

**पिपरवार।** पिपरवार थाना क्षेत्र के न्युमंगरदाहा दामोदर नदी के समीप रविवार की दोपहर अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से इलाके मे सनसनी फैल गई.शव की पहचान नही हो सकी है. जानकारी के अनुसार दामोदर नदी के बगल से गुजर रहे कुछ लोगों ने नदी के किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का शव देखा और इसकी सूचना आसपास के इलाकों के लोगो के अलावा स्थानीय पिपरवार पुलिस को दी. इसके बाद काफी संख्या में वहां स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई. वहीं सूचना पाकर पिपरवार थाना प्रभारी अभय कुमार सशस्त्र बल के जवानों के साथ मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली.पुलिस ने मौके से शव को कब्जे मे कर लिया है और आगे की कारवाई शुरु कर दी है. पुलिस के द्वारा शव की पहचान के लिए आस पास के इलाको मे पता लगाया जा रहा है. थाना प्रभारी अभय कुमार ने बताया कि शव की पहचान नहीं हो सकी है.

## एक नजर

### जहां भी आदिवासी समुदाय है, वहां खनन की काफी गुंजाइश हैः सांसद सुखदेव भगत



**लोहरदगा।** खान एवं खनिज (विकास एवं विनियम) संशोधन विधेयक 2025 के संदर्भ में लोहरदगा लोकसभा के माननीय सांसद सह कोयला खान, इस्पात संबंधी स्थायी समिति के सदस्य सुखदेव भगत देव भगत ने कहा कि इस विधेयक के माध्यम से प्रकृति के साथ पारिस्थितिक संतुलन नहीं बनाए रखा जाएगा. स्थानीय समुदायों विशेषकर आदिवासियों के अधिकारों का हनन हो रहा है. यह सरकार (केंद्र) प्रकृति के साथ खिलवाड़ करना चाहती है. इसका ध्यान मुनाफे पर ज्यादा है और वह कॉरपोरेट सेक्टर से ज्यादा से ज्यादा फायदा पहुंचाना चाहती है. स्थायी समिति में हमने लगातार जैव विविधता और हरित खनन पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत पर जोर दिया है. विडम्बना यह है कि भारत में जहां भी आदिवासी समुदाय है, वहां खनन कीकाफी गुंजाइश है. लेकिन वहां रहने वाले आदिवासियों की सुरक्षा होनी चाहिए, उन्हें विस्थापित नहीं किया जाना चाहिए. हम अनुशंसा करते हैं कि गहन अध्ययन के बाद आगे की कार्रवाई की जाए.

### गुमला में हर्षोल्लास से मनाया गया चेहल्लुम पर्व



**गुमला।** गुमला में रविवार को चेहल्लुम का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाया गया. इस अवसर पर मुस्लिम समुदाय द्वारा पारंपरिक जुलूस निकाला गया, जिसमें हिन्दू-मुस्लिम एकता की अनूठी मिसाल देखने को मिली. देशभक्ति गीतों की धुन और करतबों के बीच यह जुलूस शहर की फिज़ा में भाईचारे का पैग़ाम घोलता रहा. जुलूस आजाद बस्ती, इस्लामपुर, हुसैन नगर, बाबर गली, थाना रोड, आंबेडकर नगर, खड़िया पाड़ा, चांदनी चौक, बाजारटांड़, सिसई रोड, टावर चौक होते हुए गांधी नगर मोड़ तक पहुंचा. इसके बाद पुनः टावर चौक, थाना रोड, लोहरदगा रोड, महावीर चौक, मेन रोड होते हुए देर रात समापन हुआ. बारिश के बावजूद जुलूस में शामिल लोगों का उत्साह कम नहीं हुआ. जैसे ही बारिश थमी, मोहल्लों से लोग उत्साहपूर्वक जुलूस में शामिल होने लगे. युवाओं ने तलवार, भाला और लाठी से करतब दिखाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया. जगह-जगह अखाड़ों के सदस्यों ने शारीरिक कौशल का प्रदर्शन किया. जुलूस में करीब 12 अखाड़े शामिल थे. देशभक्ति थीम पर आधारित ताजिया निकाला गया. जुलूस के दौरान एसपी हारिश बिन जमा, एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव और थाना प्रभारी महेंद्र करमाली को पगड़ी पोशी कर सम्मनित किया गया. इस अवसर पर अंजुमन इस्लामिया गुमला के सदर, सचिव मोहम्मद कलीम अख्तर उर्फ कलन, मो. लड्डन, जमील अख्तर, आफताब अंजुम, मो. मिन्हाजुद्दीन, हाजी आफताब आलम, चैतू उरांव आदि भी उपस्थित रहे.

### सलगी में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर अखंड हरिकीर्तन



**कुड़ू/लोहरदगा।** कुड़ू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सलगी में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर भक्तों की टोली झूमते हुए सराबोर दिखाई दिए. यहां पर बता दें कि सलगी में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य पर चौबीस घंटे का अखंड हरि कीर्तन का भव्य आयोजन किया गया. इस बीच कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने में सलगी पंचायत के सभी लोगों का विशेष सहयोग रहा. इस बीच चांपी कीर्तन मंडली, होटवार, जीमा, लालू टोली और तिसिया के कीर्तन मंडली ने भगवान श्रीकृष्ण एवं भगवान राम के नाम गुणगान किया. बताया गया कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य पर यह प्रोग्राम आयोजित की गई. इधर प्रोग्राम को भव्य और सफल बनाने में ज्योतिंद्र नाथ, राजन चंद्र मुखर्जी, मुनेश्वर साहू, हरि साहू, बाबूलाल साहू, मनोहर ठाकुर, जवाहर साहू, रामप्रसाद साहू, लाल रविंद्र नाथ शाहदेव आदि लोगों का सहयोग रहा.

### नृत्य प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**लोहरदगा।** नवयुवक संघ देवी मंदिर के तत्वाधान में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर राधा कृष्ण वेश-भूषा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें कुल 92 प्रतिभागियों ने भाग लिया. जिसमें कृष्ण वर्ग में प्रथम अथर्व कुमार केशरी, द्वितीय रुद्रांश खत्री, तृतीय प्रियांशु केशरी रहे. वहीं राधा वर्ग में प्रथम ट्यूश श्री, द्वितीय जीवीश बेनीवाल, तृतीय सौम्या उरांव रही. इस बीच सभी बच्चों को अतिथियों के द्वारा सांत्वना पुरस्कार भी दिया गया. इस दौरान प्रोग्राम में मुख्य अतिथि सुनील अग्रवाल, विशिष्ठ अतिथि के रूप में अंचलाधिकारी, दिनेश रजक एवं निर्णायक के रूप में सचिन मित्तल, सुधा देवी एवं नूपुर कश्यप और मंच संचालन अमित वर्मा एवं शुभम शर्मा ने किया. यहां पर राधा कृष्ण वेश भूषा प्रतियोगिता के बाद श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया एवं फिर मटकी फोड़ा गया. कार्यक्रम को सफल बनाने में विशाल वर्मा, अनुप साहू, रवि वर्मा, राहुल रजक, अनिल वर्मा, शुभम शर्मा,मेहू, प्रज्वल, बउआ, छोटू, विवेक, लक्ष्मी, आर्यन, मोना श्वेत, निशांत, पीयूष, आकाश आदि उपस्थित थे. इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं जय श्रीराम समिति के जिलाध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने कहा कि बच्चों में सनातन संस्कृति और ऐतिहासिक ज्ञान निमित्त नवयुवक संघ का कार्य सराहनीय कार्य है. वहीं नवयुवक संघ के संरक्षक रवि वर्मा ने कहा कि नवयुवक संघ बच्चों से ही भारती पौराणिक और ऐतिहासिक महत्व की जानकारी देता रहता है, इससे सनातन समाज के प्रति लोगों में भ्रम दूर होगा.

### लॉकडाउन के लेखक शहाब हमजा हुए सम्मानित



**इटकी।** अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन ने रविवार को अपने स्थानीय परिसर में एक कार्यक्रम आयोजित कर इटकी के प्रख्यात कवि, लेखक एवं पत्रकार शहाब हमजा को उनकी पुस्तक ₹लॉकडाउन₹ के सफल प्रकाशन हेतु सम्मानित किया.फाउंडेशन के साकेत सिंह ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया. मौके पर करियर काउंसलिंग अवेयरनेस कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं और विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शहाब हमजा ने कहा कि जागरूकता ही सफलता की पहली सीढ़ी है, जिस पर आगे बढ़कर लक्ष्य की ऊँचाइयों तक कदम बढ़ाए जा सकते हैं. जागरूकता के बिना अक्सर सपने सपने ही रह जाते हैं और हकीकत के आईने में ख्वाबों की तस्वीरें नहीं उभरा करती. आज दुनिया में जीने का अधिकार केवल उन्हीं को है जो जागरूक हैं. जो जागरूक होते हैं सफलता उनही के कदमों को चूमती है. उन्होंने कहा कि करियर पूरी तरह जागरूकता पर निर्भर करता है.कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे साकित सिंह ने कार्यक्रम उद्देश्यों और करियर पर अपने बहुमूल्य विचार व्यक्त किए, जबकि रोहित कुमार ने बच्चों के भविष्य को लेकर बेहतरीन सलाह दी. कार्यक्रम का संचालन मेराज आलम ने किया. इस अवसर पर सु जयंती, अदीबा बातिल, अलका मिंज, शगुफ्ता कशफ, बनिता तुर्की, ज्योति राम तुर्की, श्यामली कुमारी, शाहीन परवीन सहित इटकी प्रखंड, रांची और गुमला से बड़ी संख्या में महिलाएँ उपस्थित थीं. धन्यवाद ज्ञापन रोहित कुमार ने किया.

## मंथन

# अवैध बालू पर कार्रवाई कब तक होती रहेगी?

अवैध बालू खनन एक गंभीर पर्यावरणीय, सामाजिक और आर्थिक समस्या बन चुकी है. नदियों से अवैध रूप से बालू निकालने से न केवल पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान पहुंचता है, बल्कि यह कानून व्यवस्था को भी चुनौती देता है. सरकार और प्रशासन द्वारा समय-समय पर कार्रवाई की जाती रही है, लेकिन यह सवाल अब भी प्रासंगिक है – क्या ये कार्रवाई स्थायी समाधान है, या केवल अस्थायी उपाय? अवैध बालू खनन में शामिल माफिया शक्तिशाली होते हैं और राजनीतिक संरक्षण भी उन्हें प्राप्त हो सकता है. जब तक इस गोरखधंधे में लिप्त लोगों पर कठोर और निरंतर कार्रवाई नहीं होती, तब तक इसका खात्मा संभव नहीं है. सरकार ने कई जगहों पर जीपीएस ट्रैकिंग, ई-रवन्ना प्रणाली और ड्रोन निगरानी जैसी तकनीकों का उपयोग शुरू किया है, जिससे कुछ हद तक अवैध खनन पर लगाम लगी है.हालांकि, यह कार्रवाई कब तक चलेगी, इसका उत्तर इस पर निर्भर करता है कि प्रशासनिक इच्छाशक्ति कितनी मजबूत है और आम जनता कितनी सजग है. जब तक समाज में जागरूकता नहीं बढ़ेगी और स्थानीय लोग इसका विरोध नहीं करेंगे, तब तक माफिया नई-नई चालों से बालू चोरी करते रहेंगे. इसलिए, केवल पुलिसिया कार्रवाई काफी नहीं है. इसके लिए एक समन्वित रणनीति की आवश्यकता है जिसमें शासन, प्रशासन, न्यायपालिका और समाज सभी की भूमिका हो. तभी हम यह उम्मीद कर सकते हैं कि एक दिन अवैध बालू खनन पूरी तरह रुक जाएगा और नदियों का प्राकृतिक प्रवाह एवं पर्यावरण संतुलन सुरक्षित रह सकेगा. तब तक, यह कार्रवाई आवश्यक रूप से जारी रहनी चाहिए.

## नजरिया

# झारखंड की सात बेटियां भूटान में फुटबॉल में दिखाएंगी दम

झारखंड की धरती हमेशा से प्रतिभाओं की खान रही है,चाहे वह हॉकी की स्टार निक्की प्रधान हों या क्रिकेट की दुनिया में चमकते चेहरे. अब राज्य की बेटियों ने फुटबॉल के मैदान में भी अपने जौहर दिखाने शुरू कर दिए हैं. हाल ही में झारखंड की सात होनहार बेटियों का चयन भूटान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए हुआ है, जो न केवल राज्य बल्कि पूरे देश के लिए गर्व की बात है. इन सात खिलाड़ियों ने कठिन परिस्थितियों में भी अपने सपनों को नहीं छोड़ा. सीमित संसाधनों, सामाजिक रुकावटों और आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद उन्होंने दिन-रात मेहनत की और यह साबित कर दिया कि अगर लगन हो तो कोई भी मंज़िल दूर नहीं. झारखंड के ग्रामीण और आदिवासी इलाकों से निकलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलना इन बेटियों के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है. भूटान में होने वाले इस टूर्नामेंट में इन खिलाड़ियों को न केवल भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा, बल्कि उन्हें विभिन्न देशों की खेल संस्कृति और तकनीकी अनुभव से भी सीखने का अवसर मिलेगा. यह अनुभव भविष्य में उनके करियर को नई दिशा दे सकता है.इस उपलब्धि से यह संदेश भी जाता है कि बेटियों को यदि उचित मार्गदर्शन, प्रशिक्षण और अवसर दिए जाएं तो वे किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं. सरकार और खेल संस्थानों को चाहिए कि ऐसी प्रतिभाओं को पहचानें और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान करें. झारखंड की ये बेटियां अब केवल अपने गांव या राज्य की नहीं, बल्कि पूरे देश की शान बन चुकी हैं. हम सबको उनकी सफलता पर गर्व है और उम्मीद है कि वे भूटान में भी देश का नाम रोशन करेंगी.

## आरएसएस को सिर्फ एनजीओ की परिभाषा में समेटा जा सकता है?

# या फिर उसका स्वरूप कहीं और अधिक व्यापक है?

हरिगोविंद विश्वकर्मा



**पीएम ने कहा कि संघ दुनिया का सबसे बड़ा एक एनजीओ है. यह वक्तव्य सुनने में बड़ा सरल प्रतीत होता है**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से अपने 103 मिनट के संबोधन में पहली बार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बारे में दो-चार वाक्य बोले. इससे पहले के 11 संबोधनों में उन्होंने कभी संघ के बारे में एक शब्द भी नहीं कहा. हालांकि उनकी पृष्ठभूमि संघ की रही है, तो स्वाभाविक रूप से उन्हें अपने पहले संबोधन में तो संघ का जिक्र अवश्य करना चाहिए था.

ख़ैर, पीएम ने कहा कि संघ दुनिया का सबसे बड़ा एक एनजीओ है. यह वक्तव्य सुनने में बड़ा सरल प्रतीत होता है, परंतु इससे बहुत से लोगों के मन में प्रश्न उठा कि क्या सचमुच संघ केवल एक एनजीओ है? मुझे यह बड़ा अटपटा लगा. मैंने अपने आप से पूछा कि क्या वास्तव में संघ को केवल एनजीओ की परिभाषा में समेटा जा सकता है? या फिर उसका स्वरूप कहीं अधिक व्यापक और गहन है?

वस्तुतः आरएसएस को लेकर मेरे मन में हमेशा इज्जत रही है. पिछले तीन दशक से ज़्यादा समय से संघ के लोगों से मेरा निकट का संपर्क रहा है. 1980 के उत्तर्राध में मेरे इलाहाबाद प्रवास के दौरान मैंने देखा कि अयोध्या हॉस्टल में बड़ी संख्या में संघ के कार्यकर्ता आते थे.

मैं 1986 में 18-19 साल की उम्र में एकदम मैं निरे देहात से प्रयाग (इलाहाबाद) आया था. मैं ख़ासकर ऐसे समाज का प्रतिनिधि था, तब जिसकी 'ऐन-केन-प्रकारेण पेट भरना' ही सबसे बड़ी विचारधारा थी. मेरी माता पढ़ी-लिखी नहीं थीं, पिता ने दस्तख़त भर कर लेने की पढ़ाई की थी और मुंबई में कारपेंटर थे.

**वामपंथ या दक्षिणपंथ क्या है?**

मैं यह सब इसलिए बता रहा हूं कि आज भी मेरे जैसे अनगिनत लोग होंगे, जिन्हें पता ही नहीं विचारधारा क्या होती है. क्योंकि उनका पहला लक्ष्य सरवाइव करना होता है. उन्हें यह नहीं पता होता कि वामपंथ या दक्षिणपंथ क्या है, राष्ट्रवाद या सांस्कृतिक राष्ट्रवाद क्या है? 20वीं सदी में जिसे आप मंदिर में जाने नहीं देते थे या तालाब में स्नान नहीं करने देते थे, उससे सांस्कृतिक राष्ट्रवाद पूछेंगे, तो वह क्या जवाब देगा.

मैं तो प्रतियोगी परीक्षा को धन्यवाद दूंगा कि इंट्रेंस में अनिच्छा से शामिल होने के बावजूद मेरा चयन हो गया और बिना 'सरनेम या लक' (जिन्हें मैं सफलता का ब्रम्हास्त्र मानता हूं.) आईईआरटी में मैकेनिकल इंजीनियरिंग में एडमिशन मिल गया. अन्यथा डोनेशन से तो मैं कभी पढ़ ही नहीं पाता.

अयोध्या हॉस्टल के सामने 'परमहंस सायं' नाम से एक शाखा भी लगती थी. मैंने पहली बार संघ के बारे में सुना. मेरे कमरे में भी सफेद शर्ट, खाकी हॉफपैंट और काली टोपी लगाए स्वयंसेवक आते थे. वे लोग बहुत प्रेम से बातचीत करते थे. मुझसे और मेरे रूम पार्टनर त्रिभुवन नारायण राय और दयाशंकर यादव से शाखा में आने का आग्रह करते थे. उनका व्यवहार बहुत सौम्य और सरंक्षक जैसा होता था.

**आरएसएस को लेकर मेरे मन में हमेशा इज्जत रही है. पिछले तीन दशक से ज़्यादा समय से संघ के लोगों से मेरा निकट का संपर्क रहा है. 1980 के उत्तर्राध में मेरे इलाहाबाद प्रवास के दौरान मैंने देखा कि अयोध्या हॉस्टल में बड़ी संख्या में संघ के कार्यकर्ता आते थे.**

एक बार मैं भी अपने मित्रों के साथ शाखा में चला गया. एक घंटे की शाखा में पहले संघ गीत गाया गया. खेलकूद हुआ. अंत में बौद्धिक. बौद्धिक मुझे बहुत अच्छा लगा. दरअसल, बौद्धिक में लोग भाषण देना सीखते हैं, जो बहुत अच्छा प्रोग्राम है. तो मैं संघ में यदाकदा जाने लगा. शनिवार को तो अवश्य चला जाता था. उस दौरान परमहंस सायं में संघ के बड़े-बड़े पदाधिकारी आते थे और भाषण देते थे.

एक बार तो रज्जू भैया भी आए थे. जो बाद में सरसंघचालक भी बने. इस अनुभव के बाद मेरे मन में संघ की इमेज एक ऐसे शांतिपूर्ण संगठन के रूप में बनी, जो अपने स्वयंसेवकों को चरित्र निर्माण का पाठ पढ़ता है. शाखा में कभी भी किसी ने हिंसा की बात नहीं की. यहां तक कि एक बार हम सभी लोगों ने इलाहाबाद में संघ के शिविर में भी हिस्सा लिया. उसमें भी शांति की बात हुई थी.

**जो हिंसा करे, वे संघी नहीं हो सकते :** संघ के लिए मेरे मन में इज़्ज़त तभी से है. इसीलिए जब कांग्रेस या विपक्ष के दूसरे लोग संघ के बारे में कोई निगेटिव टिप्पणी करते हैं तो आम आदमी को हज़म नहीं होता. क्योंकि संघ में आत्मकेंद्रित लोग बहुत कम हैं, मिलनसार लोग बहुत ज़्यादा हैं.

स्वयंसेवकों का आम आदमी से व्यवहार और मेल-मिलाप बहुत दोस्ताना होता है. जिसे शाखा का संस्कार मिल जाए वह हिंसक हो ही नहीं सकता. इसीलिए मैं कहता हूं कि जो लोग हिंसा करते हैं वे संघ के स्वयंसेवक होते ही नहीं हैं. इसीलिए प्रधानमंत्री का यह कहना कि संघ एनजीओ है, मेरे गले नहीं उतरा.

## आज का इतिहास

1800 : लॉर्ड वेलेजली ने कलकत्ता में फोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना.

1900 : भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की बहन विजयलक्ष्मी पंडित का जन्म.

1924 : फ्रांस ने जर्मनी से अपनी सेनाएँ वापस बुलानी शुरु की.

1945 :ताइवान के ताइहोकू हवाई अड्डा पर सुभाषचन्द्र बोस का विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसमें उनकी मृत्यु हो गई.

1949 : हंगरी में संविधान लागू हुआ.

1951 : पश्चिम बंगाल के खडगपुर में भारतीय प्रौद्योगिक संस्थान खुला.

1973 : अमेरिका के बोस्टन में पहले एफ एम रेडियों स्टेशन के निर्माण को मंजूरी.

2010 : टीवीएस इलेक्ट्रॉनिक्स ने 'टीवीएस गोल्ड भारत' नामक अपने नए कुंजी पटल में टैब के ठीक ऊपर रुपए के चिन्ह को शामिल किया.

# जीवन में अभ्यास का महत्व क्या है

## चिंतन


प्राचीन समय में विद्यार्थी गुरुकुल में रहकर ही पढ़ा करते थे.. बच्चे को शिक्षा ग्रहण करने के लिए गुरुकुल में भेजा जाता था. बच्चे गुरुकुल में गुरु के सानिध्य में आश्रम की देखभाल किया करते थे. और अध्ययन भी किया करते थे. वरदराज को भी सभी की तरह गुरुकुल भेज दिया गया. वहां आश्रम में अपने साथियों के साथ घुलने मिलने लगा. लेकिन वह पढ़ने में बहुत ही कमजोर था. गुरुजी की कोई भी बात उसके बहुत कम समझ में आती थी. इस कारण सभी के बीच वह उपहास का कारण बनता है. उसके सारे साथी अगली कक्षा में चले गए लेकिन वो आगे नहीं बढ़ पाया. गुरुजी जी ने भी आखिर हार मानकर उसे बोला, "बेटा वरदराज! मैने सारे प्रयास करके देख लिये है. अब यही उचित होगा कि तुम यहां अपना समय बर्बाद मत करो. अपने घर चले जाओ और घरवालों की काम में मदद करो." वरदराज ने भी सोचा कि शायद विद्या मेरी किस्मत में नहीं हैं. और भारी मन से गुरुकुल से घर के लिए निकल गया गया. दोपहर का समय था. रास्ते में उसे प्यास लगने लगी. इधर उधर देखने पर उसने पाया कि थोड़ी दूर पर ही कुछ महिलाएं कुएं से पानी भर रही थी. वह कुवे के पास गया. वहां पत्थरों पर रस्सी के आने जाने से निशान बने हुए थे,तो उसने महिलाओ से पूछा, "यह निशान आपने कैसे बनाएं." तो एक महिला ने जवाब दिया, "बेटे यह निशान हमने नहीं बनाएं. यह तो पानी खींचते समय इस कोमल रस्सी के बार बार आने जाने से ठोस पत्थर पर भी ऐसे निशान बन गए हैं." वरदराज सोच में पड़ गया. उसने विचार किया कि जब एक कोमल से रस्सी के बार-बार आने जाने से एक ठोस पत्थर पर गहरे निशान बन सकते हैं तो निरंतर अभ्यास से में विद्या ग्रहण क्यों नहीं कर सकता. वरदराज ढेर सारे उत्साह के साथ वापस गुरुकुल आया और अथक कड़ी मेहनत की. गुरुजी ने भी खुश होकर भरपूर सहयोग किया. कुछ ही सालों बाद यही मंदबुद्धि बालक वरदराज आगे चलकर संस्कृत व्याकरण का महान विद्वान बना. जिसने लघुसिद्धान्तकौमुदी, मध्यसिद्धान्तकौमुदी, सारसिद्धान्तकौमुदी, गीर्वाणपदमंजरी की रचना की.

## इंडिया पर ट्रेंडिंग



1. #VoterAdhikarYatra 58K
2. #संकल्प_विकसित_दिल्ली 37K
3. #War2Hits150Crore
4. #RahulTheLiar 10K
5. #ElvishYadav 35K
6. John Abraham
7. Political Thoofan 50K
8. अधिकार यात्रा 91K
9. UER-2 21K

# बहुरंग




# 'द राजा साहब' से निधि अग्रवाल का नया पोस्टर जारी

प्रभास की बहुप्रतीक्षित हॉरर-फैंटेसी फिल्म 'द राजा साहब' का उत्साह लगातार बढ़ता जा रहा है. पिछले महीने जहां संजय दत्त और मालविका मोहनन के दमदार लुक्स ने फैन्स को रोमांचित किया था, वहीं अब टीम ने निधि अग्रवाल के जन्मदिन पर उनका नया पोस्टर जारी कर सरप्राइज़ दिया है. पोस्टर में निधि सफेद लेस के घूंघट में नजर आ रही हैं. हाथ जोड़कर दीयों की रोशनी में उनकी मुस्कुराहट एक साथ मासूमियत और रहस्य दोनों बिखेरती है. कैंडल्स की हल्की रोशनी और उनका लुक इस पोस्टर को दिव्यता और जादुई अहसास से भर देता है. वहीं इस खूबसूरती के पीछे छिपी 'द राजा साहब' की रहस्यमयी कहानी की झलक दर्शकों की उत्सुकता और बढ़ा देती है. मारुति के निर्देशन और पीपल मीडिया फैक्टरी के बैनर तले बनी 'द राजा साहब' रिलीज़ से पहले ही सुर्खियों में है. फिल्म में थमन एस का दमदार संगीत और प्रभास, संजय दत्त, मालविका मोहनन, निधि अग्रवाल और बोमन ईरानी जैसी सितारों से सजी कास्ट इसे और खास बना रही है. यह हॉरर–फैंटेसी ड्रामा पांच भाषाओं तेलुगू, हिन्दी, तमिल, मलयालम और कन्नड़ में बड़े पैमाने पर रिलीज़ किया जाएगा.

# अभिनेता नकुल मेहता दूसरी बार बने पिता



टीवी के लोकप्रिय अभिनेता नकुल मेहता, जिन्होंने धारावाहिक 'बड़े अच्छे लगते हैं' से घर-घर में अपनी पहचान बनाई, आजकल एक बेहद खास वजह से चर्चा में हैं. अभिनेता दूसरी बार पिता बने हैं और इस खुशखबरी को उन्होंने खुद अपने प्रशंसकों के साथ सोशल मीडिया के जरिए शेयर किया. नकुल और उनकी पत्नी के घर इस बार नन्ही लक्ष्मी ने जन्म लिया है. इस शुभ मौके पर नकुल ने अपनी बेटी की एक झलक भी अपने चाहने वालों को दिखाई. उन्होंने जो तस्वीरें पोस्ट की हैं, उनमें से एक में नकुल अपनी नन्ही परी को गोद में लिए बड़ी ही गहराई से निहारते नजर आ रहे हैं. यह तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है और फैंस इसे बेहद पसंद कर रहे हैं. नकुल ने पोस्ट के साथ एक भावुक कैप्शन भी लिखा. उन्होंने लिखा, वो आ गई है. सूफी के पास आखिरकार अपनी रूममेट मिल गई है. हमारा दिल भर गया है. 15 अगस्त 2025. उनके इस प्यारे अंदाज ने फैंस के दिलों को छू लिया है. बता दें कि नकुल और उनकी पत्नी पहले से ही एक बेटे के माता-पिता हैं, जिसका नाम सूफी है. अब घर में छोटी राजकुमारी के आने से खुशी दोगुनी हो गई है. सोशल मीडिया पर नकुल मेहता को लगातार बधाइयां मिल रही हैं. फिल्म और टीवी जगत के सितारे भी इस खुशी के मौके पर उनके परिवार को शुभकामनाएं दे रहे हैं. अभिनेत्री गौहर खान ने लिखा, आपके परिवार के लिए बेहद खुश हूं. भगवान की कृपा बनी रहे. बहुत-बहुत बधाई. वहीं, दीया मिर्जा ने प्यार भरा संदेश शेयर करते हुए लिखा, आप चारों के लिए ढेर सारा प्यार.₹ मशहूर कॉमेडियन भारती सिंह ने भी नकुल और उनकी पत्नी को मुबारकबाद दी. फैंस और सेलेब्स के इस स्नेह से साफ है कि नकुल की नन्ही परी के आने की खुशी न केवल उनके परिवार के लिए, बल्कि पूरे इंडस्ट्री और उनके चाहने वालों के लिए भी किसी जश्न से कम नहीं है.

# आर्यन खान की 'बैड्स ऑफ बॉलीवुड' की पहली झलक आई सामने

शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान की पहली वेब सीरीज 'बैड्स ऑफ बॉलीवुड' का इंतजार दर्शक लंबे समय से कर रहे थे. इस सीरीज में बॉलीवुड के कई बड़े सितारे नजर आने वाले हैं. खास बात यह है कि आर्यन ने इसके जरिए निर्देशन की दुनिया में कदम रखा है और इसकी कहानी भी उन्होंने खुद लिखी है. अब आखिरकार इस बहुप्रतीक्षित सीरीज की पहली झलक जारी कर दी गई है, जो देखते ही देखते सोशल मीडिया पर वायरल हो गई. शाहरुख खान ने सीरीज का पहला टीज़र शेयर करते हुए लिखा, ₹आपने मांगा और नेटफ्लिक्स ने पूरा कर दिया ये थोड़ा ज़्यादा नहीं हो गया? पर आदत डाल लो, क्योंकि 'बैड्स ऑफ बॉलीवुड' का प्रीव्यू 20 अगस्त को रिलीज़ होने वाला है.₹ टीज़र में आर्यन खान की दमदार झलक देखने को मिली है. उनका स्वैग प्रशंसकों का दिल जीत रहा है. इस वेब सीरीज में लक्ष्य लालवानी, राघव जुयाल, बॉबी देओल, मनोज पहवा और मोना सिंह जैसे दिग्गज कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आने वाले हैं. टीज़र की शुरुआत शो के मुख्य किरदारों के परिचय से होती है और इसके साथ ही शाहरुख खान को एक सच्ची श्रद्धांजलि दी जाती है. बैकग्राउंड में उनकी फिल्म 'मोहब्बतें' की थीम बजती है, जिसके बीच आर्यन खान स्क्रीन पर आकर अपनी कहानी सुनाना शुरू करते हैं. इस सीरीज में लक्ष्य लालवानी मुख्य भूमिका निभा रहे हैं, वहीं रणवीर सिंह भी अहम किरदार में नजर आएंगे. हालांकि, शाहरुख की झलक फिलहाल सामने नहीं आई है. टीज़र रिलीज़ के बाद शाहरुख और आर्यन के फैंस सोशल मीडिया पर जमकर तारीफ कर रहे हैं. 'बैड्स ऑफ बॉलीवुड' का निर्माण रेड चिलीज़ एंटरटेनमेंट के बैनर तले हुआ है, जिसकी कमान आर्यन खान की मां और शाहरुख खान की पत्नी गौरी खान ने संभाली है. इसका आधिकारिक ऐलान पिछले साल नवंबर में लॉस एंजिल्स में हुए एक नेटफ्लिक्स इवेंट में किया गया था. सीरीज में यह दिखाया जाएगा कि जब लोग मायानगरी मुंबई में अपने सपनों के साथ कदम रखते हैं, तो वहां उनका सफर किस तरह से अनुभवों, संघर्षों और सच्चाइयों से गुजरता है.




आचार्य प्रणव मिश्रा

मोबाइल नंबर 8210075897

**मेष :** मित्तव्ययता रखें क्योंकि रुपये-पैसों की सुविधा आगे मिले न मिले. व्यापार में स्थिति नरम रहेगी. संतोष रखने से सफलता मिलेगी. जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा. समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा. बचते-बचते कलह विवाद का डर बना रहेगा. शुभांक-4-5-7

**वृष :** निकटस्थ व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा. यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा. कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे. सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी. आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी. शुभांक-3-5-7

**मिथुन :** कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें. मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा. कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी. परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए. मेहमानों का आगमन होगा. स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. शुभांक-5-7-9

**कर्क :** ज्ञानीजनों का सानिध्य प्राप्त होगा. आध्यात्मिक वातावरण बनेगा. कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा. यार-दोस्तों के साथ सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा. पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे. यात्रा का योग बन रहा है. शुभांक-2-6-7

**सिंह :** विवादों व मुकदमे बाजी से राहत मिलेगी. परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी. बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा. लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे. भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा. शुभांक-4-6-8

**कन्या :** भावनाओं में न बहें, सावधान रहें. रुका हुआ धन प्राप्त होगा. स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी. अपनों का सहयोग प्राप्त होगा. अपने आपको अधिक सक्रिय पायेगें. अवरुद्घ कार्य सम्पन्न होंग. समाज में मान-सम्मान बढेगा. आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी. शुभांक-3-5-7

**तुला :** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें. पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी. खान-पान में सावधानी रखें. व्यापार में प्रगति होगी. भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है. शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है. स्वास्थ्य मध्यम रहेगा. धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग है. शुभांक-2-4-6

**वृश्चिक :** कार्यसिद्घि होने में देर नहीं लगेगी. आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा. शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी. परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी. हरि करे सो खरी अतः हानि का कोई भय नहीं, यथावत कार्य जारी रखें. व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी. मातृ पक्ष से विशेष लाभ. शुभांक-2-4-7

**धनु :** मुंह मांगी मुराद मिलेगी यानि इच्छित फल की प्राप्ति होगी. मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा. कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी. लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे. धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा. अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा. शुभांक-3-5-8

**मकर :** स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा. ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं. समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है. बचते-बचते कलह विवाद का डर बना रहेगा. अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे. शुभांक-3-6-9

**कुंभ :** अर्थपक्ष मजबूत रहेगा. मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी. समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा. नवीन जिम्मेदारी बढने के आसार रहेंगे. अपने काम को प्राथमिकता से करें. किसी से निकटता प्रेम-प्रसंग में बदलेगी. सलाह उपयोगी सिद्घ होगी. शुभांक-3-5-7

**मीन :** नौकरी में पदोन्नति की संभावना है. मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है. अपनों का सहयोग प्राप्त होगा. संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी. शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है. व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी. शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें. शुभांक-5-8-9

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
**मनोज सिंह**
पूर्व जिप सदस्य सह पूर्व विधायक प्रतिनिधि, उंटारी रोड

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
**बच्चनदेव चौधरी**
युवा समाजसेवी सह अधिवक्ता व्यवहार न्यायालय गढ़वा

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
**राजीव कुमार मिश्रा**
मनोज शिशु निकेतन पगार प्रधानाध्यापक

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
**मॉबेल टोप्पो**
प्रो- साक्षी गैस एजेंसी, लातेहार

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
**पथ निर्माण विभाग चंदवा**

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं




समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
**संजय सिंह**
प्रधानाध्यापक, पीएम श्री स्तरोन्नत उच्च विद्यालय करकट्टा, उंटारी रोड

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
**नौशाद आलम**
व्यवसायी सह जेएमएम नेता चंदवा

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
**बुद्धेश्वर सिंह**
केचकी पंचायत बरवाडीह, लातेहार

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की
**मो मीनू**
युवा समाजसेवी सह व्यवसायी बालूमाथ, लातेहार

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
**अरूण कुमार दुबे**
जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष, झामुमो केंद्रीय सदस्य

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
**जैलास सिंह खरवार**
भावी प्रत्याशी मनिका विधानसभा क्षेत्र, लातेहार

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
**तौकिर मिंया**
प्रखंड अध्यक्ष, झामुमो गारू, लातेहार

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
**प्रदीप गंझू**
प्रखंड अध्यक्ष, झामुमो बालूमाथ, लातेहार

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
**राकेश कुमार दुबे**
जिला उपाध्यक्ष, भाजपा, लातेहार

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
**मो नेजामउद्दीन**
समाजसेवी गुरू गारू, लातेहार

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
**उमेश दुबे**
रेंजर, गारू पश्चिम लातेहार

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
**विनोद रवानी**
अनुमंडल, पुलिस पदाधिकारी, बालूमाथ, लातेहार

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
**परमजीत तिवारी**
प्रभारी वनपाल बारेसांढ़, लातेहार

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
**मनोज यादव**
विधायक प्रतिनिधि गारू, लातेहार

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
**रामचंद्र सिंह**
विधायक, मनिका लातेहार

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
**नीरज कुमार**
ओटी असिस्टेंट
सेवा सदन, बालूमाथ, लातेहार

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
**जीरा देवी**
जिला परिषद सदस्य गारू, लातेहार

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
**सुनेश्वर सिंह**
भाजपा मंडल अध्यक्ष गारू, लातेहार

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
**डॉ पवन कुमार**
संचालक शांति निकेतन आवासीय विद्यालय, बरवाडीह, फोन नंबर :- 9507559093

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
**रंजन पासवान**
थाना प्रभारी बारियातू, लातेहार

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
**रोहित कुमार**
प्रखंड आवास समन्वयक गारू, लातेहार

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
**साकेत कुमार यादव**
प्रभारी एमओ गारू, लातेहार

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
**अभियंता संघ प्रखंड चंदवा,चंदवा**

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
**प्रदीप यादव**
भाजपा नेता
बालूमाथ, लातेहार







समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
**शकील अहमद**
व्यवसायी सह समाज सेवी चंदवा

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
**उमेश कुमार दुबे**
वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी महुआडांड़

79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
KIRAN MEDICAL
**डॉ निखिल आनंद**
एम बी बी एस, डी टी एम एंड एच गोल्ड मेडलिस्ट,
Ex SR TB & chest (HMCH)

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
**विजय राम**
हेड मास्टर मध्य विद्यालय रबरा

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
**हेड मास्टर दिलीप कुमार एवं अनुपम तिवारी सहायक शिक्षक**

### कोकराझार के साई स्टेडियम में बोडोलैंड को हराकर नॉर्थ-ईस्ट यूनाइटेड सेमीफाइनल में, शिलांग से मुकाबला तय

# नॉर्थ-ईस्ट यूनाइटेड एफसी ने बोडोलैंड एफसी को 4-0 हराया

**एजेंसी। कोकराझार (असम)**

गत विजेता बीती नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी ने कोकराझार स्थित खचाखच भरे साई स्टेडियम में बोडोलैंड एफसी को 4-0 से हराकर 134वें इंडियन ऑयल डूरंड कप के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया. मोरक्को के स्ट्राइकर अलाएद्दीन अजराय ने दो गोल दागे, जबकि स्पेनिश खिलाड़ी एंडी गार्सिया और स्थानापन्न पार्थिब गोगोई ने भी गोल दागे, जिससे हाईलैंडर्स का अंतिम चार में शिलांग लाजोंग एफसी के खिलाफ रोमांचक मुकाबला तय हो गया. विकास पंथी ने 4-2-3-1 की एक स्थिर लाइनअप उतारी, जिसमें दैमारी गोलकीपर और रॉबिन्सन मुख्य पंक्ति में थे, जिनका साथ प्रांजल और ग्वुम्सर गायरी ने दिया. ग्रुप फ़ाइनल में खिलाड़ियों को आराम देने के बाद, एनई यूएफस के मुख्य कोच जुआन पेड्रो बेनाली ने अपनी मज़बूत एकादश में वापसी करते हुए, अपनी चिर-परिचित 4-3-3 की लाइनअप उतारी, जिसमें कप्तान मिगुएल ज़बाको बैकलाइन की कमान संभाल रहे थे, गुरमीत सिंह गोलकीपर और अजराय, जितिन एमएस और लालरिनज़ुआला की एक मज़बूत अग्रिम पंक्ति थी.

शुरुआती 15 मिनट में दोनों टीमों ने एक-दूसरे पर जोरदार वार किए. रॉबिन्सन, प्रांजल और उर्जाँय ब्रह्म ने एक तरफ गुरमीत की कड़ी परीक्षा ली, जबकि दूसरी तरफ अजराई, लालरिनज़ुआला और एंडी ने दैमारी को शानदार बचाव करने पर मजबूर




किया. 17वें मिनट में, एंडी की दाईं ओर से लगाई गई कर्लिंग फ्री किक लगभग गोल में पहुंच गई थी, लेकिन डायमेरी ने पास के पोस्ट पर गेंद को रोक दिया. 29वें मिनट में सफलता मिली. बोडोलैंड की रक्षात्मक चूक के कारण जिथिन एमएस ने दाईं ओर से आकर अजराई को पास दिया, जिन्होंने शांति से दैमारी को पछाड़कर घरेलू दर्शकों को शांत किया और चैंपियन को बढ़त दिला दी. इसके तुरंत बाद, स्थानापन्न अर्जुन मार्डी के पास बोडोलैंड के लिए बराबरी का सबसे अच्छा मौका था, लेकिन वह अपना प्रयास चूक गए, जबकि जूनियर ओन्गुएने को गुरमीत ने रॉबिन्सन के चतुर पास पर रोक दिया.

हाईलैंडर्स हाफटाइम के समय अपनी बढ़त को दोगुना कर सकते थे, जब अजराए दैमारी के साथ आमने-सामने थे, लेकिन बोडोलैंड के गोलकीपर ने डटे रहकर फाउल किया, जिससे पहले हाफ के अंत में अंतर 1-0 पर बना रहा. बोडोलैंड ने मैच दोबारा शुरू होने के बाद आक्रामक रुख अपनाया, लेकिन अंतिम तीसरे हिस्से में उनकी बढ़त की कमी 53वें मिनट में खली. ज़बाको द्वारा शुरू किए गए एक तेज़ मूव ने बाईं ओर से बुआंथांगलुन सामते को पास दिया, जिनके क्रॉस को एंडी गैटन ने बीच में रोक दिया. स्पेनिश खिलाड़ी का निचला शॉट दैमारी की उंगलियों में लगने के बावजूद गोल में पहुंच गया, जिससे न्यू एफ़सी की बढ़त दोगुनी हो गई और यह एंडी का अपनी नई टीम के लिए पहला गोल था. आठ मिनट बाद, अजाराई ने फिर से गोल किया. थोई सिंह के दाईं ओर से आए क्रॉस पर मोरक्को के इस खिलाड़ी ने गोलकीपर और डिफेंस को छकाते हुए, शांति से पोस्ट में गोल कर दिया और मैच का अपना दूसरा गोल दागकर मैच को 3-0 से बराबर कर दिया.

अपने मुखर समर्थकों के उत्साह में, बोडोलैंड ने अंतर कम करने के लिए पुरज़ोर कोशिश की, लेकिन ज़बाको की अनुशासित बैकलाइन और गुरमीत के सुरक्षित हाथों ने उन्हें बार-बार नाकाम कर दिया. 74वें मिनट में, रिडीम त्लांग ने दैमारी को दूर से एक और कलाबाज़ी सेव करने पर मजबूर कर दिया. खेल के अंतिम समय में जब स्थानापन्न जाइरो ने पार्थिब गोगोई के लिए एक शानदार थ्रू बॉल डाली, जिन्होंने अपना संयम बनाए रखते हुए गेंद को दूर कोने में पहुंचा दिया और 4-0 का स्कोर कर जीत को पक्की कर दी. आखिरी सीटी बजने के साथ ही, डूरंड कप में बोडोलैंड का शानदार सफर क्वार्टर फाइनल में समाप्त हो गया, जबकि गत विजेता नॉर्थईस्ट यूनाइटेड अपने खिताब की रक्षा के एक कदम और करीब पहुंच गया. हाईलैंडर्स अब 19 अगस्त को शिलांग के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में पिछले साल के सेमीफाइनल की पुनरावृत्ति करने के लिए उतरेगी.

### एशिया कप 2025: सलमान अली आगा की कप्तानी में पाक टीम घोषित

# रिजवान और बाबर टीम से बाहर

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने एशिया कप 2025 के लिए अपनी 17 सदस्यीय स्क्वाड की घोषणा कर दी है. इस बार टीम की कमान सलमान अली आगा को सौंपी गई है, जबकि पूर्व कप्तान मोहम्मद रिजवान और स्टार बल्लेबाज़ बाबर आज़म को टीम से बाहर कर दिया गया है. ऐसे में पाकिस्तान एक युवा और अपेक्षाकृत कम अनुभवी टीम के साथ टूर्नामेंट में उतरने जा रहा है. टीम में अनुभवी ऑलराउंडर और तेज़ गेंदबाज़ों को भी शामिल किया गया है, लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा का विषय तेज़ गेंदबाज़ हसन अली की वापसी रही है. हसन अली को लेकर सोशल मीडिया पर मिली-जुली प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं. टी20 वर्ल्ड कप 2021 के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैथ्यू वेड का कैच छोड़ने के बाद उन्हें ट्रोल किया गया था. उसी मैच में वेड ने लगातार तीन छक्के लगाकर पाकिस्तान के मुंह से जीत छीन ली थी, जिसके बाद हसन अली को 'पनौती' तक कहा गया.

हालांकि, अनुभव और फिटनेस को ध्यान में रखते हुए बोर्ड ने हसन अली पर दोबारा भरोसा जताया है. शाहीन शाह अफरीदी, हारिस रऊफ और हसन अली की तिकड़ी एक बार फिर पाकिस्तान के गेंदबाज़ी आक्रमण की रीढ़ मानी जा रही है. इस युवा स्क्वाड में कुछ नए चेहरे जैसे सैम अयूब, हसन नवाज और सलमान मिर्जा को भी मौका दिया गया है. वहीं अनुभवी खिलाड़ी जैसे फखर ज़मान, खुशदिल शाह, मोहम्मद नवाज और फहीम अशरफ टीम को संतुलन प्रदान करेंगे. टीम में मोहम्मद हारिस को विकेटकीपर-बल्लेबाज़ के रूप में चुना गया है, जिससे यह संकेत मिलता है कि बोर्ड अब भविष्य की योजना के तहत नए खिलाड़ियों को तरजीह दे रहा है. हालांकि, रिजवान और बाबर जैसे वरिष्ठ खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी को लेकर फैन्स में निराशा भी देखी जा रही है. गेंदबाजी के लिहाज से पाकिस्तान की टीम मजबूत दिखाई दे रही है. शाहीन, हारिस और हसन की तिकड़ी किसी भी बल्लेबाजी क्रम को तहस-नहस करने की काबिलियत रखती है. वहीं, अबरार अहमद और सुफियान मुकीम जैसे युवा स्पिनर टीम को विविधता प्रदान करेंगे. अब देखना यह होगा कि यह युवा और जोशीली टीम एशिया कप में कैसा प्रदर्शन करती है और क्या यह टीम पाकिस्तान को फिर से एशियाई क्रिकेट का बादशाह बना पाती है या नहीं.




**फॉर्म और स्ट्राइक रेट होंगे चयन के मानदंड**

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान को टी20 स्क्वाड से बाहर कर सभी को चौंका दिया है. यह फैसला सिर्फ दो खिलाड़ियों को बाहर करने का नहीं, बल्कि टीम की सोच और दिशा बदलने का संकेत है. पीसीबी अब टी20 क्रिकेट में तेज, आक्रामक और आधुनिक शैली को अपनाना चाहता है, जहां नाम नहीं, प्रदर्शन मायने रखेगा. बाबर और रिजवान पर काफी समय से धीमी बल्लेबाजी और खासकर पावरप्ले में कम स्ट्राइक रेट को लेकर सवाल उठते रहे हैं. टी20 वर्ल्ड कप 2024 में पाकिस्तान के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद दोनों की भूमिका पर उंगलियां उठीं. बोर्ड ने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि अब एंकर रोल निभाने वाले खिलाड़ियों की जगह आक्रामक युवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी. हालांकि, यह कहना अभी जल्दबाजी होगी कि इन दोनों का टी20 करियर खत्म हो चुका है. लेकिन पीसीबी का यह फैसला एक सख्त चेतावनी है– अगर बाबर और रिजवान ने घरेलू क्रिकेट या लीग्स में खुद को साबित नहीं किया, तो वापसी की संभावना बेहद कम होगी. यह चयन एक साफ संदेश है कि पाकिस्तान टी20 टीम अब बदलाव के दौर में है, जहां केवल फॉर्म, फिटनेस और स्ट्राइक रेट के आधार पर ही खिलाड़ियों को टीम में जगह मिलेगी.

**पाकिस्तान की एशिया कप 2025 टीम**

सलमान अली आगा (कप्तान), फखर जमां, हसन नवाज, साहिबजादा फरहान, सैम अयूब, खुशदिल शाह, हुसैन तलत, मोहम्मद हारिस (विकेटकीपर), अबरार अहमद, फहीम अशरफ, हारिस रऊफ, हसन अली, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद वसीम जूनियर, सलमान मिर्जा, शाहीन शाह अफरीदी, सुफियान मुकीम.

# ऑस्ट्रेलिया में छाए डेवाल्ड ब्रेविस, टी20 में विराट कोहली को पीछे छोड़ रचा इतिहास

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

दक्षिण अफ्रीका के युवा बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टी20 मुकाबले में धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर ली. ब्रेविस ने इस मैच में 22 गेंदों में शानदार अर्धशतक जमाया और कुल 26 गेंदों में एक चौका और छह छक्कों की मदद से 53 रनों की तूफानी पारी खेली. अपनी पारी के दौरान उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों की जमकर खबर ली और आरोन हार्डी के एक ओवर में लगातार चार छक्के लगाकर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया.

ब्रेविस ने टी20 क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया की धरती पर सबसे अधिक छक्के लगाने के मामले में विराट कोहली को पीछे छोड़ दिया. कोहली ने ऑस्ट्रेलिया में 10 पारियों में 12 छक्के लगाए हैं, जबकि ब्रेविस ने मात्र तीन पारियों में ही 14 छक्के जड़कर नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया है. हालांकि, ब्रेविस की शानदार पारी के बावजूद दक्षिण अफ्रीका को जीत नहीं मिल सकी.

पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने 20 ओवर में सात विकेट पर 172 रन बनाए. शुरुआती झटकों के बाद ब्रेविस और वान डेर डुसेन ने पारी को संभाला. डुसेन ने 26 गेंदों में तीन चौकों की मदद से नाबाद 38 रन बनाए, जिससे टीम 170 रन के पार पहुंच सकी. जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने अनुभवी ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल के विस्फोटक प्रदर्शन की बदौलत आखिरी ओवर में दो विकेट से रोमांचक जीत हासिल की. मैक्सवेल ने निर्णायक पारी खेलते हुए अपनी टीम को तीन मैचों की टी20 सीरीज 2-1 से जिताने में अहम भूमिका निभाई. दक्षिण अफ्रीका को इस हार के बावजूद ब्रेविस के रूप में एक बड़ा सितारा जरूर मिल गया है, जिसने भविष्य के लिए उम्मीदें जगा दी हैं.



# बीसीसीआई ने 'सीरियस इंजरी रिप्लेसमेंट' नियम को दी मंजूरी

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आगामी घरेलू सत्र के लिए खिलाड़ियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एक बड़ा कदम उठाया है. बोर्ड ने मल्टी डे फॉर्मेट मुकाबलों के लिए "सीरियस इंजरी रिप्लेसमेंट" नियम को मंजूरी दी है, जिसके तहत मैच के दौरान गंभीर रूप से घायल खिलाड़ी की जगह "लाइक टू लाइक" रिप्लेसमेंट खिलाड़ी को मैदान में उतारा जा सकेगा. यह नियम 28 अगस्त से शुरू होने वाले घरेलू सीजन में दलीप ट्रॉफी और अंडर-19 सीके नायडू ट्रॉफी से लागू होगा. यह फैसला हाल ही में भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज के दौरान हुई घटनाओं के मद्देनज़र लिया गया है, जहां भारतीय विकेटकीपर ऋषभ पंत और इंग्लैंड के ऑलराउंडर क्रिस वोक्स चोटिल होकर सीरीज से बाहर





हो गए थे. बीसीसीआई का यह कदम घरेलू स्तर पर खिलाड़ियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने की दिशा में अहम माना जा रहा है.

बीसीसीआई द्वारा सभी राज्य संघों को भेजे गए दिशानिर्देशों में कहा गया है कि रिप्लेसमेंट तभी संभव होगा जब खिलाड़ी को खेल के दौरान कोई बाहरी झटका (जैसे फ्रैक्चर, गहरा कट, या जोड़ का खिसकना) लगे. वह खिलाड़ी मैच के शेष हिस्से में खेलने योग्य न हो. रिप्लेसमेंट खिलाड़ी टॉस के समय नामित प्लेइंग विकल्पों में से ही हो. विशेष परिस्थिति में, खासकर विकेटकीपर की स्थिति में, मैच रेफरी अतिरिक्त विकल्प को मंजूरी दे सकते हैं. वहीं रिप्लेसमेंट की अनुमति देने का अंतिम निर्णय मैदानी अंपायरों के पास होगा. वे बीसीसीआई मैच रेफरी या ऑन-फील्ड डॉक्टर से परामर्श कर यह फैसला लेंगे. टीम मैनेजर को एक विशेष फॉर्म के माध्यम से घायल खिलाड़ी की स्थिति, चोट की जानकारी और प्रस्तावित रिप्लेसमेंट खिलाड़ी की जानकारी देनी होगी. रिप्लेसमेंट "लाइक टू लाइक" ही होना चाहिए और इससे टीम को कोई अनुचित लाभ नहीं मिलना चाहिए. रेफरी तभी अनुरोध स्वीकार करेगा जब चोट स्पष्ट रूप से गंभीर हो और रिप्लेसमेंट पूरी तरह उचित हो. इस नियम के लागू होने से न केवल घरेलू क्रिकेट में खिलाड़ियों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी.

# सैफ अंडर 17 महिला चैंपियनशिप के लिए 23 सदस्यीय भारतीय टीम घोषित

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

भारतीय अंडर-17 महिला टीम के मुख्य कोच जोकिम एलेक्जेंडरसन ने रविवार को सैफ अंडर-17 महिला चैम्पियनशिप भूटान 2025 के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की. चैम्पियनशिप 20 से 31 अगस्त तक भूटान की राजधानी थिम्फू में आयोजित होगी. अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने रविवार को बताया कि एलेक्जेंडरसन अब अंडर-17 टीम का मार्गदर्शन करेंगे. उन्होंने इस महीने की शुरुआत में भारतीय अंडर-20 टीम को दो दशकों में पहली बार एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप के क्वालिफाई कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी. सैफ अंडर-17 महिला चैम्पियनशिप में चार टीमें (भारत, भूटान, नेपाल और बांग्लादेश) एक



डबल राउंड-रॉबिन लीग में प्रतिस्पर्धा करेंगी. भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत 20 अगस्त को नेपाल के खिलाफ करेगी. इसके बाद बांग्लादेश (22 अगस्त), भूटान (24 और 27 अगस्त), नेपाल (29 अगस्त) और अंत में बांग्लादेश (31 अगस्त) के खिलाफ खेलेगी. सभी मैच थिम्पू के चांगलिमथांग स्टेडियम में खेले जाएंगे.

**सैफ अंडर-17 महिला चैम्पियनशिप के लिए 23 सदस्यीय टीम**

- **गोलकीपर्स:** मुन्नी, सूरजमुनि कुमारी, तम्फासना देवी कोंजेंगबाम.
- **डिफेंडर्स:** अलीना देवी सारंगथेम, अलीशा लेंगदोह, बिनीता होरो, दिव्यानी लिंडा, एलिजाबेद लाकड़ा, प्रिया, रितु बड़ाईक, तानिया देवी टोनंबम.
- **मिडफील्डर्स:** अभिस्ता बासनेट, अनिता डुंगडुंग, बीना कुमारी, बोनिफिलिया शुल्लाई, जुलान नोंगमैथेम, प्रितिका बर्मन, श्वेता रानी, थंडामोनी बास्की.
- **फॉरवर्ड्स:** अनुष्का कुमारी, नीरा चानू लोंगजम.

# जॉन सीना का हील टर्न रहा नाकाम 2025 को बताया आखिरी साल

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

डब्ल्यूडब्ल्यूई के दिग्गज सुपरस्टार जॉन सीना ने हाल ही में अपने हील टर्न और रिटायरमेंट प्लान को लेकर बड़ा बयान दिया है. फैन एक्सपो शिकागो 2025 में एक दर्शक के सवाल का जवाब देते हुए सीना ने माना कि उनका हील टर्न पूरी तरह से योजना के मुताबिक नहीं हुआ और यह फेल हो गया. सीना ने बताया कि उन्होंने 17 बार वर्ल्ड चैंपियन बनने के बाद डब्ल्यूडब्ल्यूई एलिमिनेशन चैंबर 2025 में कोडी रोड्स पर अचानक हमला कर हील टर्न किया था, जिसने फैंस को चौंका दिया था. हालांकि, सीना का मानना है कि इसके बाद का प्रदर्शन उम्मीदों पर खरा नहीं उतर सका. उन्होंने कहा कि उनके प्रोमो फैंस से जुड़ नहीं पाए और इससे तालमेल बिगड़ गया. सीना ने कहा, ₹मैं परेशान नहीं था. नहीं, मैं फेल हो गया. इसमें कुछ भी गलत नहीं है. आप असफलता से



सीख सकते हैं, है ना? मैं वहां गया और बुरी तरह फेल हो गया. ऐसा होता है.₹ उन्होंने यह भी बताया कि वह आलोचना के लिए पूरी तरह तैयार थे और इस नाकामी को अपने करियर का सीखने का अनुभव मानते हैं. जॉन सीना ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि 2025 उनके डब्ल्यूडब्ल्यूई करियर का आखिरी साल है और वह इस साल दिसंबर में अपनी अंतिम लड़ाई लड़ने के लिए तैयार हैं. सीना ने यह भी बताया कि वह अपने रिटायरमेंट टूर के दौरान कई दिग्गज सुपरस्टार्स का सामना कर चुके हैं.

### डब्ल्यूडब्ल्यूई की दुनिया में इन दिनों दो नामों को लेकर हलचल मची हुई है, वह है

# स्टेफनी मैकमेहन व हॉल ऑफ फेमर डी-वॉन डडली

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

डब्ल्यूडब्ल्यूई की दुनिया में इन दिनों दो बड़े नामों को लेकर जबरदस्त हलचल मची हुई है – पूर्व डब्ल्यूडब्ल्यूई सीईओ स्टेफनी मैकमेहन और हॉल ऑफ फेमर डी-वॉन डडली. कुछ साल पहले दिए गए एक बयान को लेकर डी-वॉन डडली एक बार फिर सुर्खियों में हैं. वहीं स्टेफनी मैकमेहन की हाल ही में वायरल हुईं तस्वीरें फैंस के बीच चर्चा का विषय बनी हुई हैं. दरअसल, कुछ साल पहले एक इंटरव्यू में डी-वॉन डडली ने कहा था कि वह स्टेफनी मैकमेहन से ₹मोहित₹ थे और अगर



वह शादीशुदा नहीं होतीं, तो वह उनसे शादी करना चाहते. इस बयान के बाद सोशल मीडिया पर हलचल मच गई थी और फैंस ने मजाक में ट्रिपल एच को सतर्क रहने की सलाह तक दे डाली थी. हाल ही में ₹ड्यूक लव्स रैसलिन₹ पॉडकास्ट पर बातचीत के दौरान जब डी-वॉन से इस बयान के बारे में सवाल किया गया, तो उन्होंने अपनी सफाई देते हुए कहा कि उन्होंने उस वक्त ₹मोहित₹ शब्द का गलत इस्तेमाल किया था. उनका असली इरादा स्टेफनी की 'तारीफ' करना था, न कि किसी प्रकार का फ्लर्ट करना.

डी-वॉन ने कहा, ₹हां, मुझे पता है. मैंने देखा. लेकिन उस समय शब्दों का गलत इस्तेमाल हुआ था और तारीफ कहने के बजाय, मैंने कहा कि मैं उनसे मोहित था. निश्चित रूप से, मोहित और प्रशंसा दो अलग-अलग अर्थ रखते हैं.'

उन्होंने यह भी जोड़ा कि वह उस समय बातचीत में इतने बहाव में थे कि यह ध्यान नहीं दे पाए कि क्या कह रहे हैं. डी-वॉन का मानना है कि फैंस ने उनके बयान को गलत तरीके से लिया और यह मान लिया कि उन्हें स्टेफनी पर क्रश है. इस बीच, स्टेफनी मैकमेहन की हाल ही में वायरल हुई तस्वीरों ने डब्ल्यूडब्ल्यूई फैंस के बीच नई चर्चा छेड़ दी है. वह अपने पति ट्रिपल एच और बेटियों के साथ ग्रीस में छुट्टियां मना रही थीं. लाल रंग के स्विमसूट में स्टेफनी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुईं और लोग उनकी फिटनेस और खूबसूरती की जमकर तारीफ कर रहे हैं. 48 वर्षीय स्टेफनी को लेकर अब यह भी चर्चा शुरू हो गई है कि वह कब कंपनी में वापसी करेंगी. वह आखिरी बार इस साल समरस्लैम में दिखाई दी थीं. स्टेफनी की लोकप्रियता और डी-वॉन की सफाई ने एक बार फिर डब्ल्यूडब्ल्यूई यूनिवर्स को एक नया मुद्दा दे दिया है, जिस पर फैंस अपनी राय खुलकर रख रहे हैं.

### ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने ब्रेविस विवाद पर दी सफाई, कहा

# सिर्फ तथ्य बताए, कोई गलती नहीं

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने डेवाल्ड ब्रेविस के अनुबंध को लेकर दिए गए अपने बयान पर स्पष्टीकरण दिया है. अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि उनकी टिप्पणियों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया और उन्होंने सिर्फ तथ्य ही बताए थे. उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि ब्रेविस के करार में किसी प्रकार की अनियमितता नहीं थी, क्योंकि अगर ऐसा होता तो आईपीएल गवर्निंग काउंसिल इसे मंजूरी नहीं देती. बता दें कि सीएसके ने आईपीएल 2025 के बीच सत्र के दौरान चोटिल गुरजपनीत सिंह की जगह डेवाल्ड ब्रेविस को



रिप्लेसमेंट के तौर पर टीम में शामिल किया था. फ्रेंचाइजी ने ब्रेविस के साथ 2.2 करोड़ रुपये में करार किया. इस पर अश्विन ने पहले दावा किया था कि सीएसके ने ब्रेविस को उनकी मांग पर अधिक धनराशि में अनुबंधित किया, जिससे विवाद खड़ा हो गया. सीएसके ने इस दावे को खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि ब्रेविस का चयन पूरी तरह से नियमों के तहत हुआ है.

अब अश्विन ने सफाई देते हुए कहा, "हम ऐसे दौर में हैं जहां सच्चाई बताने पर भी सफाई देनी पड़ती है. मेरा इरादा किसी पर सवाल उठाने का नहीं था. ना खिलाड़ी की गलती है, ना फ्रेंचाइजी की और ना ही गवर्निंग बॉडी की. यह एक सामान्य प्रक्रिया है जिसमें कोई भी टीम अगर किसी खिलाड़ी की जरूरत महसूस करती है, तो बीसीसीआई से अनुरोध करती है और मंजूरी के बाद खिलाड़ी टीम से जुड़ता है."

## न्यूज अपडेट

### नेपाल के राष्ट्रपति से भारतीय विदेश सचिव ने की मुलाकात, हुई चर्चा

**काठमांडू ।** नेपाल के राष्ट्रपति रामचन्द्र पौडेल से भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने रविवार को शिष्टाचार मुलाकात की है. राष्ट्रपति भवन शीतल निवास में हुई इस मुलाकात के दौरान द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा होने की जानकारी दी गई है. राष्ट्रपति पौडेल ने विश्वास व्यक्त किया कि नेपाल और भारत के बीच संबंध और भी प्रगाढ़ होंगे. उन्होंने कहा कि नेपाल-भारत संबंध अनादि काल से चले आ रहे हैं और यह अनंत काल तक चलता रहेगा. उन्होंने भारत की ओर से नेपाल के चौतरफा विकास के लिए किए जा रहे सतत सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया. राष्ट्रपति पौडेल ने कहा कि पारस्परिक लाभ और समृद्धि के लिए दोनों देशों के बीच मैत्री और सहयोग को और मजबूत किया जाना चाहिए.

### थाईलैंड-कंबोडिया सेनाओं की बैठक में शांति बनाए रखने पर सहमति

**बैंकॉक ।** थाईलैंड और कंबोडिया की सेनाओं के प्रतिनिधियों ने शनिवार को थाईलैंड के त्राट प्रांत में थाईलैंड-कंबोडिया रीजनल बॉर्डर कमिटी की विशेष बैठक की. थाई नेवी के अनुसार, बैठक में थाई पक्ष से चंथाबुरी और त्राट बॉर्डर डिफेंस कमांड के कमांडर और कंबोडिया की मिलिट्री रीजन-3 के कमांडर शामिल हुए. दोनों पक्षों ने आपसी मुद्दों को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाने और सीमा क्षेत्रों में शांति एवं लोगों की भलाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया. बैठक के बाद एक एमओयू पर भी हस्ताक्षर किए गए. कंबोडियाई रक्षा मंत्रालय की अंडर-सेक्रेटरी ऑफ स्टेट और प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल माली सोचेता ने कहा कि इस विशेष बैठक में सीमा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई और यह तय किया गया कि दोनों देशों की सेनाएं नियमित रूप से संपर्क बनाए रखेंगी.

### पाकिस्तान में बाढ़ से हालात हुए बेकाबू, 327 लोग गंवा चुके जान

**कराची ।** पाकिस्तान के उत्तरी क्षेत्र में बारिश और बाढ़ से तबाही मचा रखी है. हालात बेकाबू होते जा रहे हैं. पाकिस्तान में बाढ़ के चलते अब तक 327 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं. जबकि मानसूनी बारिश के चलते 26 जून से अब तक 650 लोगों की मौत हो चुकी है. अब मौसम विभाग ने 17 अगस्त से 21 अगस्त तक भारी बारिश की चेतावनी जारी की है. साथ ही उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रों के लोगों से एहतियाती उपाय करने की अपील की है. पाकिस्तान के आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने बताया कि मूसलाधार बारिश और बादल फटने के चलते अचानक आई बाढ़ ने खैबर पख्तूनख्वा में कम से कम 327 लोगों की जान ले ली है. अकेले बुनेर में ही 200 से अधिक लोग मारे गए हैं. कम से कम 137 लोग घायल हो गए. बाढ़ के चलते घर ढह गए और पानी के तेज बहाव में कई लोग, मवेशी और वाहन बह गए.

# जम्मू-कश्मीर के कठुआ में बादल फटने से 4 लोगों की मौत, 6 घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया

**एजेंसी ।कठुआ**

जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के एक सुदूर गाँव में बादल फटने से 4 लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए. अधिकारियों ने बताया कि शनिवार और रविवार की दरम्यानी रात राजबाग के जोड़ घाटी गांव में बादल फटने से भारी नुकसान हुआ है. गांव तक पहुंचने का रास्ता बंद हो गया और लोगों की संपत्ति को काफी नुकसान हुआ है. कड़ी मशक्कत के बाद, पुलिस और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) की संयुक्त टीम घटनास्थल पर पहुंच पाई और राहत कार्यों में जुट गई है. अधिकारियों ने बताया कि अब तक 4 लोगों के शव बरामद किए जा चुके हैं जबकि छह अन्य को घायल अवस्था में बचाया गया है और उन्हें अस्पताल ले जाया जा रहा है. उन्होंने बताया कि कठुआ थाना क्षेत्र के बागड़ और चांगडा गांवों और लखनपुर थाना क्षेत्र के दिलवान-हुतली में भी भूस्खलन हुआ लेकिन किसी बड़े नुकसान की खबर नहीं है. अधिकारियों ने बताया कि भारी बारिश के कारण ज़्यादातर जलाशयों का जलस्तर तेज़ी से बढ़ गया है और उझ नदी ख़तरे के निशान के पास बह रही है. ज़िला प्रशासन स्थिति पर कड़ी नज़र रखे हुए है और लोगों से जलाशयों से दूर रहने की अपील की गई है.

राजबाग के जोड़ घाटी गांव में बादल फटने से भारी नुकसान हुआ



## हिमाचल के मंडी और कुल्लू में फ्लैश फ्लड से भारी नुकसान, शिमला-मंडी सड़क धंसी

**शिमला ।** हिमाचल प्रदेश में मॉनसून का कहर लगातार जारी है. मंडी और कुल्लू जिलों में भारी बारिश और फ्लैश फ्लड की घटनाओं ने हालात बिगाड़ दिए हैं. मौसम विभाग ने आगामी 19 अगस्त तक राज्य के कई स्थानों पर भारी वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया है. आम लोगों से सतर्कता बरतने और नदी-नालों से दूर रहने की अपील की गई है. आपदा की मार झेल रहे मंडी जिला में एक बार फिर फ्लैश फ्लड ने भारी नुकसान पहुंचाया. औट थाना क्षेत्र के पनारसा, टकोली और नगवाई इलाक़ों में अचानक आए सैलाब से बाजारों में मलबा भर गया और कई दुकानों व घरों को भारी नुकसान हुआ. नाले में आई बाढ़ ने पनारसा में कोहराम मचाया है. इस फ़्लैश फ्लड से मंडी–कुल्लू राष्ट्रीय राजमार्ग भी बंद हो गया है, जिससे राहत व बचाव दलों को मौके पर पहुंचने में कठिनाई पेश आ रही है. पुलिस कंट्रोल रूम मंडी के अनुसार अभी तक जनहानि की सूचना नहीं है. प्रशासन ने लोगों को सतर्क रहने की हिदायत दी है. वहीं, टकोली क्षेत्र में आये सैलाब के बाद पंडोह बांध प्रबंधन ने जानकारी दी है कि व्यास नदी में पानी की आवक के आधार पर अतिरिक्त पानी छोड़ा जाएगा. ऐसे में आम जनता, पर्यटकों और कामगारों को व्यास नदी के किनारे से सुरक्षित दूरी बनाने की कड़ी सलाह दी गई है.



अपने ही देश में क्यों घिरे राष्ट्रपति ट्रंप

## जगह-जगह 'ट्रंप टेकओवर' के खिलाफ हो रहे प्रदर्शन

**एजेंसी ।नयी दिल्ली**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक तरफ रूस और यूक्रेन के बीच चल रही जंग को खत्म कराने में लगे हैं तो दूसरी ओर भारत समेत कई देशों पर भारी-भरकम टैरिफ लगा रहे हैं. लेकिन अमेरिका के भीतर ही लोकतंत्र समर्थकों ने राष्ट्रपति ट्रंप के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है और रिपब्लिकन पार्टी की नीतियों को लेकर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं.

**कांग्रेस का नक्शा बदलने का आरोप :** अमेरिका में शनिवार को श्रमिक समूहों और लोकतंत्र समर्थकों की तरफ से सैकड़ों रैलियां और कार्यक्रम आयोजित किए, जिनमें ट्रंप प्रशासन की तरफ से टेक्सास में रिपब्लिकन के पक्ष में कांग्रेस का नक्शा बदलने की कोशिशों का विरोध किया गया. ह्यूस्टन फेडरेशन टीचर्स के अध्यक्ष जैकी एंडरसन ने टेक्सास में एक विरोध प्रदर्शन के दौरान कहा, 'हम निश्चित रूप से नहीं चाहते कि राष्ट्रपति हमारे राज्य पर कब्ज़ा करें और हमारे राज्य के प्रतिनिधियों का इस्तेमाल करके, सीटों पर कब्ज़ा करके चुनावों में धांधली करें. हम लोकतंत्र चाहते हैं.

इलिनोइस के शिकागो में प्रदर्शनकारी जेम्स शॉएर्टे ने कहा, 'हमें व्हाइट हाउस में बैठकर धमकाने वाले और पूरे टेक्सास को बांटने वाली ट्रंप की कोशिशों के खिलाफ खड़ा होना होगा.' ओकलैंड, कैलिफोर्निया और न्यूयॉर्क सिटी जैसे शहरों में भी ट्रंप की नीतियों के खिलाफ इस तरह के विरोध प्रदर्शन हुए हैं. हालांकि कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम खुद रिपब्लिकंस को जवाब देने के लिए अपने राज्य में चुनावी जिलों की सीमाएं बदलने पर विचार कर रहे हैं.

### अफगानिस्तान में 4.9 तीव्रता का भूकंप

**नयी दिल्ली ।** अफगानिस्तान में शनिवार देर रात 4.9 तीव्रता का भूकंप आया. राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) के अनुसार, भूकंप का केंद्र जमीन के 10 किलोमीटर उथली गहराई में रहा. इससे पहले भी अफगानिस्तान में 13 और 8 अगस्त को भूकंप आया था. 13 अगस्त को 10 किलोमीटर की गहराई पर 4.2 तीव्रता का और आठ अगस्त को 10 किमी की गहराई पर 4.3 तीव्रता का भूकंप आया था. एनसीएस के अनुसार, उथले भूकंप आमतौर पर गहरे भूकंपों की तुलना में ज्यादा खतरनाक होते हैं. ऐसा इसलिए है क्योंकि उथले भूकंपों से आने वाली भूकंपीय तरंगों की सतह तक पहुंचने की दूरी कम होती है.

## पाकिस्तान में ट्रेन हादसा, एक की मौत, कई घायल

**एजेंसी ।नयी दिल्ली**

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में रविवार को हुए एक ट्रेन हादसे में एक यात्री की मौत हो गई और कई अन्य घायल हैं. एक अधिकारी ने बताया कि रविवार को पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में एक ट्रेन के कई डिब्बे पटरी से उतर जाने से कम से कम एक यात्री की मौत हो गई और 25 अन्य घायल हो गए. पेशावर से कराची जा रही आवाम एक्सप्रेस लाहौर से



लगभग 400 किलोमीटर दूर पंजाब के लोधरान जिले में पटरी से उतर गई. उन्होंने कहा, 'ट्रेन के लगभग चार डिब्बे पटरी से उतर गए, जिसमें एक यात्री की मौत हो गई और 25 घायल हो गए.' घायलों में तीन यात्रियों की हालत बेहद गंभीर है. इस महीने पंजाब में ट्रेन के पटरी से उतरने की यह तीसरी घटना है. पिछले सोमवार को, लाहौर के रायविंड में मूसा पाक एक्सप्रेस के दो डिब्बे और इंजन पटरी से उतर जाने से पांच यात्री घायल हो गए थे. दुर्घटना के समय ट्रेन लाहौर से मुल्तान जा रही थी.

### प्रदर्शनकारियों की पुलिस से हुई झड़प

**नयी दिल्ली ।** सर्बिया में लगातार हो रहे हिंसक प्रदर्शनों के बीच शनिवार को हालात और बिगड़ गए. प्रदर्शनकारियों की राजधानी बेलग्रेड और पश्चिमी सर्बिया के शहर वाल्जेवो में पुलिस के साथ झड़प हो गई. वाल्जेवो में गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति अलेक्सांद्र वुसिक के खिलाफ नारे लगाए और सत्तारूढ़ पार्टी सर्बियन प्रोग्रेसिव पार्टी के दफ्तर में आग लगा दी. इसके बाद दंगा पुलिस से भिड़ंत हो गई. पुलिस ने भीड़ को रोकने के लिए आंसू गैस के गोले दागे और गोलियां चलाईं. जवाब में प्रदर्शनकारियों ने पत्थर, बोतलें और आगजनी की. बेलग्रेड में भी शाम को ऐसी ही झड़पें हुईं, जहां प्रदर्शनकारियों ने कूड़ेदान में आग लगा दी.







स्वत्वाधिकारी लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप कुमार सिंह, क्वार्टर नंबर सी-90, पोस्ट-नावागढ़, थाना-बरोरा, हरिणा कॉलोनी, धनबाद-828306, झारखंड द्वारा फ्लैट नंबर 2ए, सेकेंड फ्लोर, सिंगारो मेनन अपार्टमेंट,चूना भट्ठा, एचबी रोड कोकर, नियर डिस्टिलरी पुल, बिरसा समाधि स्थल) रांची-834001, झारखंड से प्रकाशित और शिवसाई पब्लिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड, रातू, काठीटांड़, टेंडर बगीचा रातू, रांची - 835222 झारखंड द्वारा मुद्रित. **संपादक : संजय कुमार सिंह.*** फोन नंबर 0651-2913385, 9142897989 (***पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार**).
आरएनआई नं : JHAHIN/2023/84487, ई-मेलः shubhamsandeshnews@gmail.com धनबाद ब्यूरो : ओजोन सेंटर,थर्ड फ्लोर, कमरा नं-306 अशोकनगर, बैंक मोड़, धनबाद-828106. फोन नं – 9431145133.ई मेल-sandeshsubham23@gmail.com.